सूर्योदय 5:29 सूर्यास्त 7:05

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.0 न्यू | 27.5 अधि |
| धर्मशाला | 20.9 न्यू | 32.9 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 72987.03 |
| निफ्टी | 22200.55 |
| सोना 71,560 | चांदी 87,600 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



शबाना आजमी 'फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन' से सम्मानित

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 16 मई, 2024 | 3 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 148, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

अनंत ज्ञान अपील: **आपका वोट, आपकी पसंद, आपका भविष्य**

## आज का मैच



सनराइजर्स हैदराबाद vs गुजरात टाइटंस

समय: रात 7:30 बजे (हैदराबाद)

# कांग्रेस का विपक्ष बनना भी मुश्किल : मोदी

## नासिक के डिंडोरी में बोले पीएम- कांग्रेस के लिए अल्पसंख्यक का मतलब सिर्फ वोट बैंक

**एजेंसी, नासिक**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को नासिक के डिंडोरी में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान मोदी ने कांग्रेस पर कई बड़े आरोप लगाए।

उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस यह लोकसभा चुनाव इतनी बुरी तरह से हार रही है कि उसका संविधान के तहत विपक्ष में बना रहना भी मुश्किल हो जाएगा। कांग्रेस धर्म के आधार पर बजट का बंटवारा करना चाहती थी। कई साल पहले कांग्रेस ने धर्म के आधार पर बजट को बांटने के लिए हरी झंडी दिखा दी थी। बजट का इस प्रकार से टुकड़े करना बेहद खतरनाक हो सकता है।

कांग्रेस के लिए अल्पसंख्यक का मतलब सिर्फ वोट बैंक है। कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहती थी। कांग्रेस ने धर्म के आधार पर देश को बांटा। आज भी कांग्रेस धर्म के आधार भांति-भांति के बंटवारे करने में लगी हुई है। उन्होंने एक किस्सा सुनाते हुए कहा कि मैं जब मुख्यमंत्री था, तब कांग्रेस चाहती थी कि देश के कुल बजट का 15 प्रतिशत सिर्फ मुसलमानों पर खर्च हो। उस वक्त मैंने इसका पुरजोर विरोध किया था। पूरी भाजपा ने विरोध किया, इसलिए वे अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाए। बाबा साहेब अंबेडकर धर्म के आधार पर आरक्षण देने के खिलाफ थे, लेकिन कांग्रेस एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय का आरक्षण छीनकर अपने वोट बैंक को देना चाहती है।



महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन के एक नेता ने सुझाव दिया था कि महाराष्ट्र के छोटे-छोटे दलों को चुनाव के बाद कांग्रेस में विलय कर लेना चाहिए। मतलब नकली शिवसेना और नकली एनसीपी कांग्रेस में विलय कर लेंगी।

जब ऐसा होगा तो मुझे सबसे अधिक बाला साहेब ठाकरे याद आएंगे। बाला साहेब कहते थे कि जिस दिन उन्हें लगेगा कि शिवसेना कांग्रेस बन गई है, उस दिन वह शिवसेना को खत्म कर देंगे। मतलब अब नकली शिवसेना का नामोनिशान नहीं रहेगा।

### आपकी सेवा ही मेरे जीवन का लक्ष्य

**पीएम** ने कहा कि आपकी सेवा करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य है। कल काशी में मैंने बाबा विश्वनाथ और काल भैरव का नाम लेकर नामांकन किया और आज यहां त्र्यंबकेश्वर और कालाराम की धरती पर हूं। आपकी सेवा ही मेरे जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी गरीबों को बिना किसी भेदभाव के मुफ्त राशन, नल का पानी, पक्के घर और गैस कनेक्शन उपलब्ध करा रहे हैं।

# सत्ता में आने पर देंगे दस किलो मुफ्त अनाज : खड़गे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि केंद्र में यदि उनकी सरकार बनती है तो गरीबों को हर महीने 10 किलो राशन दिया जाएगा। खड़गे ने ट्वीट कर कहा, ''मोदी सरकार गरीबों को फ्री में 5 किलो राशन दे रही है, लेकिन यदि विपक्षी गठबंधन की सरकार केंद्र में बनती है तो हम गरीबों को हर महीने पांच नहीं, 10 किलो राशन देंगे।''



इस बीच पार्टी नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी मुफ्त राशन को लेकर कहा कि यह गरीबों का हक है और कांग्रेस ने ही गरीबों को तो हक दिया है। उन्होंने कहा, ''जनता को राशन मिलता है क्योंकि इस देश में हर नागरिक को भोजन का अधिकार मिला हुआ है। अनाज किसानों का उगाया हुआ, वितरण में खर्च होने वाला धन जनता का, क्या भाजपा सरकार जनता का थोड़ा सा धन जनता पर खर्च करके उसे ही बंधक बनाना चाहती है।''

उन्होंने कहा, 'महात्मा गांधी कहते थे कि सरकार का काम है गरीब के आंसू पोंछना। आज उसका एकदम उल्टा हो रहा है। जो गरीब है, उसका जीना मुश्किल हो गया है।'

## न्यूज शॉर्ट्स

### सुप्रीम कोर्ट से न्यूज क्लिक के संस्थापक को जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने न्यूज क्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद जमानत की शर्तें तय करते हुए उनको एक लाख रुपए का मुचलका भरने का आदेश दिया। एडिशनल सेशंस जज हरदीप कौर ने प्रबीर पुरकायस्थ को बिना कोर्ट की इजाजत के देश नहीं छोड़ने का आदेश दिया। वह गवाहों और मामले के सरकारी गवाह अमित चक्रवर्ती से संपर्क नहीं करेंगे। साथ ही वह केस की मेरिट के बारे में कोई बात नहीं करेंगे। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने प्रबीर पुरकायस्थ की गिरफ्तारी को अवैध करार देते हुए उन्हें रिहा करने का आदेश दिया।

### सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 30 मई तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला के



सीबीआई से जुड़े मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 30 मई तक बढ़ा दी है। आज सिसोदिया की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये कोर्ट में पेश किया गया। ईडी ने मनीष सिसोदिया को 9 मार्च को पूछताछ के बाद तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। सिसोदिया को पहले सीबीआई ने 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था।

### अरुणाचल प्रदेश से उग्रवादी गिरफ्तार

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले के लकटोंग से एनएससीएन (आईएम) के एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया गया है। अरुणाचल पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर लकटोंग में असम राइफल्स और असम पुलिस की एक टीम ने संयुक्त अभियान चलाकर उसे गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कैडर की पहचान संगठन के स्वयंभू सार्जेंट वांगमुन खिम्हुन के रूप में हुई है।

### कानपुर में 10 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**कानपुर।** दिल्ली, नोएडा एवं लखनऊ के बाद अब कानपुर के भी दस स्कूलों को बम से उड़ाने वाली ई-मेल आई है। सूचना पर सक्रिय हो चुकी पुलिस मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। यह जानकारी अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था हरिश्चंद्र ने दी। प्राथमिक जांच में पाया गया कि रूस के सर्वर से ई-मेल जनरेट की गई थी। इस तरह की मेल दिल्ली, जयपुर, नोएडा, लखनऊ में भी मेल के माध्यम से धमकी दी जा चुकी है।

### चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण बंद

**देहरादून।** उत्तराखंड में इस समय चल रही चारधाम यात्रा को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। यात्रियों की भारी भीड़ की वजह से 15 और 16 मई को ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन बंद रहेंगे। चारधाम यात्रा को लेकर ये रजिस्ट्रेशन हरिद्वार और ऋषिकेश में हो रहे थे। इस समय हजारों तीर्थयात्री पहले से ही हरिद्वार और ऋषिकेश में फंसे हुए हैं।

## अनंत व्यंग्य




# पहली बार सीएए के तहत 14 लोगों को मिली भारतीय नागरिकता

**एजेंसी, नई दिल्ली**

नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के तहत 14 शरणार्थियों को नागरिकता प्रमाणपत्र का पहला सेट बुधवार को राजधानी दिल्ली में सौंपा गया है। केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने ये प्रमाणपत्र लोगों को सौंपे। इससे पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के गैर मुस्लिम प्रवासियों को भारतीय राष्ट्रीयता देने की प्रक्रिया शुरू हो गई। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) इस साल 11 मार्च को देश में लागू हो गया था। नागरिकता संशोधन विधेयक 2019 को संसद द्वारा पारित किया गया था। सीएए के जरिए पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों से संबंधित अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता लेने में आसानी होगी।

कानून में छह धर्मों (हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई) और तीन देशों (अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान) से संबंधित व्यक्तियों के लिए 11 वर्ष की जगह छह वर्ष तक का समय है।



'पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से धार्मिक प्रताड़नाओं के कारण भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई बहनों-भाइयों को सीएए कानून के तहत आज से भारत की नागरिकता मिलनी शुरू हो गई है। इस ऐतिहासिक फैसले से देश में दशकों से पीड़ित करोड़ों लोगों को उनकी पहचान मिल सकेगी। मोदी की गारंटी मतलब, गारंटी पूरा होने की गारंटी। **–अनुराग ठाकुर, केंद्रीय मंत्री**

# हिमाचल में 65 उम्मीदवारों के नामांकन सही

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन पत्रों की छंटनी के बाद 65 उम्मीदवारों के नामांकन सही पाए गए। चार संसदीय क्षेत्रों में 40 और विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनावों के लिए कुल 25 उम्मीदवारों के नामांकन सही रहे।

निर्वाचन विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि संसदीय क्षेत्रों के 51 उम्मीदवारों के कुल 80 नामांकन प्रपत्रों में से 40 प्रपत्र आज हुई छंटनी के उपरांत सही पाए गए। संसदीय क्षेत्र कांगड़ा में कुल 23 नामांकन प्रपत्रों में से छंटनी के बाद 11 नामांकन, मंडी में 22 में से 10, हमीरपुर में 20 में से 12 तथा शिमला में कुल 15 नामांकन प्रपत्रों में से 7 नामांकन प्रपत्र सही पाए गए। प्रवक्ता ने कहा कि कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में बहुजन समाज पार्टी के विजय कुमार, कांग्रेस के आशीष बुटेल जो दोनों अपने दलों के कवरिंग प्रत्याशी और निर्दलीय उम्मीदवार संजय कुमार राणा के प्रपत्र रद्द किए गए हैं।



मंडी संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस के सुंदर सिंह ठाकुर और भाजपा के गोविंद सिंह ठाकुर जो दोनों अपने दलों के कवरिंग प्रत्याशी और निर्दलीय उममीदवारों लायक राम नेगी और सुख राम के प्रपत्र रद्द किए गए हैं। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में बसपा के रतन चंद कटोच, कांग्रेस की अंजना देवी, भाजपा के वीरेंद्र कंवर के नामांकन रद्द किए गए, जो सभी कवरिंग उम्मीदवार थे। इसी प्रकार शिमला संसदीय क्षेत्र में भाजपा की कवरिंग प्रत्याशी रीना कश्यप का नामांकन रद्द किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि छः विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उप-चुनावों में 33 उम्मीदवारों के कुल 35 नामांकन प्रपत्रों में से 25 नामांकन प्रपत्र सही पाए गए।

उन्होंने बताया कि धर्मशाला, लाहौल-स्पीति जबकि सुजानपुर में 8 उम्मीदवारों द्वारा भरे गए 9 प्रपत्रों में से 8 प्रपत्र, बड़सर में 3 में से 3, गगरेट में 8 में से 7 नामांकन प्रपत्र सही पाए गए। उन्होंने बताया कि धर्मशाला में कांग्रेस के सुरेश कुमार, लाहौल-स्पीति में कांग्रेस के अनिल कुमार और गगरेट में कांग्रेस की रेणु कालिया के नामांकन प्रपत्र रद्द किए गए, जो सभी कवरिंग प्रत्याशी थे। उन्होंने बताया कि सुजानपुर व बड़सर में सभी नामांकन प्रपत्र सही पाए गए।

## झारखंड के कैबिनेट मंत्री आलम गिरफ्तार

**एजेंसी, रांची**



36 करोड़ रुपए की नकदी बरामदगी का मामला इन दिनों चर्चा में है। मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री और कांग्रेस नेता आलमगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया है। ईडी ने हाल ही में उन्हें पूछताछ के लिए रांची दफ्तर तलब किया था।

इससे पहले 14 मई को कांग्रेस नेता आलम धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए मंगलवार को ईडी के सामने पेश हुए थे। राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलम सुबह करीब 11 बजे ईडी कार्यालय पहुंचे थे। उनसे नौ घंटे पूछताछ हुई थी। आलम ने दफ्तर पहुंचने से पहले पत्रकारों से बात की थी।

ईडी ने हाल ही में, आलम के सचिव संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर आलम, बिल्डर मुन्ना सिंह और उनके करीबियों समेत नौ ठिकानों पर छापेमारी की थी।

## इलाहाबाद उच्च न्यायालय में कृष्ण जन्मभूमि मामले में सुनवाई आज भी जारी रहेगी

**एजेंसी, प्रयागराज**

मथुरा स्थित कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में बुधवार को हिंदू पक्ष ने दलील दी कि यह संपत्ति एक हजार साल से अधिक समय से भगवान कटरा केशव देव की है और सोलहवीं शताब्दी में भगवान कृष्ण के जन्म स्थल को ध्वस्त कर ईदगाह के तौर पर एक चबूतरे का निर्माण कराया गया था। हिंदू पक्ष की ओर से कहा गया कि वर्ष 1968 में कथित समझौता कुछ और नहीं है, बल्कि सुन्नी सेंट्रल बोर्ड और इंतेजामिया कमेटी द्वारा की गई एक धोखाधड़ी है।



इसमें कहा गया है कि वर्ष 1968 का कथित समझौता वादी के संज्ञान में 2020 में आया और संज्ञान में आने के तीन साल के भीतर यह वाद दायर किया गया है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय में इस मामले में सुनवाई वीरवार को भी जारी रहेगी।

## उत्तराखंड सरकार को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड सरकार को बुधवार को फटकार लगाई है। अदालत ने कहा कि जंगल की आग को काबू करने में राज्य की कार्रवाई चिंताजनक है। न्यायमूर्ति बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने उत्तराखंड के मुख्य सचिव को 17 मई को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के लिए कहा है।

पीठ में न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी और न्यायमूर्ति संदीप मेहता भी शामिल हैं। पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि कई योजनाएं तैयार की जाती हैं, लेकिन कदम कोई भी नहीं उठाए जा रहे हैं। साथ ही शीर्ष अदालत ने वन विभाग में भारी रिक्तियों के मुद्दे को भी उठाया और कहा कि पदों को भरने पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। पिथौरागढ़ वन प्रभाग में पिथौरागढ़, गंगोलीहाट, बेड़ीनाग, डीडीहाट, अस्कोट, धारचूला, मुनस्यारी रेंज हैं। इसमें डीडीहाट रेंज आग की दृष्टि से सबसे अधिक संवेदनशील हैं।

**कहा-'जंगल की आग को काबू करने में राज्य की कार्रवाई चिंताजनक'**

## भ्रष्टाचार मामले में इमरान खान को मिली जमानत

**कराची ।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और क्रिकेटर इमरान खान को बड़ी राहत मिली है। इस्लामाबाद की एक अदालत ने 190 मिलियन पाउंड के भ्रष्टाचार मामले में उन्हें जमानत दे दी।

इमरान खान के वकील ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी है, हालांकि जमानत मिलने के बाद भी इमरान को अभी जेल में ही रहना पड़ेगा। दरअसल इमरान खान अब भी सिफर और इद्दत मामले में सजा काट रहे हैं।

## यूनेस्को ने रामचरित मानस और पंचतंत्र को दी मान्यता

**एजेंसी, नई दिल्ली**

गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस और पंचतंत्र की कथाओं को अब पूरी दुनिया में मान्यता मिल गई है। रामचरितमानस की सचित्र पांडुलिपियां और पंचतंत्र दंतकथाओं की 15वीं शताब्दी की पांडुलिपि को यूनेस्को ने अपने 'मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रीजनल रजिस्टर' में स्थान दिया है। 2024 के संस्करण में एशिया पैसिफिक की 20 धरोहरों को शामिल किया गया है, जिनमें रामचरित मानस और पंचतंत्र के साथ ही सहृदयालोक-लोकन की पांडुलिपि भी है।




यूनेस्को की यह घोषणा ऐसे समय हुई है जब अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बन चुका है और रोज लाखों राम भक्त अपने राम लला के दर्शन कर धन्य हो रहे हैं।

## दोस्त के साथ खड्ड में नहाने गए छात्र की मौत

**शाहपुर।** कांगड़ा जिले के शाहपुर के ततवानी के खबल गांव के पास खोली खड्ड में नहाते हुए एक युवक की जान चली गई। मृतक की पहचान प्रतीक उर्फ राहुल (19) पुत्र अशोक कुमार निवासी गोरडा के तौर पर हुई है। वह आईटीआई शाहपुर में पढ़ाई कर रहा था। अपने दोस्त के साथ ट्रैक्टर में घूमने निकल गया। खब्बल के साथ बहती खड्डु में नहाने के दौरान उसकी डूबने से मौत हो गई। स्थानीय विधायक एवं उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने प्रतीक के निधन पर दुख व्यक्त किया है।

# हिमाचल में विभिन्न सड़क हादसों में चार की मौत

**अनंत ज्ञान टीम, कुल्लू गोहर/सरकाघाट/नादौन**

हिमाचल प्रदेश में बुधवार को हुए विभिन्न सड़क हादसों में चार लोगों की मौत गई, जबकि कई घायल हो गए। पहले मामले में पर्यटन नगरी मनाली की अटल टनल रोहतांग के समीप सड़क हादसे में एक पर्यटक की मौत हो गई, जबकि अन्य 18 घायल हो गए हैं।

सड़क हादसा मनाली-लाहौल सड़क मार्ग पर हुआ जब पर्यटकों से भरी टैंपो ट्रेवलर मनाली की तरफ आ रही थी। टैंपो ट्रेवलर जब धुंदी पहुंची तो चालक गाड़ी से अपना नियंत्रण खो बैठा और गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। वहीं, मंडी के गोहर में चैलचौक-जंजैहली सड़क मार्ग पर लंबाथाच से चार किलोमीटर आगे बगलयारा मोड़ पर एक फोर व्हीलर के गहरी खाई में लुढ़क जाने से दो भाइयों में से एक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया है।



गोर में दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी।

एक अन्य मामले में घुमारवीं नगर परिषद के तहत जोहड़ का मोड़ स्थान पर रेत-बजरी से भरे तेज रफ्तार से आ रहे टिप्पर चालक ने सड़क किनारे जा रहे एक युवक को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। मृतक की पहचान रितेश शर्मा (33) उर्फ कालू पुत्र बसंत सिंह गांव डबरोग वार्ड नंबर सात नगर परिषद सरकाघाट के तौर पर हुई है। एक अन्य सड़क हादसे में नादौन के भरमोटी तकियां में एक तेज रफतार कार ने पैदल चल रहे एक युवक को टक्कर मार दी, जिससे युवक को गंभीर चोटें आई।

गंभीर रूप से घायल युवक शुभम को एंबुलैंस द्वारा नादौन अस्पताल लाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता विजय कुमार आईटीबीपी में कार्यरत थे, जिनका बीते साल अप्रैल में बीमारी के चलते उनका निधन हो गया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार को 27 किलोमीटर दूर गलोड़ में पकड़ा लिया।

**हाय गर्मी** मैदानी इलाकों के साथ पहाड़ी क्षेत्रों के पारे में दो से तीन डिग्री का उछाल

# हिमाचल में सीजन का सबसे गर्म दिन, पारा 42°

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में मई महीने में ही पारा इतना ज्यादा चढ़ गया है कि लोगों के पसीने छूट रहे हैं। बुधवार को हिमाचल में सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। हमीरपुर के नेरी में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

पूरे प्रदेश में चटख धूप खिली रही। मैदानी इलाकों के साथ पहाड़ी क्षेत्रों के पारे में दो से तीन डिग्री का उछाल आया। बिलासपुर में बुधवार को अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री, धौलाकुआं में 39, बरठीं में 37.9, सुंदरनगर और मंडी में 36.9, कांगड़ा और चंबा में 36.7, हमीरपुर में 35.3, भुंतर में 34.4, सोलन में 32.4, जुब्बड़हट्टी में 30.5 और कसौली में 30.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। पहाड़ी इलाकों की बात करें तो शिमला में सीजन में पहली बार परा 27 डिग्री पार कर गया। यहां अधिकतम तापमान 27.5 डिग्री, मशोबरा में 25.9, कुफरी में 21.4, नारकंडा में 20.9 और केलांग में 19.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।



### कल से पश्चिमी विक्षोभ फिर से सक्रिय

17 मई को पश्चिमी विक्षोभ फिर से सक्रिय होगा, लेकिन इसके बावजूद मैदानी इलाकों में मौसम के तेवरों में कोई कमी नहीं आएगी। मौसम विभाग ने 17 से 20 मई तक मैदानी इलाकों को छोड़कर अन्य हिस्सों में बारिश व बर्फबारी की संभावना जताई है। मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में 18 व 19 मई को गरज के साथ वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

### न्यूनतम तापमान बढ़ने से रातें भी हुईं गर्म

**राज्य** में मौसम साफ रहने से न्यूनतम तापमान में भी उछाल आया है, जिससे रातें गर्म हो गई हैं। बुधवार को राज्य के औसतन न्यूनतम तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। शिमला का न्यूनतम तापमान 16 डिग्री पहुंच गया है। कुफरी में 14.1, सुंदरनगर में 14.5, भुंतर में 12, धर्मशाला में 20.9, ऊना में 17, नाहन में 19.7, केलांग में 3.9, मनाली में 4.6, कुकुमसेरी में 4.9, पालमपुर में 18 डिग्री, सोलन में 14.8, कांगड़ा में 18.4, मंडी व चंबा में 14.6, हमीरपुर में 15.6 और बिलासपुर में 15.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

**सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला**

## गर्भ में पल रहे भ्रूण को भी जीवित रहने का मौलिक अधिकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने 15 मई को बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने 20 वर्षीय अविवाहित महिला की 27 सप्ताह से अधिक के गर्भ को समाप्त करने की मांग करने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया और कहा कि गर्भ में पल रहे भ्रूण को भी जीवित रहने का मौलिक अधिकार है।



न्यायमूर्ति बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने महिला की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया, जिसमें दिल्ली उच्च न्यायालय के ती मई के आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें उसके गर्भ को समाप्त करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया गया था।

सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी और न्यायमूर्ति संदीप मेहता भी शामिल थे, ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा, 'हम कानून के विपरीत कोई आदेश पारित नहीं कर सकते। गर्भ में पल रहे बच्चे को भी जीने का मौलिक अधिकार है।'

# अनंत चुनावी बिसात

लोकसभा

## प्रिय पाठकों के लिए

### वोट के लिए आपके मन की बात



लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव की गहमागहमी शुरू हो चुकी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हिमाचल प्रदेश में पहली जून को वोटिंग होनी है। युवा, महिलाएं, व्यापारी, पेशेवर, नौकरशाह, मजदूर और उद्योगपतियों सहित अन्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय चुने जाने वाले नुमाइंदों और नई सरकार से क्या उम्मीद रखेंगे? इस विषय पर अपने विचार अधिकतम 50 शब्दों में लिखकर फोटो सहित 'अनंत ज्ञान' को भेजें। चयन के बाद आपके विचार प्रकाशित किए जाएंगे। ध्यान रहे, आरोपात्मक और नकारात्मक या व्यक्ति विशेष टिप्पणियों को स्थान नहीं दिया जाएगा।

आप अपनी राय हमें ई-मेल : editoranantgyaan @gmail.com पर भेज सकते हैं।

यदि आप व्यक्तिगत रूप से अपने विचार देना चाहते हैं तो व्हाट्सऐप नंबरः 8894521702 पर भी भेज सकते हैं।

# बड़सर उपचुनावः भितरघात के लपेटे में भाजपा और कांग्रेस

## बंद कमरे में बन रहीं सियासी रणनीतियां, कांग्रेस उम्मीदवार की एंट्री में देरी के बाद मुख्यमंत्री ने भरा वर्कर्स में जोश

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

ऑपरेशन लोटस को अंजाम तक पहुंचाने के लिए भाजपा को हरेक विधानसभा उपचुनाव की सीट जीतना जरूरी है, लेकिन बड़सर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की अंदरूनी सतह पर भितरघात का मसला अभी भी अनसुलझा ही दिख रहा है। देखने को तो मान-मन्नोव्वल का दौर मुकम्मल हो चुका है। पार्टी का संगठन भी साथ-साथ चल रहा है, लेकिन डर की स्थिति अभी भी पार्टी प्रत्याशी और उसके समर्थकों के लिए मुंह फुलाकर खड़ी है।





हालांकि भाजपा उम्मीदवार ने बहुत पहले से ही क्षेत्र में पार्टी बदलने के बाद नए माहौल का जायजा जमीन स्तर पर लेने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी, मगर विरोधियों की बंद कमरे में हो रही टीका-टिप्पणियां अभी भी सवाल खड़े कर रही हैं। रही सही कसर बीते रोज मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का चुनावी जनसभा में इंद्रदत्त लखनपाल पर किया गया जुबानी हमला कांग्रेस पार्टी की भीतरी सतह में वर्कर्स को बड़े स्तर पर 'बूस्ट' कर गया है। मुख्यमंत्री और अन्य नेताओं ने जिस बड़े स्तर पर भाजपा उम्मीदवार की बखियां उधेड़ने का काम किया है, उससे कांग्रेस के भीतर नए माहौल और संचार का भी वातावरण बना है, लेकिन यह स्थिति वोटरों पर कितना प्रभाव डाल पाएगी, इसकी भी आने वाले दिनों में जमीनी हकीकत दिखना शुरू हो जाएगी। भाजपा के भीतर कई तरह के किंतु-परंतु अभी भी चर्चा में हैं। कारण यह है कि तीन मर्तबा कांग्रेस के विधायक रहे इंद्रदत्त लखनपाल अब अचानक भाजपा के हो गए हैं।

ऐसे में पार्टी प्रत्याशी के रूप में यहां पर उनका चुनाव लड़ना और पार्टी कार्यकर्ताओं में चुनावी धार पैने तरीके में पिरोना इतना आसान भी नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### कांग्रेस को एकजुटता की जरूरत

**बड़सर** में इस बार राजनीतिक लड़ाई केवल बीजेपी-कांग्रेस के भीतर की नहीं है। इस बार जातीय समीकरणों का प्रभाव पहली बार देखा जा रहा है। कांग्रेस ने जिस चाल के जरिए अलग-अलग क्षेत्र से जातीय और क्षेत्रवाद के समीकरणों में जान फूंकने के लिए पार्टी प्रत्याशी के रूप में सुभाष ढटवालिया को मैदान में उतारा है। यह कांग्रेस के लिए निश्चित रूप में नई उम्मीदें संजोकर लाया है, लेकिन इसे जमीनी हकीकत पर उतारने के लिए न केवल कांग्रेस को एकजुटता के सूत्र में बंधना होगा, बल्कि 'इंद्रजाल' को भी भेदना उतना ही जरूरी रहेगा।

### जातीय आधार पर वोटरों का विभाजन

**बड़सर** में तकरीबन 81,403 मतदाता हैं। इनमें राजपूत वोटरों की तादाद 33,069 और ब्राह्मण वोटर 20,268 हैं। एससी वोटर 17,664 और ओबीसी 10,012 हैं। वोटरों का यही गणित इस इलाके में पहली मर्तबा नए माहौल में दिख रहा है। अभी तक पिछले 40 साल से कभी भी राजपूत और ब्राह्मण उम्मीदवारों के दरमियान चुनावी जंग नहीं हुई है। इसीलिए यहां का चुनावी माहौल जातीय समीकरणों के बीच नया अंदाज तैयार कर रहा है, लेकिन इन समीकरणों का दोनों ही दलों के प्रत्याशियों पर कितना असर पड़ेगा ? यह हकीकत इतनी आसानी से अभी पढ़ी नहीं जा सकती।

## चुनावी चुटकी

### वोट काटू हूं



**मैं** जीतने के लिए नहीं वोट काटने के लिए आया हूं। मैंने भी नामांकन दाखिल कर दिया है। यह नामांकन मेरी जीत के लिए नहीं है, लेकिन किसी की जीत में मेरा नामांकन मुख्य भूमिका निभाने वाला है। यह नामांकन मेरे आका के कहने पर हुआ है। किसी को जीतने से रोकना है इसलिए यह नामांकन हुआ है। राजनीति में भी कुछ ऐसे लोग होते हैं, जो इस भूमिका के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। ऐसे ही अपने मुन्ना भी हैं, जो इन दिनों नामांकन दाखिल करके अपनी दुकान चला रहे हैं। कहीं वोट मांगने भी नहीं जा रहे हैं। उन्हें मालूम है कि आका की पार्टी का जो निशान है उसपर कुछ लोगों की वोट तो पड़नी है। अगर मुन्ना चुनाव में नहीं आते तो हो सकता था, उनकी वजह से कोई दूसरा उम्मीदवार जीत हासिल कर जाए। अब वोट काटू नेता को न तो नामांकन रद्द होने का खतरा है और न ही अपने पक्ष में हवा बनाने की चिंता है। उन्हें सिर्फ नामांकन भरकर किसी तीसरे की जीत के लिए काम करना है। मुन्ना भी यही कर रहे हैं। रौनकी ताऊ मुन्ना के पास पहुंच गए और पूछने लगे कि क्या बात है आपने क्यों नामांकन भर दिया। रौनकी ताऊ ने यह भी पूछा कि अगर नामांकन भरा है तो प्रचार क्यों नहीं कर रहे हो। मुन्ना का जवाब सुनकर ताऊ भी हैरान है। उसका कहना है कि नामांकन दाखिल करके कुर्बानी दी है, इसके लिए ही तो किसी से दक्षिणा ली है।

-राजेश शर्मा

### मतलब है जनाब

**किसी** ने ठीक ही कहा है कि मतलब के लिए गधे को भी ?? बोलना पड़ता है। चुनावों के दौर में कई बेटे और हिमायती पैदा हो गए हैं। जिन परिवारों को पूछने वाला कोई नहीं था, उनको न जाने कितने हिमायती मिल गए हैं। इन परिवारों के लिए तो चुनाव वरदान बन गए हैं। पांच सालों तक जिन लोगों को कोई पूछने वाला नहीं था, उनको मदद के लिए बड़े नेता जी भी पहुंच रहे हैं। किसी की पत्नी के उपचार के लिए तो किसी की बेटी की शादी के लिए सहयोग को भुनाया जा रहा है। गरीबों का सोशल मीडिया पर सामाजिक जीवन का मजाक बनाया जा रहा है। यहां कौन सा उन्हें कोई देखने वाला है। नेता जिनकी फोटो लेकर सोशल मीडिया में चिपका रहे हैं, वे भी उसे देखने वाले नहीं हैं। अब कुछ ऐसे भी हैं, जो सालों तक मदद के लिए रोते रहे उन्हें ऐन मौके पर आंसू मिटाने वाले मिल गए हैं। रौनकी ताऊ भी यह सब देखकर बहुत चिंता में है। नेता को उन्होंने यह बोलते भी सुना है कि मतलब के लिए गधे को भी बाप बोल लूंगा। अभी तक तो मैंने कुछ को मां बनाया है और कुछ के साथ भाई का रिश्ता निभाया है। अब ताऊ की चिंता भी जायज है। उन्होंने भी हर चुनाव में ऐसी ठगी होते देखी है। चुनाव में जो माई बाप बनते हैं, वे बाद में खोजने पर भी नहीं मिलते हैं। ताऊ भी रिज से देख रहे हैं नजारा, क्या लोग फिर से ठगी का शिकार बनेंगे दोबारा।

# देश विरोधी ताकतें वजूद बचाने के लिए चला रहीं 'ठगबंधन' : जम्वाल

## भाजपा प्रवक्ता बोले- सारे विरोधी इकट्ठे तो समझ लेना राजा ईमानदार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता एवं सुंदरनगर विधायक राकेश जम्वाल ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व में भ्रष्ट और सनातन विरोधी अपने वजूद और राजनीतिक अस्तित्व को बचाने का अंतिम प्रयास कर रहे हैं। ये दल गठबंधन नहीं ठगबंधन हैं।



राकेश जम्वाल ने विपक्षी गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि लोकतंत्र का गला घोंटने का काम कांग्रेस की नेता और देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने किया और देश की सभी संस्थाओं को प्रतिबंधित कर देशभक्तों को जेल में डाल दिया। आज कांग्रेस के मुंह से यह बात शोभा नहीं देती कि यह चुनाव लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ा जा रहा है।

लोकतंत्र को जेल में डालने का काम कांग्रेस ने ही किया है। देश की जनता लोकसभा चुनाव में इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। उन्होंने कहा कि इस गठबंधन की मजबूरी है, उनकी राजनीतिक जमीन खिसकती चली जा रही है, जो पार्टी 414, 425 का बहुमत लेकर के कभी देश पर राज करती थी, वह 40 पर सिमट गई है। कांग्रेस की यह हालत उसकी अपनी करणी है, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना है।

### रामभक्त और राम विरोधियों के बीच का चुनाव

**राकेश** जम्वाल ने कहा कि यह चुनाव देश के स्वाभिमान का है, 2047 में भारत को विकसित भारत बनाने का चुनाव है, भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का चुनाव है, रामभक्त और राम विरोधियों के बीच में यह चुनाव है, यह चुनाव सनातन परंपरा और देश की संस्कृति का संरक्षण और संवर्धन करने वालों के और उसका विरोध करने वालों के बीच में है, यह चुनाव कांग्रेस के 2004 से 2014 का यूपीए मनमोहन सिंह का जो कार्यकाल रहा, यूपीए वन और यूपीए टू उस कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार घोटाले और 2014 से लेकर के 2024 के 10 साल मोदी सरकार के विकास और ईमानदार नेतृत्व में जो इस देश की छवि पूरी दुनिया में बनी है, उसके बीच का चुनाव है।

# धर्म और अधर्म की लड़ाई में धर्म की होगी जीतः देवेंद्र सिंह जग्गी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



नुक्कड़ सभा के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र सिंह जग्गी का स्वागत करते समर्थक।

धर्मशाला में होने वाला चुनाव महज एक चुनाव नहीं धर्म और अधर्म की लड़ाई है। पूर्व विधायक ने जनता के आत्मसम्मान और जनमत का अपमान कर घोर पाप किया है। भाजपा के हाथों अपना ईमान बेचने वाले के पास काला धन होगा और वह इस धन के बल पर मतदाताओं को गुमराम करने की कोशिश करेंगे, लेकिन कांग्रेस के पास जनबल है।

कांग्रेस का जनबल भाजपा के धनबल पर भारी पड़ेगा। धर्म और अधर्म की इस लड़ाई में धर्म की ही जीत होगी। यह बात कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र सिंह जग्गी ने बुधवार को आयोजित विभिन्न नुक्कड़ सभाओं के दौरान कही। देवेंद्र जग्गी ने अपने चुनाव प्रचार को गति प्रदान करते हुए बुधवार को चकवन ढगवार, धर्मकोट, भागसू नाग, दुशालनी और हीरू जोगीवाड़ा में नुक्कड़ सभाएं कर कांग्रेस की जनहितैशी नीतियों से अवगत करवाते हुए कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार ने पुरानी पेंशन बहाल कर ऐतिहासिक कदम उठाया है, ऐसा करने वाली प्रदेश सरकार पूरे देश में एकमात्र सरकार है।

इसके अतिरिक्त जग्गी ने इंदिरा गांधी प्यारी बहन सुख सम्मान योजना, सुख आश्रय, एकल नारी के लिए 3 लाख रुपए अनुदान, किसानों, पशुपालकों एवं बागवानों की लिए शुरू की गई अनेक योजनाओं का जिक्र करते हुए उन्हें जनहितैशी करार दिया। जग्गी ने कहा कि हिमाचल की जनता लोकसभा के चुनावों की तैयारी कर रही थी, लेकिन प्रदेश के 6 गद्दार विधायकों के कारण हिमाचल की जनता पर उपचुनावों का बोझ पड़ गया है।

# सीएम खजाना खाली होने का रोना छोड़ बताएं कैसे करेंगे विकास : सुधीर शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



धर्मशाला से भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने कहा कि एक तरफ सीएम सुक्खू पिछले डेढ़ साल से खजाना खाली होने का राग अलाप रहे हैं, तो वहीं चुनावों में फिर से लोगों को गुमराह करने का प्रयास भी कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सीएम को लोगों को बताना चाहिए कि अगर खजाना खाली है, तो प्रदेश का विकास किस तरह से होगा। उन्होंने कहा कि सीएम सुक्खू के पास न तो कोई विजन है, न ही धर्मशाला के विकास का कोई रोड मैप। इसलिए झूठे आरोप लगाकर जनता को ठगने का काम कर रहे हैं। सुधीर शर्मा ने कहा कि पीएम मोदी की अगुआई में आज भारत की पहचान विश्वगुरु के रूप में हो रही है। इसलिए लोग भाजपा की नीतियों से खुश हैं।

## नहीं हट रहा पूर्व में हुआ दीवार लेखन : नंदा

**शिमला।** भाजपा मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कहा कि भाजपा निर्वाचन आयोग के पास सीएम और डिपटी सीएम द्वारा विधानसभा चुनाव 2022 के चलते प्रचार के लिए वॉल राइटिंग और पार्टी के चिन्ह को दीवारों पर प्रकाशित करने बारे शिकायत दर्ज कर चुके हैं। हमारे अधिवता अंशुल बंसल और विवेक शर्मा लगातार आयोग से इस बात संपर्क में हैं पर अभी तक प्रदेश निर्वाचन आयोग ने कोई एक्शन नहीं लिया है। भाजपा द्वारा एक वीडियो भी साझा किया है, जिसमें साफ दिखता है कि ऊना के हरोली, जो कि उपमुख्यमंत्री का विधानसभा हलका है, में जगह-जगह वॉल राइटिंग हुई है, जिसे हटाया नहीं गया है।

# मुख्यमंत्री बड़े आदमी हैं, कोई भी बयान दे सकते हैं : इंद्रदत्त

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**



बड़सर भाजपा प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल ने बड़सर में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री बड़े आदमी हैं कोई भी बयान देते है।

अगर हमने अटैची लिए हैं, तो मुख्यमंत्री ही बता सकते हैं कि कहां अटैची लिए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा काम न करने के सवाल पर इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि अगर मुख्यमंत्री ने काम किए होते तो विधायक पार्टी छोड़कर नहीं जाते। जो कार्य बड़सर विधानसभा क्षेत्र में होने थे, वह पाइपलाइन में पड़े हैं। चाहे बड़सर में बस अड्डे की बात हो, सिविल अस्पताल बड़सर, 132 केवी सबस्टेशन, या परिवहन विभाग की बसों को शिफ्ट करने की बात है, उन कार्यों को मुख्यमंत्री ने सिरे नहीं चढ़ाया है।

## बीजेपी मुद्दों पर लड़ रही चुनाव : मंगलेट

**शिमला।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के समक्ष भाजपा में शामिल हुए पूर्व विधायक और कांग्रेस नेता सुभाष मंगलेट ने बुधवार को शिमला में दलबल के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है। इस दौरान जुब्बल कोटखाई से पूर्व जिला परिषद सदस्य शकुंतला ने भी भाजपा का दामन थामा। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने दोनों नेताओं और उनके समर्थकों का पार्टी में स्वागत किया। भाजपा में शामिल होते ही सुभाष मंगलेट ने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि कांग्रेस देश विरोधी काम कर रही है और भाजपा मुद्दों पर चुनाव लड़ रही है।

# हमने सनातन को चुना, विधायक की कुर्सी को नहीं : देवेंद्र भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



कुटलैहड़ के भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कुटलैहड़ कांग्रेस प्रत्याशी के गद्दार वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि धर्म और देश से बड़ा कोई नहीं होता है। हम ने धर्म और देश दोनों को साक्षी मानकर राज्यसभा के उस कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ बोट डाला है, जिसने सनातन धर्म को ही बदलने की चेष्टा की है।

हम 9 विधायकों ने सनातन धर्म का फर्ज निभाया है। अब देश का गद्दार कौन यह कुटलैहड़ के कांग्रेस प्रत्याशी जनता को बताएं। भुट्टो ने कहा कि जब 43 विधायकों वाली सुक्खू सरकार राज्यसभा चुनाव हारी और 25 विधायकों वाली भाजपा टॉस पर जीत गई। तब भी सीएम सुक्खू की आंखें नहीं खुलीं और हम छह विधायकों की सदस्यता रद्द कर दी। देवेंद्र कुमार भुट्टो ने भाजपा हाईकमान का आभार प्रकट करते हुए कहा कि हमें भाजपा ने अपनी सदस्यता देकर प्रत्याशी भी बनाया। उसके लिए भाजपा के शीर्षक नेतृत्व का आभार प्रकट करते है। भुट्टो ने कहा कि हम ने सनातन को चुना, विधायक की कुर्सी को नहीं।

# मैच फिक्सिंग करवाने वाले ब्रोकर की भूमिका में हर्ष महाजनः प्रेम कौशल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हर्ष महाजन के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता प्रेम कौशल ने हर्ष महाजन पर तीखा हमला बोला है। प्रेम कौशल ने कहा कि हर्ष महाजन मैच फिक्सिंग करवाने वाले ब्रोकर की भूमिका निभा रहे हैं। महाजन प्रदेश की राजनीति के खलनायक हैं। इस दौरान कांग्रेस प्रवक्ता ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को भी निशाने पर लिया।

नेता प्रतिपक्ष पर हमला बोलते हुए प्रेम कौशल ने कहा कि प्रदेश की जनता के जयराम ठाकुर अपराधी हैं। जयराम ठाकुर मंडी की राजनीति में बूरी तरह से फंस गए हैं और इन चुनावों के बाद जयराम ठाकुर नेता प्रतिपक्ष भी नहीं रहेंगे। हिमाचल कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा कि हर्ष महाजन की राजनीतिक परवरिश कांग्रेस पार्टी ने की। उन्हें तमाम बड़े पदों पर काम करने का कांग्रेस पार्टी ने मौका दिया, लेकिन आज कांग्रेस छोड़कर जाने के बाद जिस तरह की गैर जिम्मेदार आना बयानबाजी हर्ष महाजन कांग्रेस के खिलाफ कर रहे हैं वह अधर्म है। हर्ष महाजन का बयान की कांग्रेस पार्टी खत्म हो रही है इसलिए वह छोड़कर चले गए यह सरासर गैर जिम्मेदाराना है।

# यूपीए सरकार ने भ्रष्टाचारियों से 35 लाख और हमने 2200 करोड़ जब्त किएः कश्यप

**अनंत ज्ञान, शिमला**



भाजपा के शिमला संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने जनता से आगामी लोकसभा चुनावों में समर्थन मांगा और देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री बनने की जरूरत को बताया। ठियोग विधानसभा क्षेत्र के जनता से संवाद करते हुए, कश्यप ने क्षेत्र की समस्याओं और उनके समाधान के लिए अपने कार्यक्रमों का विस्तारपूर्वक चर्चा की।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस दलित, महादलित, आदिवासी के आरक्षण को उनसे लेकर मुसलमानों को देना चाहते हैं, यह देश ऐसे हरकत नहीं चलने देगा। भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का और सभी जातियों का एक समान विकास किया है, देश की प्रगति में जहां पंख लगे वहीं जातियों को अपना अधिकार भी मिला ऐसा देश में पहली बार हुआ। 2004 से 2014 तक यूपीए के दस साल में भ्रष्टाचारियों के यहां छापे में सिर्फ 35 लाख रुपए जब्त हुए थे।

पीएम मोदी ने जब सर्च किया तो दस वर्ष में 2200 करोड़ रुपए जब्त किए गए। इससे चोरों की नींद उड गई है। इसलिए भ्रष्टाचारी पीएम मोदी को गाली दे रहे है।

# 'अगर आप मुझे एक बार मारेंगे' तो मुझसे कई बार मार खाने के लिए तैयार रहेंः कंगना रनौत

**अनंत ज्ञान, शिमला**

मंडी लोकसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार अभिनेत्री कंगना रनौत का कहना है कि वह लड़ाई-झगड़े नहीं करतीं, लेकिन अगर कोई उन्हें एक बार मारता है, तो उसे उनसे कई बार मार खाने के लिए तैयार रहना चाहिए। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित कंगना ने मंडी लोकसभा सीट के लिए मंगलवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। इस संसदीय क्षेत्र में एक जून को मतदान होगा।

मंडी सीट से अपने प्रतिद्वंद्वी और कांग्रेस के उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह की टिप्पणियों का जिक्र करते हुए कंगना ने कहा कि चुनाव मुद्दों पर लड़ा जाना चाहिए, लेकिन अगर वह अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करते हैं, तो उन्हें उसी तरह की भाषा सुनने के लिए तैयार रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मेरे पिछले रिकॉर्ड को देखें, मैं किसी को भी चुनौती दे सकती हूं। यह बात मायने नहीं रखती कि मैंने कितनी लड़ाइयां लड़ीं, लेकिन हमेशा सबसे पहले मुझे निशाना बनाया जाता रहा है।

### मां बगलामुखी के दर नवाया शीश



**गरली।** बॉलीवुड की क्वीन एवं मंडी से लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी कगना रनौत बुधवार को चुनावों के बीच लगातार दूसरी बार मां बगलामुखी के ऐतिहासिक मंदिर पहुंचीं। इस दौरान कंगना रनौत ने मां बगलामुखी देवी का आशीर्वाद लिया और लोकसभा चुनावों में जीत के लिए पूजा-अर्चना भी की। इस दौरान मुख्य आचार्य दिनेश रत्न व अन्य पुजारियों ने उन्हें मां बगलामुखी के दर्शन करवा कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर मंदिर प्रबंधन की ओर से कंगना को माता की चुनरी और स्वरूप भेंट किया।

**रोष** प्रधान के समक्ष रखी बात; नहीं निकला हल, बोले- लोकसभा चुनाव का करेंगे बहिष्कार

# मतदान केंद्र बदलने पर बिफरे बढेड़ावासी

**अनंत ज्ञान, गलोड़**

नादौन विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 83 बढेड़ावासी इस बार सामुदायिक भवन के कमरा नंबर दो गांव जामन बाहल में अपना मतदान करेंगे। इससे पहले इस बूथ के 365 मतदाता, जिसमें 179 पुरुष और 186 महिला मतदाता राजकीय माध्यमिक पाठशाला बढेड़ा थाना स्कूल के कमरा नंबर दो में मतदान करते थे। यहां पर बूथ नंबर 82 के कुल 484 मतदाता हैं और बूथ नंबर 83 भी इसी जगह लगाया जाता था, मगर इस बार जब लोगों ने नई मतदाता सूचियां को देखा तो वे यह देखकर परेशान हो गए कि उनके मतदान केंद्र बूथ नंबर 83 को जामन बाहल के सामुदायिक भवन के कमरा नंबर दो में शिफ्ट कर दिया है और उन्हें जानकारी तक नहीं है।

इस विषय को लोग पंचायत प्रधान के संज्ञान में भी लेकर आए, मगर पंचायत प्रधान ने भी इस पर अपनी अनभिज्ञता जाहिर की।



लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का ऐलान करते हुए बढेड़ा के गांववासी।

उन्होंने लोगों से कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। लोगों का आरोप था कि बढेड़ा गांव के सड़क से एक तरफ अलग बूथ और सड़क के दूसरी ओर के लोग दूसरी जगह मतदान करेंगे, यह ठीक नहीं है। लोगों का कहना है कि इस बार बढेड़ा गांव के जिन लोगों को जामन बाहल में मतदान के लिए शिफ्ट किया गया है। वे इस बार मतदान का पूरी तरह बहिष्कार करेंगे। लगभग 25 से 28 परिवारों के लोगों ने इस बार मतदान नहीं करने का मन बना लिया है। लोगों का कहना है कि जब तक चुनाव आयोग व जिला प्रशासन उनकी बात नहीं सुनता तब तक कोई भी मतदान नहीं करेगा। गांववासियों अर्जुन सिंह, वरिंदर, राजीव, आदित्य, सौरभ, संदीप, सुरेंद्र नरेंद्र, विक्रम, जागीर, कपिल देव, संदीप कालिया, उर्मिला देवी, अनिल कुमार, सोमन, चंचल, प्रकाश जोशी, रसील सिंह, धर्म सिंह, पुष्पा, रंजना देवी, सुनीता कुमारी, रचना रानी, संजीव कुमार व अन्य लोगों ने पूरी तरह से मतदान न करने का ऐलान किया है। इस मामले पर स्थानीय पंचायत प्रधान राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि मतदान सूचियां आने के बाद ही उन्हें भी जानकारी मिली है।

लोग इसका विरोध कर रहे हैं कि उनकी जानकारी के बिना उनका बूथ क्यों बदल दिया गया। लोग उनसे भी संपर्क कर रहे हैं। मगर यह सब कार्रवाई चुनाव आयोग व इससे जुड़े हुए अधिकारियों के अधिकार क्षेत्र का विषय है। इस मामले पर एसडीएम नादौन अपराजिता चंदेल से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस बूथ को चुनाव आयोग से मिले दिशा-निर्देशों के तहत ही बदला गया है।

**मतदान का संदेश**




कटौला में ग्रामीण महिलाओं ने मतदान का संदेश दिया।

**जागरूकता अभियान**




'मा भी पाणा वोट' थीम के तहत लोगों को जागरूक करती नाचन विधानसभा की स्वीप टीम।

# कांग्रेस नहीं करती झूठ की राजनीतिः आनंद शर्मा

## भाजपा ने सिर्फ भाईचारे में लकीरें खींचने का किया काम

**बबलू पाठनिया, चुवाड़ी**

कांगड़ा-चंबा संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा ने बुधवार को भटियात विधानसभा क्षेत्र के हटली, बलाणा, मनहुता, रायपुर व ककीरा में कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें कीं। आनंद शर्मा ने भटियात में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा हमेशा झूठ का सहारा लेती है।

कांग्रेस पार्टी कभी भी झूठ की राजनीति नहीं करती है, जो कहती है, वह करती है। भाजपा ने जनता को ठगकर सत्ता हासिल की है। देश के हालात काफी बिगड़ चुके हैं। भाजपा ने पिछले दस साल में महंगाई, बेरोजगारी पर कभी बात नहीं की। केवल राम मंदिर व आपसी भाईचारे में लकीरें खींचने का काम किया है। हिंदू को मुसलमान से लड़ाया जा रहा। देश में बड़े प्रोजेक्ट के बारे में बात नहीं कर रहे हैं, जिससे युवाओं को रोजगार मिल सके। उन्होंने भटियात की जनता से अपील की है कि बूथ स्तर पर जाकर कांग्रेस की नीतियों के बारे में लोगों को जागरूक करें। (अनंत ज्ञान)

**कहा- भाजपा ने हमेशा झूठ का सहारा लिया**



जनसभा के दौरान मंच पर मौजूद कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा।

### भाजपा ने कभी नहीं उठाई चंबा की आवाज

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि आनंद शर्मा इससे पहले चार बार राज्यसभा सांसद रह चुके हैं। आनंद शर्मा चंबा-चुवाड़ी सुरंग, होली-उत्तराल सुरंग, पांगी-चौहणी सुरंग की आवाज संसद में उठाएंगे। भाजपा के सांसदों ने कभी भी चंबा जिला की आवाज को नहीं उठाया, जिसका खामियाजा आज जनता भुगत रही है। कांग्रेस की सरकार बनते ही आपदा राशि को डेढ़ लाख से चार लाख रुपए किया जाएगा। वहीं, भटियात की विभिन्न पंचायतों के 55 परिवारों ने कांग्रेस का हाथ थामा है। सभी परिवारों को विश्वास दिलाया कि कांग्रेस पार्टी आपके साथ सदैव कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय सिंह कंवर, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुनाष सिंह पठानिया, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष संदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# कर्मचारी विरोधी है कांग्रेस नीयत में खोट : जयराम

## भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ के कार्यक्रम में सरकार पर साधा निशाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शिमला में भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ के कार्यक्रम में कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सभी वर्गों का खास ख्याल रखा है, जबकि प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार कर्मचारी विरोधी है।

छठे वेतन आयोग का लाभ न मिलने पर बिजली बोर्ड के पेंशनर्स गुस्से में हैं, लेकिन प्रदेश सरकार गहरी नींद में सो रही है। लोकसभा चुनाव से पहले हिमाचल प्रदेश में बिजली बोर्ड पेंशनरों का हो-हल्ला शुरू हो गया है। पेंशनर्स की मांगें पूरी न होने से चुनाव के बहिष्कार की धमकी दे रहे हैं। कांग्रेस जो वादा करती है, वह कभी पूरा नहीं करती है और ऐसे एक नहीं कई उदाहरण हैं, जिसे यह सिद्ध होता है कि इस सरकार की नीयत में ही खोट है। इस अवसर पर कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष घनश्याम शर्मा भी मौजूद रहे।

**बिजली बोर्ड के पेंशनर्स गुस्से में सरकार गहरी नींद में सो रही**



शिमला में भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ कार्यक्रम में उपस्थित नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेशाध्यक्ष डॉ. बिंदल व अन्य।

### जनता को पीएम की नीति और नीयत पर पूरा विश्वास : बिंदल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि देश की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति, नीयत और नेतृत्व पर विश्वास है। मोदी जो कहते हैं, वह करके दिखाते हैं। प्रधानमंत्री के पिछले दस साल के कार्यकाल में 51.40 करोड़ रोजगार का सृजन हुआ। इनमें 19.79 करोड़ रोजगार का सृजन सरकार की विभिन्न स्कीम व नीतियों की वजह से हुआ, तो 31.61 करोड़ रोजगार बैंकों की तरफ से कारोबार के लिए दिए गए कर्ज की वजह से संभव हो सका। वहीं, भाजपा मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कहा कि भाजपा लगातार निर्वाचन आयोग को कांग्रेस के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री की ओर से विधानसभा चुनाव 2022 के चलते प्रचार के लिए वॉल राइटिंग और पार्टी के चिन्ह को दीवारों पर प्रकाशित करने के बारे में शिकायत दर्ज कर चुके हैं। हमारे अधिवक्ता अंशुल बंसल और विवेक शर्मा लगातार आयोग से संपर्क में है, लेकिन आयोग ने कोई एक्शन नहीं लिया है। आयोग को चिट्ठियां भी लिखी हैं और शिकायत भी दर्ज की है।

## कैसा हो हमारा प्रतिनिधि...



सरकार किसी भी दल की बने, लेकिन निजी क्षेत्र में काम करने वाले लोगों की तरफ किसी का ध्यान नहीं जाता। न विधानसभा में चर्चा होती है और न ही नीतियां बनाई जाती हैं। प्रदेश के लगभग 30 लाख युवा निजी क्षेत्र में काम करते हैं। सरकार को इस विषय पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। यह वही युवा हैं, जिन्होंने लोकसभा उपचुनाव में अपना रूप दिखाया था।
**चंदन, मंडी।**



जनता को अपना प्रत्याशी चुनने में हमेशा परेशानियों को सामना करना पड़ता है, क्योंकि प्रत्याशी विदेशों की तर्ज पर यहां जनता की अदालत में डिबेट नहीं करता है। हम युवा सरकार से यही मांग करते हैं कि संसद में बिल लाकर जनता की अदालत में डिबेट करवाना आवश्यक किया जाए।
**अर्जुन, मंडी।**



अभी भी हमारी भौगोलिक परिस्थितियां बहुत कठिन हैं। आज तक किसी भी सांसद ने कोई बात नहीं की है। आज समय दूरियां कम करने का है, हमारा एक पड़ोसी देश पहाड़ों में सीसे के मार्ग तक बना चुका है, लेकिन हम अभी भी सडक़ मार्ग को दुरुस्त नहीं कर पाए हैं। देश में केवल राजनीति की जाती है, काम कम होता है।
**पवन कुमार, मंडी।**



युवा बेरोजगारों में एक असुरक्षा की भावना आ चुकी है। रोजगार न मिलने से कई युवा मजदूरी कर रहे हैं। युवाओं के प्रति ईमानदार सोच रखने वाले प्रत्याशी को वोट देंगे। युवाओं को भी चुनाव के समय पूरे विवेक का इस्तेमाल करके मताधिकार का उपयोग करना चाहिए।
**मनीष कुमार, संसदीय क्षेत्र हमीरपुर।**



लोकसभा के चुनाव हो या विधानसभा के चुनाव हो। हम राजनीति में उन नेताओं को लाना चाहते हैं जो गांव की समस्याओं को गंभीरता से सदन में उठा सकें। आज के जमाने में युवा पढ़े-लिखे नौजवान व राजनीति में सुलझे आदमी को मौका मिलना चाहिए।
**जगत राम, भरमौर।**



आज के जमाने में सेलिब्रिटी लोगों को मौका मिलना चाहिए, जो दिखता है वह बिकता है। बड़े चेहरे को मौका मिलेगा, तो आसानी से जीत जाएंगे। हम चाहते हैं कि ये लोग जीतने के बाद क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर लोकसभा के सदन में उठाएं और क्षेत्र का विकास करवाएं।
**आरके शर्मा, भरमौर।**



हमारे संसदीय क्षेत्र में बीते 10 साल में काफी हुआ है। बात चाहे स्वास्थ सुविधाओं ही हो या बेहतर शिक्षा की। लोग भाजपा के साथ हैं और पीएम नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए अनुराग ठाकुर को भारी मतों से जिताएंगे।
**अनीश ठाकुर, संसदीय क्षेत्र हमीरपुर।**



देश में महंगाई, बेरोजगारी और गरीबी का आलम है। इस सभी मुद्दों पर सभी राजनीतिक पार्टियां चुनाव प्रचार के दौरान जिक्र करती हैं, लेकिन सत्ता में आने के बाद कोई कार्य नहीं करती। शिक्षा व स्वास्थ्य अहम मुद्दे हैं। सरकारी स्कूलों में शिक्षा को स्तर गिरता जा रहा है, सरकारी अस्पतालों में भी स्वास्थ्य सुविधाओं को टोटा है। सभी मुद्दों को ध्यान में रख कर मतदान किया जाएगा।
**कृपा शंकर, शाहपुर।**



महिला सुरक्षा को जो राजनीतिक दल महत्व देगा, उसके पक्ष में मतदान किया जाएगा। राजनीतिक दल महिला सम्मान और सुरक्षा के दावे तो करते हैं, लेकिन महिलाओं को अभी भी अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ता है। महंगाई और बेरोजगारी ने तो आम आदमी की कमर तोड़ दी है। एक गृहिणी के लिए घर चलाना मुश्किल हो गया। नेता अपने व्यक्तिगत स्वार्थ से उपर नहीं उठ पा रहे हैं, जो निंदनीय।
**पूजा अवस्थी, कांगड़ा।**

# धर्मपुर में भाजपा को लगा झटका जिला सचिव कांग्रेस में शामिल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर ने जनसंपर्क अभियान के तहत सकलाना पंचायत का दौरा किया। इस दौरान भाजपा के संगठनात्मक जिला सुंदरनगर के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला सचिव बसंत सिंह (बबलू) ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया।



बसंत सिंह ने कहा कि भाजपा के प्रत्याशी अनुराग ठाकुर जो लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं, केंद्र सरकार में मंत्री रहते धर्मपुर चुनाव क्षेत्र के विकास में इनकी शून्य भूमिका रही है। मैंने पूर्व में रहे मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर व उनके पुत्र से सकलाना पंचायत में अंबेडकर भवन बनाए जाने की मांग की थी, लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि विधायक चंद्रशेखर धर्मपुर का उज्ज्वल भविष्य और सोच है, इसलिए मैंने कांग्रेस का दामन थामा है।

# भाजपा ने हाईकमान को भेजी 'विभीषणों' की सूची

## सुजानपुर में कुछ पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कर दिखाया बाहर का रास्ता

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

भाजपा ने चुनाव प्रचार के दौरान पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में धरातल पर काम नहीं करने वालों और भितरघात में जुटे प्रमुख नेताओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। ऐसे 'विभीषणों' की सूची तैयार करके कार्रवाई के लिए हाईकमान को भेजी है।

कुछ के खिलाफ स्थानीय तौर पर कार्रवाई को अंजाम दे दिया है। सुजानपुर में महिला पदाधिकारी को पार्टी से तीन दिन पहले ही निकाला जा चुका है। इसके अलावा करीब 12 अन्य प्रमुख पदाधिकारी और अन्य कार्यकर्ताओं की सूची भी तैयार हो चुकी है। सूत्रों के मुताबिक, कुछ को पार्टी ने चेतावनी देकर सचेत कर दिया है, लेकिन कुछ अभी भी मैं नहीं मानूंगा की स्थिति पर चलने को तैयार हैं। बड़े नेताओं के आगमन पर बैठकों में तो ये पहुंच रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत पर काम करने से दूरी बनाए हुए हैं। पार्टी प्रत्याशियों के खिलाफ भी अंदर खाते अपनी कार्रवाई को अंजाम दे रहे हैं।

### बड़सर के एक आला नेता की रिपोर्ट तैयार

सूत्रों के मुताबिक, सुजानपुर के अलावा बड़सर के एक आला नेता के खिलाफ भी रिपोर्ट तैयार हो चुकी है, उसकी गतिविधियों को लेकर पार्टी हाई कमान को सूचना भेजी है। हमीरपुर में हुई बंद कमरे की बैठक में जिस अंदाज से उक्त नेता ने अपने भीतर के माहौल को सार्वजनिक किया था, उसकी रिपोर्ट पहुंचा दी गई है। यहां पर लगातार तीन चुनाव जीतने वाले इंद्रदत्त लखनपाल को अपनों से कम पार्टी के परंपरागत प्रमुख लोगों से ज्यादा खतरा बना हुआ है।

दरअसल में ऑपरेशन लोटस के माध्यम से भाजपा के भीतर पार्टी प्रत्याशी के रूप में पहुंचे राजेंद्र राणा की मौजूदगी सुजानपुर क्षेत्र के कई आला पदाधिकारियों को रास नहीं आ रही है। ऐसे लोगों पर नजर रखने के लिए जिन पदाधिकारियों की ड्यूटी लगी हुई है। बताया जा रहा है कि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर भी अचानक दिल्ली गए हैं। (अनंत ज्ञान)

# सीएम सुक्खू ने रायबरेली में राहुल के पक्ष में मांगे वोट

## शिवगढ़ और सीवान में कीं नुक्कड़ सभाएं, आज भी करेंगे प्रचार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बुधवार को उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट पर चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे।

मुख्यमंत्री सुक्खू रायबरेली के शिवगढ़ व सीवान में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के लिए वोट मांग रहे हैं।

मुख्यमंत्री के मीडिया एडवाइजर नरेश चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री वीरवार को भी रायबरेली में प्रचार करेंगे और नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करेंगे। देर शाम तक वापस दिल्ली लौटेंगे। कांग्रेस हाईकमान ने मुख्यमंत्री सुक्खू और डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री को राजस्थान के लिए स्टार प्रचारक बना रखा है।



### डिप्टी सीएम भी कर चुके हैं रायबरेली में प्रचार

सीएम सुक्खू से पहले हिमाचल के डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री भी मंगलवार के रायबरेली में राहुल गांधी के लिए वोट मांग चुके हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि विकास को आगे बढ़ाना, रोजगार देना, खुशहाली लाना यह कांग्रेस का लक्ष्य है। उन्होंने कहा- तानाशाही को खत्म करना कांग्रेस का प्रण है। रायबरेली के साथ गांधी परिवार का दिल का रिश्ता रहा है। राहुल गांधी इस रिश्ते को और मजबूत करेंगे। अग्निहोत्री के बाद आज मुख्यमंत्री सुक्खू भी सुबह ही रायबरेली पहुंचे।

# राणा बोले- जनता का हितैषी बनने का ढोंग कर रहे सुक्खू

## 15 माह में सुजनापुर के लोगों के साथ किया भेदभाव, अब छूट रहे पसीने

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर/सुजानपुर**

पूर्व विधायक और सुजानपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा ने बुधवार को सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ सभाएं कीं। उन्होंने कहा कि 15 महीने में सुजानपुर के साथ विकास के मामले में लगातार भेदभाव कर जनता को जलील करने वाले मुख्यमंत्री सुक्खू अब चुनाव के समय यहां की जनता का हितैषी बनने का ढोंग कर रहे हैं, लेकिन जनता उन्हें सबक सिखाने के लिए तैयार बैठी है।

सुक्खू सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है और सुजानपुर की जनता पहली जून को मतदान के दिन का इंतजार कर रही है। सुक्खू सरकार वेंटीलेटर पर चल रही है और पहली जून को यह वेंटीलेटर भी उतर जाएगा। मुख्यमंत्री की नौटंकी अब सुजानपुर में चलने वाली नहीं है।

**मुख्यमंत्री की नौटंकी सुजानपुर में नहीं चलेगी**



सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र मेंनुक्कड़ जनसभा के दौरान राजेंद्र राणा।

### सुक्खू ने मित्रों को दी खुली लूट की छूट

हिमाचल के इतिहास की यह पहली सरकार है, जिसने मित्रों को लूट की खुली छूट दे रखी है और जनता के हितों से लगातार कुठाराघात किया गया है। सुजानपुर में पूरा भाजपा कैडर एकजुट होकर चुनाव प्रचार में जुटा हुआ है, जबकि कांग्रेस के यहां पसीने छूटे हुए हैं। प्रदेश की चारों लोकसभा सीटें और 6 विधनसभा सीटों के उपचुनाव भाजपा डंके की चोट पर बड़े मार्जन से जीतने जा रही है, क्योंकि 1 जून को प्रदेश की जनता डबल इंजन सरकार के लिए वोट करेगी।

**चुनाव प्रचार** भाजपा और कांग्रेस ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची, चुनाव में मचेगा घमासान

# हिमाचल में अब शुरू होगी स्टार वॉर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में लोकसभा की चार सीटों और छह विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव के लिए अब स्टार वॉर शुरू होगा। भाजपा और कांग्रेस ने इन सीटों पर प्रचार करने के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। दोनों दलों ने वरिष्ठ नेताओं को स्टार प्रचारक बनाया है।

भाजपा की ओर से जारी सूची में पीएम नरेंद्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सरीखे बड़े नाम हैं। भाजपा शासित छह राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भी स्टार प्रचारक बनाया गया है।



**पीएम नरेंद्र मोदी, जेपी नड्डा और शाह भी आएंगे**

### ये दिग्गज भी करेंगे जनसभाएं

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिम्मत बिस्वा सरमा, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, पीयूष गोयल, स्मृति ईरानी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, अनुराग ठाकुर, मनोहर लाल खट्टर, केंद्रीय नेता सौदान सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल, शांता कुमार, जयराम ठाकुर, अविनाश राय खन्ना, श्रीकांत शर्मा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉक्टर राजीव बिंदल, मनोज तिवारी आदि भी हिमाचल में बतौर स्टार प्रचारक होंगे। पवन काजल, प्रत्याशी सुरेश कश्यप, कंगना रनौत, डॉ. राजीव भारद्वाज और वंदना योगी के साथ बिहारी लाल शर्मा, त्रिलोक कपूर को भी स्टार प्रचारकों में जगह मिली है।

### कांग्रेस के स्टार प्रचारकों में राष्ट्रीय नेताओं समेत सुक्खू के मंत्रियों को मिली जगह

कांग्रेस ने अपने 40 स्टार प्रचारकों की सूची में गांधी परिवार के साथ-साथ कई अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हैं। सूची में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के मंत्रिमंडल को भी शामिल किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, केसी वेणुगोपाल, हिमाचल कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला, मुकुल वासनिक, हिमाचल कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, रणदीप सिंह सुरजेवाला, कुमारी शैलजा और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल हैं। इसके अलावा उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट, पूर्व राज्यसभा सांसद बिपलव ठाकुर, पूर्व शिक्षा मंत्री आशा कुमारी, स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल, कांग्रेस नेता राज बब्बर, दीपेंद्र हुड्डा, कौल सिंह ठाकुर, रामलाल ठाकुर, कुलदीप कुमार, चंद्र कुमार, कुलदीप सिंह राठौर, विक्रमादित्य सिंह, हर्षवर्धन चौहान, जगत सिंह नेगी, रोहित ठाकुर, अनिरुद्ध सिंह, रघुबीर सिंह बाली, महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा आदि शामिल हैं।

# पीएम मोदी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को दिलाई नई पहचानः राजीव

## कांगड़ा-चंबा संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी ने इंदौरा में की कई जनसभाएं

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

कांगड़ा-चंबा संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज ने बुधवार को इंदौरा क्षेत्र में कई जनसभाएं कीं। उन्होंने कहा कि कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को नई ऊंचाई तक पहुंचने का कार्य किया है।

भारत की आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान है। भारत के वैश्विक संबंध बढ़े हैं और यह पीएम मोदी के प्रयासों के बिना संभव नहीं था। प्रधानमंत्री वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देते हैं। स्थानीय कारीगरों की ओर से तैयार किए गए उत्पादों को उपहार में देकर भारतीय हस्तकला के एंबेसडर बन गए हैं। यह न केवल हस्त शिल्पकारों के कौशल को प्रदर्शित करता है, बल्कि उन्हें सशक्त भी बनाता है। कई अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में प्रधानमंत्री ने हिमाचल की टोपी भेंट भी की और पहनी भी। हिमाचल की आन-बान-शान को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का कार्य किया। किन्नौर, लाहौल-स्पीति की कला को अंतरराष्ट्रीय लोकप्रियता प्रदान की।



जनसभा के दौरान भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज व अन्य।

# ढुगियारी स्कूल के स्वयंसेवियों ने निकाली मतदान जागरूकता रैली

**अनंत ज्ञान, गगल**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ढुगियारी में बुधवार को एनएसएस स्वयंसेवियों ने अध्यापकों के साथ मिलकर जागरूकता रैली निकालकर मतदान का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी अजय जग्गी ने बताया कि स्कूल के प्रधानाचार्य शक्ति प्रसाद के दिशा निर्देश के अनुसार बच्चों ने स्कूल के प्रांगण से लेकर गगल चौक तक मतदान जागरूकता रैली में भाग लिया।



गगल में जागरूकता रैली निकालते स्वयंसेवी।

उन्होंने कहा कि एक जून को सभी मतदाता बढ़-चढ़कर मतदान करें। वर्तमान समय में प्रदेश के सभी मतदाताओं का यह दायित्व है कि इस पर्व में सभी बढ़-चढ़कर व अधिक संख्या में भाग लें। इस अवसर पर महिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रेनू चौधरी, अजय राजोरिया, करण चौधरी, अश्वनी चौधरी, सचिन ठाकुर, रजनीश बरवाल, राजेश चौधरी सहित सभी ने मतदान रैली में भाग लिया।

## गढ़ जमूला स्कूल का रिजल्ट शत-प्रतिशत

**डरोह।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित परिणाम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गढ़ जमूला का दसवीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। जिसमें प्रिंस ने 700 में से 647अंक प्राप्त कर पहला स्थान, वंशिका कुमारी ने 700 में से 634 अंक प्राप्त कर दूसरा तथा शगुन राणा ने 700 में से 590 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में 27 में से 11 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय के उपप्रधानाचार्य, विद्यालय प्रबंधन समिति व अध्यापकों ने अच्छे परिणाम के लिए सभी को शुभकामनाएं दीं। उपप्रधानाचार्य ने अन्य बच्चों से भी इन बच्चों से प्रेरणा लेने की बात कही।

# विधायक बैजनाथ अस्पताल पहुंचे बीमार बच्चों का पूछा हालचाल

## अनंत ज्ञान समाचार पत्र में खबर छपते ही हरकत में आया स्थानीय प्रशासन

अनंत ज्ञान फॉलोअप

- बीएमओ, जल शक्ति विभाग के साथ की बैठक
- हेल्थ एजुकेटर ने स्कूलों में जाकर किया जागरूक
- जल शक्ति विभाग ने स्कूलों में बांटा ब्लीचिंग पाउडर

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

बैजनाथ उपमंडल के कई स्कूलों में फैले वायरल हेपिटाइटिस के मामलों में वृद्धि के बाद बुधवार को प्रशासन हरकत में आया। बैजनाथ क्षेत्र के स्कूलों के कई बच्चे वायरल हेपेटाइटिस के शिकार हो रहे हैं जब इसका समाचार अनंत ज्ञान समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ तो स्थानीय प्रशासन हरकत में आ गया। बुधवार को सीपीएस एवं स्थानीय विधायक किशोरी लाल सिविल अस्पताल बैजनाथ पहुंचे तथा उपचाराधीन छात्रों से भेंट कर उनका हालचाल जानकर डॉक्टर को उन्हें स्वास्थ्य संबंधी हरसंभव सहायता प्रदान करने के निर्देश जारी किए। विधायक किशोरी लाल ने बीएमओ



सिविल हॉस्पिटल बैजनाथ में उपचाराधीन छात्रों का हालचाल पूछते विधायक।

महाकाल डॉक्टर दिलावर सिंह देओल, एसएमओ अरुण कुमार और जल शक्ति विभाग के अधिकारियों के साथ बैठकर जल्द से जल्द इस समस्या के समाधान के भी आदेश पारित किए। इस संबंध में जहां स्वास्थ्य विभाग के हेल्थ एजुकेटर ने स्कूलों में जाकर वायरल हेपिटाइटिस से बचने के बारे में विस्तृत जानकारी दी वहीं पर आशा वर्कर्स ने भी स्कूलों में जाकर इस बीमारी के बचाव के हरसंभव उपाय बताए। जल शक्ति विभाग ने बुधवार को सभी सरकारी तथा प्राइवेट स्कूलों में जाकर ब्लीचिंग पाउडर स्कूलों को मुहैया करवाया। उन्होंने स्कूल प्रशासन को भी यह कहा कि वे पेयजल के लिए रखी पानी की टंकियों की अच्छी तरह से सफाई का ध्यान रखें। इसके साथ-साथ जगह-जगह पर पानी के सैंपल लेकर उन्हें जांच के लिए भी भेजा गया है। जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता राहुल धीमान ने लोगों से अपील की है कि विभाग अपने तौर पर हर प्रकार की सफाई तथा पेयजल के टैंकों में समय-समय पर ब्लीचिंग पाउडर भी उपयोग में ला रहा है इसके साथ स्थानीय लोग भी टैंकों की सफाई करते रहें। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### टटेहल स्कूल के चार होनहार चमके



एनएमएमएस एग्जाज पास करने वाले टटेहल स्कूल के छात्र शिक्षकों के साथ।

**पंचरुखी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टटेहल के चार छात्रों अंश, आशिमा, अविशी व रितिका ने प्रदेश स्तर पर आयोजित एनएमएमएस छात्रवृत्ति परीक्षा पास कर सफलता हासिल की है। इस परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को कक्षा नौवीं से बारहवीं तक प्रतिमाह एक हजार रुपए छात्रवृत्ति मिलेगी। विद्यालय के कार्यकारी प्रधानाचार्य धीरज व्यास ने छात्रों की सफलता के लिए शिक्षकों, अभिभावकों व प्राध्यापक दिलबाग सिंह को बधाई दी है।

### आशिमा ने पास किया एनएमएमएस एग्जाम



**लंबागांव।** गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल लोअर लंबागांव की छात्रा आशिमा चौहान पुत्री अनूप सिंह ने एनएमएमएस स्कॉलरशिप एग्जाम पास किया है। अब इस छात्रा को सरकार द्वारा चार साल तक हर महीने 1000 रुपए की छात्रवृत्ति दी जाएगी। आशिमा चौहान ने इस कामयाबी का पूरा श्रेय अपने माता-पिता और गुरु अशोक चौधरी को दिया है। आशिमा नौवीं कक्षा में पढ़ती है और भविष्य में इंजीनियर बनना चाहती है।

### डीएवी तियारा का परीक्षा परिणाम सराहनीय

**गगल।** डीएवी पब्लिक स्कूल तियारा में सीबीएसई द्वारा घोषित दसवीं व बारहवीं का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। बारहवीं कक्षा में अदिति ने 88.4 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान पर गरिमा और अनिशा रहीं। दसवीं कक्षा में हर्षित ने हिंदी व सामाजिक विज्ञान में 90 प्रतिशत अंक लिए। राजवीर ने अंग्रेजी में 85 प्रतिशत, हिंदी में 90 प्रतिशत अंक लिए। सम्मुख ने अंग्रेजी में 90 प्रतिशत अंक लिए। पर्ल ने हिंदी में 90 फीसदी अंक लिए। स्कूल का दसवीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य एकता अत्री ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं हैं।

### भलवाल स्कूल में माही को किया सम्मानित



अप्पर भलवाल स्कूल की छात्रा माही को सम्मानित करते अध्यापक।

**डाडासीबा।** राजकीय उच्च विद्यालय अप्पर भलवाल की नौवीं कक्षा की छात्रा माही ठाकुर का चयन नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप में हुआ है। यह परीक्षा देहरा में विगत वर्ष 26 नवंबर को हुई थी। इसके अंतर्गत माही को चार साल तक प्रति माह 1000 रुपए के हिसाब से प्रति वर्ष 12000 रुपए मिलेंगे। विद्यालय के मुख्याध्याक सतवीर सिंह एवं समस्त अध्यापकों ने माही ठाकुर की इस उपलब्धि पर प्रार्थना सभा में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एसएमसी प्रधान अनुवाला और समस्त एसएमसी सदस्यों ने भी माही ठाकुर को बधाई दी।

### स्नेहा ने पास की एनएमएमएस की परीक्षा



**डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ढाटी की नौवीं कक्षा की छात्रा स्नेहा पुत्री जगदीश चंद ने राज्य स्तरीय छात्रवृत्ति परीक्षा (एनएमएमएस) उत्तीर्ण की है। यह जानकारी स्कूल की प्रधानाचार्या अंजु शर्मा ने दी। उन्होंने कहा कि पिछले साल भी इस स्कूल की एक छात्रा प्राची ने उक्त परीक्षा उत्तीर्ण की थी। उन्होंने कहा कि लगातार विद्यालय के छात्रों द्वारा ऐसी उपलब्धियां हासिल करना हमारे लिए गर्व का विषय है। उन्होंने इस उपलब्धि पर अध्यापकों और अभिभावकों को बधाई दी है।

## जवाली के भनेई में दंगल 22 को

**अनंत ज्ञान, जवाली**

भनेई आस्था अस्पताल वाला दंगल इस बार 25 मई की जगह 22 मई को गांव लब भनेई वार्ड नंबर तीन नगर पंचायत जवाली में मनाया जाएगा। इसमें हिमाचल,पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, युपी से नामीग्रामी पहलवान बुलाए जाएंगे। दंगल कमेटी के संचालक बाबा नरिंद्र सिंह ने बताया की कुश्ती केवल बुलाए गए पहलवानों की ही करवाई जाएगी। जिन पहलवानों को नहीं बुलाया गया उनकी कुश्ती नहीं करवाई जाएगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से दंगल में सहयोग की अपील की है।

# बड़ोह कॉलेज के पास जंगल में लगी आग

## अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने कड़ी मशक्कत से पाया काबू, झोपड़ियां बचाई

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

बड़ोह डिग्री कॉलेज के पास जंगल में भयंकर आग लग गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नीरज शर्मा के मार्गदर्शन में प्रो. अर्जुन सिंह डढवाल, डॉ. सुरजीत कुमार, प्रो. विनोद कुमार, कार्यालय अधीक्षक ग्रेड 1 नरिंद्र कुमार, नेक राम, अजय कुमार, कृष्णा देवी तथा स्थानीय लोगों में सुनील कुमार, राजन, आशु, सचिन आदि ने नगरोटा व कांगड़ा अग्निशमन के कर्मियों के साथ कड़ी मशक्कत के साथ आग पर काबू पाया। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो आग से कॉलेज और प्रवासियों की



डिग्री कॉलेज बड़ोह के पास जंगलों में लगी आग।

झुग्गी झोपड़ियां जल कर राख हो जाती और जानी माली नुकसान हो जाता। गौरतलब है कि निर्माणाधीन नए कॉलेज का निर्माण करने वाले बाहरी राज्यों के मजदूरों की झुग्गी-झोपड़ियों को कड़ी मशक्कत से अग्निशमन कर्मियों एवं कॉलेज स्टाफ ने बचा लिया अन्यथा जानी माली नुकसान हो सकता था। अग्निशमन के सदस्यों में देशराज, विनोद कुमार, अमनदीप और मदन लाल, चालक तिलक राज ने आग पर नियंत्रण पा लिया तथा आग से होने वाली जान-माल की हानि को बचाया गया। हालांकि इस समय महाविद्यालय में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय तथा सरदार पटेल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षाओं का दौर चला हुआ है।

# संघोल में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान प्रतिशतता बढ़ाने की अपील




**अनंत ज्ञान, लंबागांव**

स्वीप के अंतर्गत संघोल में विशेष मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मौके पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों से मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील की गई। नुक्कड़ नाटक में राजस्व विभाग के कर्मचारियों और व्यास कला मंच अकादमी के कलाकारों ने भाग लिया। इस मौके पर स्वीप के नोडल अधिकारी प्रिंस जसरोटिया कार्यवाहक प्रधानाचार्य अंजलि सहित बीएलओ सुपरवाइजर पंकज भारती भी उपस्थित रहे।

# 11 प्रत्याशियों के नामांकन पाए गए सही : हेमराज बैरवा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने बताया कि कांगड़ा चंबा संसदीय क्षेत्र में 11 प्रत्याशियों के नामांकन सही पाए गए हैं।

इसमें आनंद शर्मा 71 पुत्र पीए शर्मा, प्रभात लौज, लोअर कैलसटन, तहसील शिमला (शहरी) ने इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी तथा नारायण सिंह डोगरा 64 पुत्र तुलसी राम डोगरा, वार्ड-13 पंतेहड़, डाकघर पट्टी, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा ने हिमाचल जनता पार्टी, राजीव 62 पुत्र ओम प्रकाश, गांव व डाकघर जसूर, तहसील नूरपुर, जिला कांगड़ा ने भारतीय जनता पार्टी और अचल सिंह 59 पुत्र त्रिलोक सिंह, गांव टिकरू, डाकघर संघोल, तहसील जयसिंहपुर, जिला कांगड़ा ने निर्दलीय उम्मीदवार, रेखा रानी 41 पत्नी विपन कुमार, वार्ड नम्बर-2, गांव लाहरू, डाकघर नौरा, तहसील देहरा, जिला कांगड़ा ने बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी के रुप में, संजीव गुलेरियां 64 पुत्र शालेंद्र सिंह, गांव व डाकघर सुलयाली, तहसील नूरपुर, जिला कांगड़ा ने ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लॉक पार्टी के प्रत्याशी तथा केहर सिंह 53 पुत्र अबजा राम, गांव कंगैहण, डाकघर बरड़ाम, तहसील आलमपुर, जिला कांगड़ा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में तथा एडवोकेट संजय शर्मा पुत्र देवराज शर्मा का निर्दलीय प्रत्याशी, जीवन कुमार अखिल भारतीय परिवार पार्टी, देव राज राष्ट्रीय समाज दल, भुवनेश्वर कुमार राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के रूप में नामांकन सही पाया गया है।

## धर्मशाला उपचुनाव के लिए चार प्रत्याशियों के नामांकन सही

**धर्मशाला** में उपचुनाव के लिए सतीश कुमार 36 पुत्र किशोरी लाल, गांव बलेहड़, डाकघर टंग नरवाणा, तहसील धर्मशाला, जिला कांगड़ा ने निर्दलीय प्रत्याशी, राकेश कुमार 46 पुत्र बाल कृष्ण, गांव व डाकघर पद्दर, तहसील धर्मशाला, जिला कांगड़ा ने निर्दलीय प्रत्याशी, सुधीर शर्मा पुत्र स्व पंडित संत राम शर्मा, गांव डाकघर रक्कड़ ने भाजपा प्रत्याशी के रूप में तथा देवेंद्र सिंह पुत्र स्वर्गीय साहिब सिंह वार्ड नंबर 10 शामनगर धर्मशाला ने कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन सही पाया गया है।

# मतदाता का जागरूक होना आवश्यकः डॉ. किस्मत

- दीनदयाल उपाध्याय अध्ययन केंद्र की ओर से व्याख्यान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

दीनदयाल उपाध्याय अध्ययन केंद्र, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से मासिक व्याख्यान माला के अंतर्गत लोकतंत्र के महापर्व में लोकमत परिष्कार का महत्व विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

मौके पर बतौर मुख्य वक्ता विश्वविद्यालय के अंबेडकर अध्ययन केंद्र के सहायक आचार्य डॉ. किस्मत कुमार ने कहा कि भगवान श्रीराम और उनका रामराज्य ही एक आदर्श राजनीतिक व्यवस्था का आधार हो सकता है, इसमें कोई दो मत नहीं है। यदि ऐसी राजनीतिक व्यवस्था खड़ी करने के लिए जागृत प्रजा अर्थात आज के संदर्भ में जागरूक मतदाताओं का होना भी बहुत जरूरी है।

किसी भी राजनीतिक लोकतांत्रिक व्यवस्था में जागरूक मतदाता ही सही सरकार का चयन कर सकता है। आज जनसंचार के विभिन्न माध्यमों की बढ़ती भूमिका व अन्य कारणों से मतदाता के सामने अनेक प्रकार की भ्रान्तियां उपस्थित हो जाती हैं, जिसके कारण वह तय नहीं कर पाता कि अपना बहुमूल्य मत किसे दें या जो जागरूक हैं वे भी कभी कभी भावावेश में गलत निर्णय लेकर मतदान कर बैठते हैं। ऐसी परिस्थिति में लोकमत परिष्कार करने का महत्व और बढ़ जाता है। डॉ. किस्मत कुमार ने स्वतंत्रता से लेकर 2024 तक के अनेक घटनाक्रमों की चर्चा करते हुए कहा कि जब-जब जागृत मतदान हुआ है तब-तब केंद्र, प्रांत व स्थानीय स्तर पर ठीक लोग चुनकर आए और उन्होंने राष्ट्र हित में अनेक कार्य किए है।

उन्होंने लोकमत परिष्कार के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोकमत परिष्कार के पांच आधार हैं।

**तैयारी** जेपी नड्डा की रैली के लिए नूरपुर भाजपा ने बैठक में बनाई रणनीति

# नूरपुर से फतेहपुर जाएंगे 3500 कार्यकर्ता

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की 18 मई को रैहन में होने वाली रैली को लेकर बुधवार को नूरपुर मंडल भाजपा की बैठक कंडवाल में हुई। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी अतुल सूदन ने दी।

इस दौरान विधायक रणवीर सिंह निक्का ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की फतेहपुर में होने वाली रैली को लेकर नूरपुर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। नूरपुर क्षेत्र से 500 वाहनों में सवार 3500 भाजपा कार्यकर्ताओं का



कंडवाल में बैठक के दौरान मौजूद नूरपुर मंडल भाजपा के कार्यकर्ता।

विशाल काफिला फतेहपुर में होने वाली रैली में भाग लेने जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता गनोह में एकत्रित होंगे व गनोह से फतेहपुर रैली स्थल तक एक रैली के रूप में जाएंगे। उन्होंने कहा कि बैठक में कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज को नूरपुर विधानसभा क्षेत्र से 40 हजार मतों की रिकॉर्ड बढ़त दिलाने की रणनीति बनाई गई। बैठक को नूरपुर मंडल के प्रवासी प्रभारी विश्नाह (जम्मू-कश्मीर) के पूर्व विधायक अश्वनी शर्मा व फतेहपुर रैली के सहप्रभारी संजय शर्मा ने भी संबोधित किया।

उन्होंने रैली को सफल बनाने व नूरपुर में भाजपा को रिकॉर्ड तोड़ बढ़त दिलाने के टिप्स दिए। इस मौके पर मंडल भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र पठानिया सहित भाजपा नेता लेख राज शर्मा, तरसेम शर्मा, रमेश शर्मा व भाजयुमो अध्यक्ष अनुप राणा सहित अन्य नेता मौजूद रहे।



# नशे में टल्ली होकर स्कूल पहुंचा शिक्षक

## गुगलाड़ा स्कूल का मामला, एसएमसी ने मुख्यमंत्री संकल्प सेवा पर की शिकायत

**अनिल छांगू, जवाली**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुगलाड़ा में बुधवार को एक प्रवक्ता ने शराब के नशे में धुत्त होकर स्कूल पहुंचकर शिक्षा के मंदिर को अपवित्र किया है। उक्त प्रवक्ता ने नशे में चूर होने के कारण स्कूल में पहुंचकर हाजिरी तो लगा ली पर क्लास में कोई भी पीरियड नहीं लगाया। प्रवक्ता प्लस वन, प्लस टू मैथ के प्रवक्ता हैं। प्रवक्ता के घर ढन में है और घर से तीन किलोमीटर गुगलाड़ा स्कूल में कार्यरत है। शिक्षा के मंदिर को अपवित्र करने के अलावा बच्चों पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ा। स्कूल स्टाफ सहित स्कूल प्रबंधन कमेटी ने प्रवक्ता को नशे में सरेआम पकड़ लिया। स्कूल प्रबंधन कमेटी ने उक्त प्रवक्ता के खिलाफ एक्शन लेते हुए इसकी शिकायत मुख्यमंत्री संकल्प सेवा 1100 पर की तथा उक्त प्रवक्ता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। स्कूल प्रबंधन समिति के



अध्यक्ष संजय राणा, पूर्व अध्यक्ष व कमेटी सदस्य राजेश कुमार ने कहा कि उक्त प्रवक्ता अकसर नशे में धुत्त होकर स्कूल पहुंचता है जिसको कई बार पकड़ा भी है। हर बार माफी मांगने पर प्रवक्ता को छोड़ दिया जाता है, लेकिन काफी बार समझाने उपरांत भी प्रवक्ता बाज नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि इसका बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है तथा अभिभावक बच्चों को स्कूल से निकालने के लिए मजबूर हो गए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर व शिक्षा निदेशक अमरजीत सिंह से मांग की है कि उक्त प्रवक्ता के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सस्पेंड किया जाए। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहती हैं कार्यवाहक प्रिंसिपल

इस बारे में स्कूल की कार्यवाहक प्रिंसिपल मीना कुमारी ने कहा कि बुधवार को प्रवक्ता नशा करके स्कूल में पहुंचा था। प्रवक्ता ने बुधवार को कोई भी पीरियड नहीं लगाया है।

### शिकायत मिली है, कार्रवाई की जाएगी

इस बारे में शिक्षा विभाग के निदेशक अमरजीत सिंह ने कहा कि शिकायत मिली है। प्रवक्ता के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।

# कंडवाल में मतदान करने की अपील

## छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किए मतदाता

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

नूरपुर एसी में आगामी लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी नूरपुर गुरसिमर सिंह के कुशल नेतृत्व में सुव्यवथित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता समूह द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इसी के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कंडवाल के विद्यार्थियों ने कंडवाल क्षेत्र में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मतदाता



जागरूकता अभियान के अंतर्गत गीत-नृत्य, विषय प्रस्तुतिकरण और भाषण इत्यादि को भी समाहित किया। जनता को जागरूक करते हुए चुनाव आयोग द्वारा बनाए नियमों को ध्यान में रखते हुए एक जून को भारी संख्या में मतदान करने की अपील भी की गई। कार्यक्रम के अंत में सहायक नोडल अधिकारी शशिपाल शर्मा ने संबंधित मतदाता जागरूकता अभियान के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा की। इस अवसर पर स्वीप नोडल अधिकारी बृजेश पठानिया, मीडिया नोडल अधिकारी वरुण शर्मा, शशिपाल शर्मा, पुष्पलता, डॉक्टर रुचि, राकेश कुमार, सीमा कटोच, सुशील कुमार, बिक्रम पठानिया सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### पंजाब के व्यक्ति से चार ग्राम चिट्टा बरामद

**बैजनाथ।** पुलिस थाना बैजनाथ के तहत चिट्टा बरामद करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने चौबीन चौक बैजनाथ में विशाल निवासी शास्त्रीनगर गुरु अमरदास कॉलोनी, जिला गुरदासपुर के कब्जे से चार ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस थाना बैजनाथ में इसको लेकर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। उधर, धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

### सलियाना-चथमी आवा खड्ड मार्ग रहेगा बंद

**पंचरुखी।** टायरिंग कार्य के चलते सलियाना से चथमी आवा खड्ड के पुल तक मार्ग बधित रहेगा। यह जानकारी लोक निर्माण विभाग पंचरुखी के सहायक अभियंता आनंद कटोच ने दी। उन्होंने बताया कि टायरिंग कार्य के चलते उक्त मार्ग 16 मई से 18 मई तक सुबह 7 से सांय 8 बजे तक सभी छोटे बड़े वाहनों के लिए बधित रहेगा ताकि टायरिंग का कार्य सुचारु रूप से हो सके। उन्होंने वाहन चालकों से वैकल्पिक मार्ग का प्रयोग करने की अपील की है।

### खोली स्कूल का अरुण सूद चमका



खोली स्कूल का अरुण सूद अध्यापकों के साथ।

**नगरोटा बगवां।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खोली के अरुण सूद का चयन राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति के लिए हुआ है। अरुण सूद को लगातार 4 वर्ष तक 12000 रुपए प्रति वर्ष छात्रवृत्ति के रूप में दिए जाएंगे। यह एक राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा होती है जो खोली विद्यालय के लिए बड़े गर्व की बात है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉक्टर शिखा शर्मा, एसएमसी प्रधान रीना देवी, पंचायत प्रधान केवल चौधरी एवं समस्त अध्यापकों ने अरुण सूद को तथा उसके माता-पिता को बधाई दी।

### 4. 815 किलोग्राम चरस की नष्ट

**धर्मशाला ।** पुलिस लाइन धर्मशाला में ड्रग डिस्पोजल कमेटी द्वारा एसपी, कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री की अध्यक्षता में पुलिस थाना कांगडा, शाहपुर व मैक्लोडगंज में एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत 16 फैसला शुद्दा अभियोगों में व दो प्री ट्रायल मामलों में बरामद कुल 4. 815 किलोग्राम चरस को नष्ट किया गया ।

### आईटीआई शाहपुर में कैंपस इंटरव्यू कल

**शाहपुर।** वर्धमान टैक्सटाइल्स कंपनी (लुधियाना) द्वारा अपने यहां खाली चल रहे 100 पदों को भारने के लिए आईटीआई शाहपुर के प्रांगण में 17 मई को सुबह 10 बजे कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी आटीआई के प्रधानाचार्य इंजीनियर चैन सिंह राणा ने दी। उन्होंने बताया कि इस कैंपस इंटरव्यू में सभी व्यवसायों के आईटीआई पास आउट 10वीं, 12वीं के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। सफल अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण के बाद 13,324 रुपए मासिक वेतन, खाना, रहने के लिए छात्रावास, चिकित्सा व अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। कैंपस इंटरव्यू में भाग लेने वाले इच्छुक अभ्यर्थियों को अपनी पहचान के लिए आधार कार्ड, वोटर कार्ड, हिमाचली बोनाफाइड, 10वीं, प्लस टू, आईटीआई डीएमसी प्रमाण पत्रों की 2-2 फोटोकॉपी तथा पांच पासपोर्ट साइज रंगीन फोटोग्राफ साथ लेकर आना होगा।

### सामुदायिक मिलन समारोह किया आयोजित

**डाडासीबा।** मदर्स डे के अवसर पर देवभूमि हिमाचल अल्बर्टा एसोसिएशन ऑफ मेंबर्स ने एडमंटन में रह रहे हिमाचली समुदाय की माताओं के सम्मान में एक विशेष सामुदायिक मिलन समारोह आयोजित किया। एडमंटन कॉमन में आयोजित इस कार्यक्रम ने संगठन की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया, जो अपने घर से दूर रह रहे हिमाचली परिवारों को एकजुट, मदद और समर्थन करने के साथ-साथ उनकी समृद्ध परंपराओं और संस्कृति को बनाए रखने के लिए समर्पित है। समारोह की शुरुआत बच्चों द्वारा अपनी माताओं को फूल भेंट करने के साथ हुई, जिसने इस दिन को प्रेम और उत्सव के माहौल से भर दिया। इस कार्यक्रम में मजेदार खेल शामिल थे, जिससे सभी उपस्थित लोग आनंदित हुए। इस अवसर का मुख्य आकर्षण भारतीय समाज परिषद के अध्यक्ष द्वारा परिवार को प्रशंसा प्रमाण पत्र भेंट किया जाना था।कार्यक्रम का समापन पारंपरिक नाटी नृत्य के साथ हुआ, जिसमें हर सदस्य ने भाग लिया, जो एकता और सांस्कृतिक गर्व का प्रतीक था। नृत्य के बाद, सामूहिक भोजन का आयोजन किया गया, जिससे समुदाय के भीतर के संबंध और मजबूत हुए।

# बलाहर में 35 यूनिट ब्लड किया एकत्रित

## केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में एनएसएस यूनिट ने लगाया रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान, परागपुर**

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में बुधवार को एनएसएस यूनिट के सौजन्य से ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। इसमें 35 यूनिट ब्लड एकत्रित कर टांडा मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक से आई टीम को दिया गया।

यह जानकारी केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर की निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी व एनएसएस यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी व कंप्यूटर विभागाध्यक्ष अमित वालिया ने दी। उन्होंने बताया कि परिसर में इन दिनों शास्त्री व आचार्य के छात्रों की



केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय बलाहर में शिविर के दौरान सम्मानित करते हुए।

इंटरनशिप चल रही है। इंटरनशिप कर रहे छात्रों के लिए एक विषय ब्लड डोनेशन भी है। इसीलिए इस कैंप का आयोजन किया गया। वहीं टांडा के ब्लड बैंक से आई डॉक्टर्स की टीम ने परिसर के शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों के सहयोग की काफी प्रशंसा की। टांडा के ब्लड बैंक के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विकास ने बताया कि समय-समय पर ऐसे ब्लड डोनेशन कैंपों का आयोजन किया जाता है ताकि टांडा में पहुंचे जरूरतमंद मरीजों को ब्लड आसानी से उपलब्ध करवाया जा सके।

इस अवसर पर परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी, बीएड विभाग के अध्यक्ष प्रो. शीश राम, एनएसएस यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी अमित वालिया, संयोजक पंकज कुमार, डॉ. मनीष कुमार,अमर चंद, डॉ. विनोद शर्मा, डॉ. बीरघु राज, हरिओम शर्मा, डॉ. शैलेश तिवारी, डॉ. संतोष गोडरा, कमल कौशल, प्रमोद कुमार, रत्न चंद आदि मौजूद रहे।

# औंद स्कूल के अयूब खान को दिया गया सर्टिफिकेट



**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय औंद तहसील नूरपुर जिला कांगड़ा के आईटीइएस के दस जमा दो के छात्र अयूब खान को एनएसक्यूएफ प्रोग्राम के तहत जिला स्तरीय स्किल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विद्यालय की प्रधानाचार्य नवीन कुमारी द्वारा सर्टिफिकेट दिया गया। आईटीइएस प्रवक्ता बबीता शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने के बाद इस विद्यार्थी का चयन कांगड़ा में एक्सपोसर विजिट ऑफ वोकेशनल स्टूडेंट्स प्रोग्राम में दिल्ली और राजस्थान के लिए किया गया था। इसमें इन्हें विभिन्न इंडस्ट्रियल एरिया में जा कर अपना ज्ञानवर्धन करने का सुअवसर प्राप्त हुआ। छात्र अयूब खान को सभी बच्चों व अध्यापकों ने इस कामयाबी के लिए बधाई दी।

# राज्य मुक्त विद्यालय का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डॉ. हेमराज बैरवा द्वारा हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय के अंतर्गत मार्च 2024 में संचालित करवाई गई जमा दो कक्षा की वार्षिक परीक्षा का परिणाम बुधवार को घोषित कर दिया गया। इस परीक्षा में कुल 8235 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें से 4369 ने परीक्षा उत्तीर्ण की, 40 अनुत्तीर्ण हुए, 3417 की रि-अपेयर जबकि 425 छात्रों का परिणाम लेट है। परीक्षा परिणाम 53.05 प्रतिशत रहा है। पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्निरीक्षण के लिए इच्छुक परीक्षार्थी केवल अपने संबंधित राज्य मुक्त विद्यालय अध्ययन केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन प्रक्रिया से 30 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पुनर्मूल्यांकन के लिए 500 रुपए प्रति विषय और पुनर्निरीक्षण के लिए 400 प्रति विषय शुल्क निर्धारित किया गया है। जिन परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम रि अपीयर घोषित हुआ है या श्रेणी सुधार की परीक्षा देना चाहते हैं ऐसे परीक्षार्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथियों की घोषणा अलग से की जाएगी। हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय के अंतर्गत उतीर्ण घोषित हुए परीक्षार्थियों की सुविधा के उद्देश्य से उतीर्ण प्रमाण पत्र की प्रतियां डिजी लॉकर पर भी उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

# कांग्रेस के साथ जनसमर्थनः डॉ.राजेश शर्मा

**अनंत ज्ञान, देहरा**

देश में कांग्रेस की सरकार बनने वाली है, इसलिए हमें कांग्रेस प्रत्याशी को भारी बहुमत से जीता कर संसद भेजना है। केंद्र की जनविरोधी नीतियों से जनता हताश है और अब जनता का रूख बदलवा की ओर है। यह बात हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने हमीरपुर ससंदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान कही। डॉ. राजेश शर्मा ने बुधवार को हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में बणे दी हट्टी, नौशहरा, पाईसा, बंजा दा बोड्डू, मूहल व जलंधर लाहड़ आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों से मतदान का आग्रह किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस



कार्यकर्ताओं के साथ बैठक आयोजित कर उनमें जोश भरा और उन्हें आगामी चुनावों के तहत जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। इस मौके पर डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के 10 वर्षों का कार्यकाल जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा है।

मोदी सरकार के किए गए वादे मात्र जुमले साबित हुए। भाजपा सरकार के दिग्गज नेताओं ने ही मोदी सरकार के वादों को जुमला बता कर जनता की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने चुनाव प्रचार में जनहित के मुद्दों और अपनी उपलब्धियों की बात नहीं कर रही है जबकि वह सांप्रदायिक मुद्दों को हवा देकर आपसी भाईचारे को खराब करने का प्रयास कर रही है। डॉ. राजेश ने कहा कि यदि केंद्र की भाजपा सरकार ने लोगों से किए वादों को पूरा किया होता तो वह विकास कार्यों पर चुनाव लड़ते लेकिन जनता को गुमराह करने के बाद भाजपा के पास अब सांप्रदायिक मुद्दे ही शेष बचे हैं।

### भाजपा ने देवभूमि को किया शर्मशार

हिमाचल प्रदेश की देवी-देवताओं की पवित्र धरती को भाजपा ने शर्मशार किया है। भाजपा ने जो कृत्य हिमाचल में करने का प्रयास किया उससे जनता भाजपा के घिनौने चैहरे को समझ चुकी है। इसका खामियाजा भाजपा को विधानसभा उपचुनावों और लोकसभा चुनावों में भुगतना होगा। डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि लोक सभा और उपचुनाव में सभी सीटें कांग्रेस जीतेगी क्योंकि जनता का पूरा आशीर्वाद कांग्रेस पार्टी के साथ है।

# देहरा में गाड़ी से शराब बरामद

**देहरा।** पुलिस थाना देहरा के तहत वाहन से शराब बरामद करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पुलिस पार्टी जब पेट्रोलिंग पर थी तो इस दौरान पेट्रोल पंप सुनेहत के पास हनुमान चौक में गाड़ी नंबर डीएल 5 सीजे 9693 से 9,000 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की गई। इस संदर्भ में गाड़ी चालक रणजीत सिंह निवासी त्रियांगलू, तहसील धर्मशाला के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत पुलिस थाना देहरा में मामला दर्ज किया गया है। उधर, धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है। एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि नशे के सौदागरों को कतई बख्शा नहीं जाएगा।

# मनियाला में सुनाई शिव महापुराण कथा

**अनंत ज्ञान, गरली**

गरली के गांव मनियाला में चल रही श्री शिव महापुराण कथा के चौथे दिन बुधवार को कथा व्यास भागवत रसिक आदर्श शर्मा महाराज ने शिव भोले शंकर और माता सती से जुड़ी कथा का अमृत पान कराया। उन्होंने बताया कि माता सती के पिता प्रजापति दक्ष , शिव जी को पसंद नहीं करते थे, क्योंकि शिव जी ने ब्रह्मा जी का पांच में से एक सिर काट दिया था। अपने पिता के साथ हुई इस घटना की वजह से दक्ष शिव जी को अपमानित करने के अलग-अलग अवसर खोजते रहते थे।

दक्ष की पुत्री सती ने भगवान शिव से विवाह कर लिया था और दक्ष इस विवाह को रोक नहीं सके। विवाह के कुछ समय बाद दक्ष ने



गरली के गांव मनियाला में चल रही श्री शिव महापुराण कथा के दौरान पूजा करते श्रद्धालु।

एक यज्ञ का आयोजन किया और इस यज्ञ में सभी देवी-देवताओं को आमंत्रित किया, लेकिन शिव और माता सती को आमंत्रित नहीं किया।

माता सती को नारद से मालूम हुआ कि उनके पिता दक्ष यज्ञ करवा रहे हैं। सती इस यज्ञ में जाने के लिए तैयार हो गई। शिव जी ने देवी सती को समझाया कि बिना बुलाए हमें यज्ञ जैसे आयोजन में नहीं जाना चाहिए, लेकिन शिव जी के समझाने पर भी देवी नहीं मानीं और यज्ञ में चली गई। जब सती यज्ञ स्थल पर पहुंची तो उन्होंने देखा कि यज्ञ में शिव जी के अतिरिक्त सभी देवी-देवता आए हुए हैं। सती ने पिता दक्ष से शिव जी को न बुलाने का कारण पूछा तो दक्ष ने शिव जी के लिए अपमानजनक बातें कहना शुरू कर दीं। शिव जी का अपमान सती सहन नहीं कर सकीं और उन्होंने हवन कुंड में कूदकर अपनी देह त्याग दी।

# नियमित तौर पर पोलिंग बूथों का निरीक्षण करें : राहुल

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

चुनाव आयोग द्वारा कांगड़ा-1 लोकसभा क्षेत्र के सामान्य पर्यवेक्षक राहुल तिवारी ने बुधवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए निष्पक्ष तथा शांतिपूर्वक चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों की अक्षरश पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोलिंग बूथों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के साथ साथ पोलिंग बूथ अधिकारियों को ईवीएम, वीवीपैट तथा वोटर लिस्ट इत्यादि के बारे में पूर्ण जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया के लिए तैनात सेक्टर अधिकारियों के पास भी सभी बूथों के बारे में जानकारी पहले से होना जरूरी है और मतदान के दिन सेक्टर अधिकारी नियमित तौर पोलिंग बूथों का निरीक्षण करें तथा इस के लिए टाइम लाइन प्लान भी तैयार किया जाए। इस अवसर पर सामान्य पर्यवेक्षक ने पोलिंग बूथों के बारे में विस्तार से जानकारी भी हासिल की। इससे पहले जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने सामान्य निर्वाचन पर्यवेक्षक को निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कांगड़ा में 1642 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं सभी बूथों पर चुनाव आयोग के दिशानिर्देशानुसार आवश्यक सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

# आनंद शर्मा का जयसिंहपुर दौरा 19 को

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी**

कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार आनंद शर्मा 19 मई को एकदिवसीय दौरे पर विधानसभा जयसिंहपुर में होंगे। शर्मा अपने चुनावी दौरे में लोअर खैरा, जालग, पंचरुखी, तिनबड़, जयसिंहपुर व आलमपुर में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। आनंद शर्मा के जयसिंहपुर विधानसभा के दौरे को लेकर कैबिनेट मंत्री यादविंदर गोमा ने धार क्षेत्र के पांच जोनों के सभी कांग्रेस पदाधिकारियों व बूथ अध्यक्षों के साथ मीटिंग करके तिनबड़ में होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। मंत्री गोमा ने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि धार क्षेत्र में करवाए जा रहे आनंद शर्मा के चुनावी कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा



कांग्रेस पदाधिकारियों व बूथ अध्यक्षों के साथ मंत्री यादविंदर गोमा।

संख्या में आने के लिए लोगों को प्रेरित करें।

उन्होंने कहा कि धार क्षेत्र से हमेशा कांग्रेस पार्टी को बढ़त मिलती रही है। जैसे विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी के पक्ष में वोट पड़े थे वैसे ही लोकसभा के चुनावों में होना चाहिए। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि घर घर जा कर कांग्रेस सरकार द्वारा जनहित को लेकर चलाई गई योजनाओं का प्रचार करें तथा कांग्रेस पार्टी के पक्ष में वोट मांगें। इस मौके पर कैप्टन गिरधारी लाल, हेम राज, सुरेश डोगरा, रमेश कुमार, प्रकाश चंद, सुरिंद्र कुमार, दीपू, संजीव राणा, लेखराज व बहुत से कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**जागरूकता** उस्तेहड़ स्कूल में हेपेटाइटिस के बारे में जागरूक किए गए छात्र

# खाना खाने से पहले साबुन-पानी से धोएं हाथ

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

राजकीय हाई स्कूल बही व उस्तेहड़ में बुधवार को स्वास्थ्य शिक्षक बीरबल वर्मा ने हेपेटाइटिस के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि हेपेटाइटिस का अर्थ है लीवर की सूजन। लीवर एक महत्वपूर्ण अंग है जो पोषक तत्वों को ससाधित करता है और लीवर की सूजन इसे नुकसान पहुंचाती है और प्रभावित करती है।

हेपेटाइटिस वायरस बीमारी के समान लक्षण पैदा करते हैं जैसे त्वचा और आंखों का पीला पड़ना, थकान, मिलली, भूख न लगना, पेट में दर्द, जोड़ों में दर्द, बुखार,गहरे रंग



राजकीय हाई स्कूल बही व उस्तेहड़ में छात्रों को जागरूक करते स्वास्थ्य शिक्षक बीरबल वर्मा व अन्य।

का मूत्र आदि है। यदि कोई लक्षण हो तो तुरंत डॉ. को दिखाएं। ऐसे व्यक्ति के संपर्क से बचें जिसे बीमारी है। खाना ताजा खाएं, पानी स्वच्छ व उबालकर पिएं, खाना व अन्य पदार्थ खाने से पहले हाथ साबुन और पानी से अच्छी तरह धोएं, निजी स्वच्छता की अच्छी आदतें अपनाएं, रोगी से जुड़े स्थानों को साफ रखें, संतुलित आहार लें, पर्याप्त आराम करें, पेय पदार्थ ज्यादा लें। इस प्रकार हम अपना बचाव व इस बीमारी से रोकथाम कर सकते हैं। खंड चिकित्सा अधिकारी महाकाल डॉ. दिलावर सिंह दियोल ने एक बैठक बुलाकर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं व आशा वर्कर्स की 15 टीमें बनाकर निर्देश दिए कि सभी टीमें अपने-अपने क्षेत्र में सर्वे करें और कोई उल्टियों व दस्त रोग या पीलिया से पीड़ित हैं तो उन्हें अस्पताल भेजें व रिपोर्ट करें साथ ही रोकथाम के बारे में जागरूक करें।

आशा वर्कर सेना देवी ने बच्चों को हाथ धोने के तरीके बताए। स्कूल की मुख्याध्यापिका अंजुलता शर्मा ने भी बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता की जानकारी दी। इस मौके पर स्कूल स्टाफ सहित छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### जमीनी विवाद को लेकर की मारपीट

**बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा के निवासी हंसराज पुत्र चिपलुराम गांव दोबड कलां ने स्थानीय पुलिस स्टेशन में शिकायत की है कि उनके भाई रमेश और बिंदु ने जमीनी विवाद को लेकर उनके साथ मारपीट की। स्थानीय पुलिस ने दोषी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### टौणी देवी मंदिर से चोरों ने चुराई नकदी

**टौणीदेवी।** ऐतिहासिक चौहान वंश की कुलदेवी माता टौणीदेवी मंदिर में मंगलवार रात को चोरी की बड़ी वारदात हुई है। चोरों ने मंदिर के गर्भगृह में रखे दानपात्र सहित मंदिर में रखे अन्य 5 दानपात्रों के ताले तोड़कर हजारों रुपए की नकदी पर हाथ साफ किया। टौणीदेवी के मुख्य बाजार में स्थित माता मंदिर में चोरी की इस घटना से दुकानदार सहमे हुए हैं। दुकानदारों का कहना है कि आस्था का केंद्र ही सुरक्षित नहीं है तो उनकी दुकानें कैसे सुरक्षित रह सकती हैं। उन्होंने बताया कि माता मंदिर से कुछ दूरी पर ही पुलिस चौकी भी है, इसके बावजूद चोरों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। मंदिर कमेटी के प्रधान सरवन सिंह ने बताया कि चोरों ने मंगलवार रात इस घटना को अंजाम दिया है। टौणी देवी पुलिस चौकी के कार्यकारी प्रभारी हवलदार सुरजीत सिंह का कहना है कि पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों को भी चेक कर रही है।

### हर्षित ने एनएमएमएस छात्रवृत्ति परीक्षा की उत्तीर्ण



**बिझड़ी।** राजकीय उच्च पाठशाला चकमोह की नवमी कक्षा का छात्र हर्षित शर्मा ने एनएमएमएस परीक्षा उत्तीर्ण की है। मुख्याध्यापक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद अब हर्षित को 4 वर्ष तक प्रतिवर्ष 12000 रुपए छात्रवृत्ति राशि प्रदान की जाएगी। इस उपलब्धि के लिए हर्षित शर्मा को मिठाई व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। हर्षित ने इस सफलता का श्रेय अध्यापकों व अपने माता-पिता को दिया।

### कांग्रेस को चार दिन बाद आई कवरिंग कैंडिडेट की याद

**सुजानपुर।** आखिरकार चार दिन बाद सुजानपुर कांग्रेस को प्रत्याशी के लिए कवरिंग कैंडिडेट देने की याद क्यों आई। क्या कांग्रेस पार्टी ने जो सुजानपुर विधानसभा में उपचुनाव के लिए घोषित किए गए उम्मीदवार या अपने ही लोगों को भरोसा नहीं रहा। इस बात पर सुजानपुर कांग्रेस स्थिति स्पष्ट करे। यह बात सुजानपुर भाजपा मंडल महामंत्री जगन कटोच, अनिल कौशल, मीडिया प्रभारी सुधीर भटनागर आदि ने कही। उन्होंने कहा कि जिस तरह से लगातार सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता राजेंद्र राणा के साथ भाजपा में शामिल हो रहे हैं। इस बात को देखकर सुजानपुर कांग्रेस सकते में है और यही ख्याल उनके मन में आ रहे हैं कि कहीं मौके पर हमारा प्रत्याशी भी हमारी पार्टी को छोड़कर फिर से भाजपा में न चला जाए। उन्होंने कहा कि पहली बार ऐसा देखा गया है कि उम्मीदवार के नोमिनेशन के तीन दिन बाद कवरिंग कैंडिडेट दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुजानपुर में कांग्रेस को प्रचार प्रसार करने के लिए कार्यकर्ता नहीं मिल रहे क्योंकि 60 से 70 प्रतिशत सुजानपुर कांग्रेस के कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं और राजेंद्र राणा के साथ काम कर रहे हैं।

### जयराम पराजय देखकर खो चुके हैं मानसिक संतुलन : भारती

**हमीरपुर।** जिला भाजपा के अध्यक्ष सुमन भारती ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि जयराम ठाकुर पिछले एक महीने से 4 जून को सरकार बदल जाएगी, का राग अलाप रहे हैं। वह 6 की 6 विधानसभा उपचुनाव सीटें जीतने के हसीन सपने देख रहे हैं। उन्होंने बुधवार को अपने ही बयान को बदल दिया है। मंडी में लोकसभा उम्मीदवार के नामांकन के बाद जयराम ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 4 जून के बाद अब कांग्रेस प्रदेश में नेतृत्व परिवर्तन करने जा रही है। जिला कांग्रेस के मीडिया प्रभारी अंशुल शर्मा ने कहा है कि साफ स्पष्ट है कि जयराम ठाकुर अब यह मान रहे हैं कि 6 विधानसभा सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवार विजयी हो रहे हैं। भाजपा की सरकार बनने के कोई 'चांस' नहीं हैं, इसलिए अब उन्होंने एक नया शगूफा छोड़ा है। कांग्रेस पार्टी मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में ही आगे बढ़ेगी और प्रदेश के सतत विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेगी।

### भाजपा ने पपलाह-रिहड़ा में किया डोर-टू-डोर प्रचार

**भरेड़ी।** हमीरपुर संसदीय लोकसभा के प्रत्याशी अनुराग ठाकुर को पांचवीं बार लोकसभा हमीरपुर का सांसद बनाने के लिए व नरेंद्र मोदी को देश का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए पपलाह व रीहड़ा गांव में डोर टू डोर प्रचार किया व स्टीकर लगाए और केंद्र सरकार द्वारा चलाई योजनाओं की जानकारी दी।



इस जनसंपर्क अभियान में भाजपा के प्रदेश सचिव एससी मोर्चा दिनेश भाटिया, पूर्व बूथ अध्यक्ष मास्टर परमानंद, बूथ अध्यक्ष वीरी सिंह विक्रम, बूथ अध्यक्ष योगिंद्रपाल वर्मा, रवि कुमार खड्डा, कमल देव आदि मौजूद रहे।

### ढटवालिया ने बिझड़ी में लोगों से मांगा समर्थन

**बिझड़ी।** कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष चंद्र ढटवालिया ने बुधवार को बिझड़ी पंचायत में डोर टू डोर प्रचार किया। उन्होंने मंगलवार को अपना नामांकन दाखिल किया है। उनका कहना है कि कांग्रेस पार्टी ने आपदा के दौरान हर एक व्यक्ति की मदद की है। कांग्रेस सरकार विपरीत परिस्थितियों में भी हर एक जनमानस की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत रहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा लोगों को धर्म और जाति के नाम पर बांटने का काम करती है। एक जून को होने वाले विधानसभा उपचुनावों में प्रदेश के लोग कांग्रेस के पक्ष में वोट डालेंगे और बड़सर से कांग्रेस प्रत्याशी की भारी मतों से जीत होगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक मनजीत सिंह डोगरा, कांग्रेस जिला महासचिव पवन कालिया पूर्व प्रधान जगत राम शर्मा, विक्का राम शर्मा आदि उनके साथ जीत को सुनिश्चित करने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं।

### सान्या कटोच ने एप्टीट्यूड ओलंपियाड में जीता स्वर्ण

**नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में सिल्वर जोन इंटरनेशनल ओलंपियाड प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया, जिसमें कक्षा 12वीं कक्षा की सान्या कटोच ने इंटरनेशनल रिजनिंग और एप्टीट्यूड ओलंपियाड प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया। अंतराष्ट्रीय ओलंपियाड विज्ञान प्रतियोगिता में भी सान्या कटोच स्वर्ण पदक हासिल किया। दसवीं की वंशिका शर्मा ने इंटरनेशनल ओलंपियाड विज्ञान प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया, वहीं दसवीं की मौली शर्मा ने इंटरनेशनल ओलंपियाड अंग्रेजी प्रतियोगिता और सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया, नौवीं की आकृति ठाकुर ने इंटरनेशनल ओलंपियाड सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में भी कांस्य पदक हासिल किया। प्रधानाचार्य आरती कटोच ने बच्चों को बधाई दी और आने वाली परीक्षाओं में इस तरह मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

### अनुराग के प्रोजेक्टों पर कांग्रेस डालती रही अड़ंगा : बिक्रम

**हमीरपुर।** लोकसभा चुनावों में संसदीय क्षेत्र के प्रभारी और पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस हमेशा चुनावों के समय झूठ बोलती है, इसलिए जनता अब कांग्रेस की झूठी गारंटियों व उनके झूठ को समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस के नेता किस मुंह से जनता के बीच जाकर वोट मांग रहे हैं। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लिए केंद्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर बड़े-बड़े प्रोजेक्ट लाते रहे और कांग्रेस उन्हें रुकवाने में लगी रही। उन्होंने कहा कि देहरा में अनुराग ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी कई साल पहले लाई थी, लेकिन कांग्रेस सरकार ने उसको जमीन नहीं दी। वर्ष 2012 से 2017 तक इसका कार्य कांग्रेस सरकार ने लटका रखा। इसी तरह अनुराग हमीरपुर में मेडिकल कॉलेज के लिए केंद्र से बजट लाए, लेकिन प्रदेश में कांग्रेस सरकार ने इसका कार्य नहीं होने दिया। बिक्रम ने कहा कि अनुराग ठाकुर ने केंद्र से बहुत प्रोजेक्ट स्वीकृत करवाए। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर पहले ऐसे सांसद हैं, जो कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लोगों के बीच रहकर उनकी समस्याओं को हल करवाने के लिए नई-नई योजनाएं शुरू करवाते हैं। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस नेता झूठ बोलकर जनता को ठगने का काम कर रहे हैं।

### मुख्यमंत्री सुक्खू 17 को करेंगे जनसभाएं

**कुठेड़ा।** मुख्यमंत्री ठाकुर सिंह सुक्खू सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में उपचुनावों की 17 मई को खुद कमान संभालेंगे। मुख्यमंत्री कांग्रेस प्रत्याशी कैप्टन रणजीत सिंह राणा के पक्ष में सुजानपुर क्षेत्र में सुबह साढ़े 10 बजे जोल-पलाही, साढ़े 12 बजे खैरी गौशाला, 3 बजे कक्कड़, 4.30 बजे उटपुर, 6 बजे ऊहल, 7.30 बजे शाम को पटनौण में जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

# निजी स्कूलों की अवधारणा अब सरकारी स्कूलों में भी होगी पूरी

## सरकारी स्कूलों में पहली और दूसरी के बच्चों को शिक्षक देंगे अंग्रेजी माध्यम की बेहतर शिक्षा

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

सरकारी स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई न होने से अकसर अभिभावक प्राइवेट स्कूलों में अपने बच्चे को डाल देते हैं, जबकि सरकारी स्कूलों में भी बेहतर सुविधाएं दी जा रही हैं और अब इस शैक्षणिक सत्र से सभी प्राथमिक स्कूलों में भी अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई शुरू कर दी है। इसके लिए प्रदेश सरकार की ओर से सरकारी स्कूलों के जेबीटी टीचरों को अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई करवाने के आसान तरीके बताए गए।

गौर रहे कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल हमीरपुर में हमीरपुर ब्लॉक के जेबीटी टीचरों की दो दिवसीय ट्रेनिंग बुधवार को संपन्न हो गई है। जिला हमीरपुर के 92 प्राइमरी स्कूलों में पहली व दूसरी कक्षा के स्टूडेंट्स को इंग्लिश मीडियम में पढ़ाया जा रहा है। इसी के मद्देनजर जेबीटी टीचरों को इंग्लिश मीडियम में बच्चों को सरल तरीके से पढ़ाने के टिप्स दिए जा रहे हैं, ताकि सरकारी स्कूलों के छात्र भी प्राइवेट स्कूलों के स्टूडेंट्स की तरह फर्राटेदार इंग्लिश स्कूलों में बोल सकें। टीचरों के पहले चरण के बैच में 85 के करीब जेबीटी टीचर भाग ले रहे हैं, जबकि अन्य शेष टीचरों को 17 व 18 मई को कार्यशाला आयोजित की जा रही है। प्रदेश सरकार ने इसके लिए सरकारी स्कूलों में पहली व दूसरी कक्षा में पढ़ रहे स्टूडेंट्स की पढ़ाई भी इंग्लिश मीडियम में पढ़ाने का निर्णय लिया है, ताकि दूर-दराज क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में भी स्टूडेंट्स को इंग्लिश मीडियम में शिक्षक पढ़ा सकें। इसके लिए सभी स्कूलों में किताबें पहले ही आ चुकी हैं और अब कार्यशाला में नए तरीके सीखकर टीचर अपने अपने स्कूलों में स्टूडेंट्स को शिक्षा देंगे।



बाल स्कूल में जेबीटी अध्यापक प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेते हुए।

खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी हमीरपुर सुरेंद्र कुमार ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यशाला के बाद सभी शिक्षक 100 प्रतिशत ट्रेंड हो जाएंगे। ग्रुप रिसोर्सपर्सन हायर से राजीव रांगड़ा, गणित की प्रवक्ता सुषमा धीमान व हैडटीचर नरेश ने शिक्षकों को नए तरीके से पढ़ाने बारे जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब सरकारी स्कूल भी प्राइवेट स्कूलों को टक्कर दे पाएंगे। (अनंत ज्ञान)

## जलाड़ी के ऐतिहासिक तालाब की खुदाई में एक और मूर्ति निकली

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**



पंचायत जलाड़ी में मिली एक और मूर्ति।

उपमंडल नादौन की पंचायत जलाड़ी में 150 वर्ष प्राचीनतम तालाब की सफाई के चलते आज दूसरे दिन एक और पुरानी कलाकृति की मूर्ति खुदाई में मिलने का मामला प्रकाश में आया हैं।

इससे पहले इस तालाब की सफाई के दौरान भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमान एवं एक पुरानी मूर्तियां मिली थीं, लेकिन आज एक और मूर्ति इस तालाब की खुदाई में मिली है। बीडीओ नादौन निशांत शर्मा ने इन सब मूर्तियों के मिलने की पुष्टि की है। वहीं जलाड़ी के प्रधान जगमोहन डोगरा ने बताया कि खंड विकास अधिकारी के आदेशानुसार इस सब मूर्तियों को पंचायत के स्थानीय शिव मंदिर में रख दिया गया हैं एवं तालाब की खुदाई का काम अभी भी जारी है। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान फॉलोअप

## मोदी सरकार ने किए सर्वश्रेष्ठ काम : अंकुश

**हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी व मीडिया पैनलिस्ट अंकुश दत्त शर्मा ने जारी प्रेस बयान में कहा कि कांग्रेस ने भगवान राम के अस्तित्व और भारतीय सेवा के पराक्रम पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस ने अयोध्या में राम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर निर्माण का विरोध किया है तो जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाने का भी विरोध किया है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले आए दिन बड़े-बड़े भ्रष्टाचार सामने आते थे। उसके बाद भ्रष्टाचार के मामलों में बड़ी कमी आई। आंतरिक सुरक्षा मामले में देश मोदी सरकार ने सर्वश्रेष्ठ काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब कल्याण योजनाएं चलाकर देश के गरीबों का भला किया। देश के विकास के लिए काम किए। देश की जनता ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर इस बार जनता के आशीर्वाद से 5 लाख से अधिक मतों से जीत हासिल करेंगे।

## लखनपाल ने कांग्रेस-सीटू की मिलीभगत पर उठाए सवाल



कुआं चौक बिझड़ी में बैठक करते सीटू कार्यकर्ता।

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

सीटू के बैनर तले सैकड़ों मजदूरों की बैठक कुआं चौक बिझड़ी में आयोजित की गई। इस दौरान मजदूरों को चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे बताया जा रहा था, हालांकि सभा के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष चंद्र ढटवालिया वहां पहुंचे, जिस पर पूर्व विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने सवाल उठाए हैं।

उन्होंने कांग्रेस पर मनरेगा मजदूरों के कामगार कल्याण बोर्ड की पंजीकरण पुस्तिका रिन्यू करने के नाम पर वोटों के ध्रुवीकरण का गंभीर आरोप जड़ा है। लखनपाल ने कहा है कि कांग्रेस इसके लिए सीटू को मोहरा बना रही है। बिझड़ी में बुधवार को हुई सीटू की बैठकों में कांग्रेस नेताओं की मौजूदगी में सीटू नेता मनरेगा मजदूरों को कांग्रेस के पक्ष में वोटिंग का दबाव बना रहे थे, लेकिन आज के जागरूक वोटर कांग्रेस-सीटू के इस झांसे में न आकर गुस्से में वहां से निकल गए।

कांग्रेस के इस खेल का खुलासा बैठक में गई महिला मनरेगा मजदूरों ने ही किया है। उन्होंने चुनाव आयोग को कांग्रेस-सीटू की इन हरकतों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है।

### सीटू का भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान

**बड़सर** विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी सुभाष ढटवालिया और लोकसभा प्रत्यासी सतपाल रायजादा के हक में सीटू ने बिझड़ी ब्लॉक के कुआं चौक पर मजदूरों की आम सभा की और भाजपा को हराने का संकल्प लिया। सभा को श्रमिक कल्याण बोर्ड से चेयरमैन नरदेव कंवर व अरुण ठाकुर, मनजीत सिंह डोगरा, कश्मीर सिंह, बड़सर विधानसभा प्रत्याशी सुभाष ढटवालिया ने संबोधित किया। कश्मीर सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने पूंजीपतियों को फायदा देने के लिए मजदूरों की सुरक्षा के लिए बने श्रम कानून खत्म कर चार नए लेबर कोड बनाए जो मजदूरों को बंधुआ मजदूरी की तरफ ले जाएंगे।

उन्होंने कहा की मोदी सरकार देश में तानाशाही को थोप रहे हैं। नरदेव कंवर ने कहा कि प्रदेश के निर्माण मजदूरों को उनके अधिकारों को सुनिश्चित करेंगे और पूर्व सरकार द्वारा पैदा की गई अड़चनों को दूर करेंगे। उन्होंने भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने का आह्वान किया और बड़सर विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष ढटवालिया और लोकसभा के लिए सतपाल रायजादा को वोट देने की आह्वान किया। इस अवसर पर कांग्रेस महासचिव पवन कालिया, अरुण ठाकुर, धर्म सिंह, कमल पठानिया, राजेश बन्याल, विनोद लखनपाल, विजय ढटवालिया सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता भी इस बैठक में उपस्थित रहे।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत धैल गांव में लोगों को किया जागरूक




सुजानपुर। स्वीप कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत चलोह के धैल गांव के मिडिल स्कूल में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीडीओ सुजानपुर राजेश्वर भाटिया ने लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर पंचायत के प्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे।

## लोगों में फिर जगी हैं स्पाइस पार्क खुलने की आस

**बड़ा।** नादौन विधानसभा क्षेत्र के लोगों को कस्बा बड़ा में एक बार फिर स्पाइस पार्क खुलने की आस दिखाई दे रही हैं। जब से मुख्यमंत्री सुक्खू ने यह बात अपने नादौन विधानसभा क्षेत्र के कस्बा बड़ा के मंगली, गूगा में हाल ही में हुए एक कार्यक्रम के दौरान लोगों के समक्ष कही थी। उन्होंने कहा था कि कस्बा बड़ा में स्वीकृत स्पाइस पार्क को खोलने के लिए अतिशीघ्र संभावनाएं तलाशी जाएंगी। लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री सुक्खू जो बात कहते हैं उसे सकारात्मक रूप आवश्य देते हैं। लोगों में यह भी चर्चा है कि मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा कस्बा बड़ा में स्पाइस पार्क की स्थापना करने से यहां के विपक्षी पार्टी के नेता आए दिन मुख्यमंत्री सुक्खू पर हमलावर करते रहते हैं। उस पर भी विराम लग जाएगा।

## एनएमएमएस की छात्रवृत्ति के लिए बाल स्कूल के छात्र का चयन



**नादौन।** प्रदेश भर में हुई नेशनल मींस कम मेरिट स्कॉलरशिप (एनएमएमएस) परीक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाल नादौन के 9वीं कक्षा के छात्र रितेश पटियाल ने पास कर विद्यालय का नाम भी रोशन किया। प्रिंसिपल दिले मोहम्मद पोसवाल ने रितेश को नोटबुक, पेन व कैश प्राइज देकर सम्मानित किया। उन्होंने अन्य स्टूडेंट्स को भी इसी तरह कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर डॉ. सतीश शर्मा व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## दी पाहलू कृषि सेवा प्रबंधक समिति के चुनाव 24 मई को

**बिझड़ी।** दी पाहलू कृषि सेवा सहकारी सभा प्रबंधक समिति की बैठक प्रधान कश्मीर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। सचिव मुकेश कुमार ने बताया कि सभा की प्रबंधक समिति का कार्यकाल 24 जून को खत्म हो रहा है। जिसके चलते सभा के चुनावों की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सभा के आगामी चुनाव 24 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा। उन्होंने कहा कि सभा कार्यक्षेत्र के 7 वार्डों में विभाजित कर दिया गया है। चुनाव सुचारु रूप से करवाने के लिए सभा के निर्वाचन अधिकारी, पंजीयन अधिकारी व चुनाव प्रबंधक की नियुक्ति की जाएगी।

## जिला समन्वयक की अध्यक्षता में सीयूईटी-यूजी की परीक्षा संपन्न



**हमीरपुर।** जिला हमीरपुर के तीन केंद्रों में डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर, डीएवी कांगू व सेवन स्टार मे सीयूईटी-यूजी (कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट-अंडर ग्रेजुएट) की परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा के जिला समन्वयक व डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर के प्रधानाचार्य विश्वास शर्मा ने बताया कि परीक्षा के आयोजन के लिए प्रशासन और विद्यालय प्रबंधन ने मिलकर बेहतरीन तैयारियां की थीं, जिससे सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा देने में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा का संचालन किया गया। सभी परीक्षार्थियों की थर्मल स्कैनिंग की गई। उन्होंने बताया कि ये परीक्षाएं 15 से 18 मई तक चलेंगी।

## अनुराग ठाकुर को मिल रहे जनसमर्थन से बौखलाई कांग्रेस : कमलेश कुमारी

**जाहू।** केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी अनुराग ठाकुर को मिल रहे अपार जनसमर्थन से कांग्रेस सकते में है। जहां भी अनुराग जा रहे हैं, उन्हें बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं का अपार समर्थन मिल रहा है।

अनुराग ने हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी और विकास के नए आयाम हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र में स्थापित किए हैं। हिमाचल जैसे छोटे से राज्यों के लिए अनुराग ठाकुर ने अभूतपूर्व कार्य किया है। स्वास्थ्य सेवा एक से श्रेष्ठ केंद्रों में बच्चों को मुफ्त में शिक्षा प्रदान करना, खेल महाकुंभ के द्वारा युवाओं को नशे से बचाना आदि कई अवसर प्रदान किए हैं। उन्होंने कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में किए गए कार्यों को देखकर जनता का अपार स्नेह अनुराग को मिल रहा है और यही बात कांग्रेस अपने गले नहीं उतार पा रही है। इस बार अनुराग हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से इतिहास रचेंगे और 5 लाख से अधिक वोटों से विजय होंगे।

## रविंद्र डोगरा ने व्यापारियों से मांगा समर्थन

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के एनसीपी के प्रत्याशी रविंद्र सिंह डोगरा ने बुधवार को सुजानपुर बाजार में पहुंचकर व्यापारियों से अपने लिए वोट की अपील की। इस अवसर पर उन्होंने डोर-टू-डोर व्यापारियों के पास पहुंचकर अपने लिए समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि सुजानपुर की समस्याओं को जीतने के बाद हल किया जाएगा।

डोगरा ने कहा कि दलबदलुओं से जनता परेशान है, क्योंकि सुजानपुर की जनता के पास कभी कोई अच्छा विकल्प विधायक के लिए नहीं था, इसलिए उनको मजबूरी वश अपना वोट भाजपा या कांग्रेस के प्रत्याशी को डालना पड़ता था। उन्होंने कहा कि इस बार उनके रूप में सुजानपुर की जनता के पास एक अच्छा विकल्प मौजूद है। रविंद्र ने बताया कि उनके द्वारा जारी दृष्टि पत्र में स्वास्थ्य, रोजगार, ओपीएस और शिक्षा जैसे मुद्दे शामिल हैं। डोगरा ने कहा कि केवल वह ही एकमात्र ऐसे प्रत्याशी हैं, जो सुजानपुर के लिए केंद्र और राज्य दोनों से काम करवाने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें सुजानपुर की जनता से भारी जनसमर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा व कांग्रेस से प्रदेश की जनता ऊब चुकी है। इस बार सुजानपुर की जनता तीसरे विकल्प को चुनेगी। सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र से उनके प्रति जबरदस्त जनसमर्थन मिल रहा है। एक जून को होने वाली वोटिंग में लोग उनको वोट देंगे।

## स्त्री के जीवन में उसके 3 पुरुष रक्षक होते हैं, पिता, पति व पुत्र



कस्बा बड़ा के धंगड़ में भागवत कथा सुनते हुए लोग।

**अनंत ज्ञान, बड़ा**

उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा के धंगड़ में चल रहे भागवत सप्ताह के दौरान कथा वाचक अभिषेक सारस्वत ने बताया कि स्त्री के जीवन के तीन पुरुष उसके रक्षक होते हैं जब वह पैदा होती हैं तो उसके बचपन में उसका पालन पोषण उसका पिता करता हैं। शादी के बाद उसका रक्षक उसका पति होता हैं जो उसके हर सुख-दुख में उसके साथ खड़ा रहता हैं। बुढ़ापे में उसकी देखभाल उसका बेटा करता है यही जीवन का सत्य है।

## प्रदेश सरकार के पास चुनाव लड़ने के लिए न उम्मीदवार, न नेता : भाजपा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

अनुराग ठाकुर के माध्यम से केंद्र की तमाम योजनाओं का सीधा लाभ सुजानपुर की जनता को मिला है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई गई तमाम योजनाओं से हर फील्ड में काम करवाया है। यह बात सुजानपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रो. विक्रम राणा ने कही।

उन्होंने कहा कि सुजानपुर को टूरिज्म की दृष्टि से विकसित किया जा सके, इसके लिए केंद्रीय मंत्री के प्रयासों से पैराग्लाइडिंग ट्रायल हुआ उसके बाद पैराग्लाइडिंग साइट को बनाने का कार्य शुरू किया गया। जल्द ही उस स्थान से मानव परिंदे हवा में उड़ते हुए नजर आएंगे जो सुजानपुर शहर के लिए व्यापारिक एवं पर्यटन की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की मौजूदा समय में यह स्थिति आ गई है कि उनके पास न तो उम्मीदवार है और न ही नेता है। चुनाव लड़ने के लिए जबरन उम्मीदवारों को मैदान में लाना पड़ रहा है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण हमीरपुर संसदीय क्षेत्र का है, यहां अनुराग ठाकुर के सामने चुनाव मैदान में उतरने से खुद प्रदेश के मुखिया और उपमुख्यमंत्री पीछे हट गए।

उन्होंने कहा कि अनुराग के प्रयासों से गोद ली हुई पंचायत दाड़ला में हेलिपेड का निर्माण कार्य चला है। सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में यह पहला हेलिपेड होगा। इसके साथ-साथ बात अगर सीआरएफ के तहत बनने वाले मार्गों की हो प्रधानमंत्री सड़क योजना की बात हो हर क्षेत्र को सड़क सुविधा से जोड़ने का कार्य अनुराग ठाकुर ने किया है।

**जांच** हमीरपुर संसदीय क्षेत्र, सुजानपुर और बड़सर विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन पत्रों की जांच पूरी

# हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में 12 उम्मीदवार मैदान में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

लोकसभा आम चुनाव-2024 और विधानसभा उपचुनाव के लिए बुधवार को जिला हमीरपुर में भी नामांकन पत्रों की जांच पूरी हो गई। जांच के दौरान सभी नामांकन पत्र सही पाए गए हैं। संसदीय क्षेत्र 3-हमीरपुर में भाजपा, कांग्रेस और बसपा के उम्मीदवारों के नामांकन पत्र सही पाए जाने के कारण इनके कवरिंग कैंडीडेट स्वत: ही बाहर हो गए और अब यहां 12 उम्मीदवार ही मैदान में हैं।

इन 12 उम्मीदवारों में भाजपा के अनुराग ठाकुर, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सतपाल सिंह रायजादा, बहुजन समाज पार्टी के हेमराज, एवं सनातन भारत दल के अरुण अंकेश स्याल, भारतीय जवान किसान पार्टी के कुलवंत सिंह, राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के जगदीप कुमार और अखिल भारतीय परिवार पार्टी के सुमित के अलावा 5 निर्दलीय प्रत्याशी गरीब दास कटोच, गोपी चंद, नंद लाल, रमेश चंद सारथी और सुरेंद्र कुमार के नाम भी शामिल हैं।

**सही पाए गए सभी नामांकन पत्र, कुल 23 उम्मीदवार मैदान में, 17 मई तक वापस लिए जा सकते हैं नाम**

विधानसभा क्षेत्र 37-सुजानपुर में भी सभी 8 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र सही पाए गए हैं। इनमें भाजपा के राजेंद्र राणा, कांग्रेस के रणजीत सिंह राणा और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के रविंद्र सिंह डोगरा के अलावा पांच निर्दलीय प्रत्याशी अनिल राणा, राजेश कुमार, शेर सिंह, अनीता कुमारी और राजिंद्र सिंह वर्मा भी शामिल हैं।

उधर, विधानसभा क्षेत्र 39-बड़सर में भी तीनों उम्मीदवारों के नामांकन पत्र सही पाए गए हैं। इन उम्मीदवारों में भाजपा के इंद्रदत्त लखनपाल, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सुभाष चंद और निर्दलीय विशाल शर्मा शामिल हैं। हमीरपुर के उपायुक्त एवं संसदीय क्षेत्र 3-हमीरपुर के निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने बताया कि बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच पूरी कर ली गई है और उम्मीदवार 17 मई तक अपने नाम वापस ले सकते हैं।

# सरकार की संपत्ति को पहुंचा रहे नुकसान लोगों ने सीएम को भेजा शिकायत पत्र

## जंगलों में लगी आग के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को ठहराया जिम्मेदार


जंगल में लगी भीषण आग जिस कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले के तहत गांव लमलैहड़ी में सरकार की मलकीयती भूमि व जंगल जो कि वन विभाग के अंतर्गत है, उन में आजकल आग लगाकर उक्त भूमि को जलाकर राख कर दिया गया है। इस बारे में अब तक काई भी जांच तक नहीं की जा रही है।

इन जंगलों और सरकारी भूमि जो सिलिग एक्ट के अंतर्गत सरकार ने अधिग्रहण की है, उन्हें आग के हवाले किया जा रहा है। जंगलों में लगने वाली आग की जांच करवाना बहुत हीआवश्यक है। स्थानीय लोगों का कहना है कि राजस्व विभाग के अधिकारी, कर्मचारी व वन विभाग के वनरक्षक अपने पद का सही उपयोग नहीं कर रहे हैं। यदि यह अपने पद का सही उपयोग करें तो जंगलों को आग से बचाया जा सकता है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाए हैं कि वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी अवैध कटान को पहले तो अंजाम देते हैं, फिर यही लोग सच्चाई छुपाने के लिए जंगलों में आग लगा देते हैं, ताकि कोई जांच हो तो पता न चल सके। लोगों का कहना है कि वर्ष 1994 से पहल जंगलों का प्रबंध राजा महिंद्र पॉल किया करते थे, तब जंगल क्यों नहीं जलते थे क्योंकि उनके कर्मचारी पूरी ईमानदारी से काम करते थे।

स्थानीय लोगों ने मांग की है कि सरकार इस ओर ध्यान दे ताकि जंगल आग से बच सकें। सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर हर वर्ष जंगलों में पौधरोपण करवाती है, लेकिन आग लगने से ये सारे नष्ट हो जाते हैं, ऐसे में सरकार को हर तरफ से चपत लग रही है। ऊना के डीएफओ सुशील राणा ने बताया कि वनों में पत्तियां गिरने और ज्यादा मात्रा में ईंधन एकत्रित होने के कारण कई दफा घासनियों की आग आगे फैलती है। इससे अलग कोई कारण नहीं हो सकता।

कुछ लोगों को भ्रम हो सकता है, अगर कोई तथ्य प्रमाण हैं तो विभाग को उपलब्ध करा सकते हैं।

## पॉलीक्लीनिक में समस्याओं को लेकर की चर्चा

**ऊना।** एक्स सर्विसमेन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम की सलाहकार समिति की बैठक ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक रामपुर ऊना में हुई। इसकी अध्यक्षता प्रभारी सेवानिवृत्त कर्नल श्याम सुंदर शर्मा ने की। इसमें सलाहकार समिति के सदस्य सेवानिवृत्त कर्नल कुलदीप सिंह, कैप्टन शक्ति चंद, लेफ्टिनेंट एसपी शर्मा एवं वेटरन राजेंद्र कुमार शर्मा ने भाग लिया। इस बैठक में ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक रामपुर ऊना की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई और उनका मौके पर समाधान किया गया।

चर्चा के दौरान कर्नल श्याम सुंदर शर्मा ने बताया की ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक मरीजों का रजिस्ट्रेशन सुबह 8.30 से 1.30 बाद दोपहर तक है। प्रशासनिक कार्यों के लिए बाद दोपहर 2.30 से 4 बजे का समय निर्धारित किया गया है। रविवार और छुट्टियों के दौरान पॉलीक्लिनिक बंद रहेगा। यह आदेश उच्च अधिकारियों द्वारा दिए गए हैं, जिनका पालन सभी पॉलीक्लीनिक कर रहे हैं। प्रभारी ने सभी ईसीएचएस लाभार्थियों से अपील की है कि वे रजिस्ट्रेशन के समय का खास ध्यान रखें। इमरजेंसी में मरीज कभी भी सीधा इंपैनल्ड हॉस्पिटल में जा सकते हैं।

### आईटीआई बंगाणा में हस्ताक्षर अभियान और वोटर विद सेल्फी कार्यक्रम आयोजित

## छात्रों ने लिया मतदान करने का संकल्प


हस्ताक्षर अभियान और वोटर विद सेल्फी कार्यक्रम में आईटीआई बंगाणा के प्रशिक्षुओं के साथ गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

स्वीप और निर्वाचक सहभागिता भारत निर्वाचन आयोग कार्यक्रम के अंतर्गत होने वाले आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से गवर्नमेंट आईटीआई बंगाणा में हस्ताक्षर अभियान और वोटर विद सेल्फी कार्यक्रम करवाया गया। इसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

सभी छात्रों ने आगामी चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कुटलैहड़ 45 विधानसभा स्वीप के नोडल ऑफिसर प्रो. सिकंदर नेगी ने बताया कि लोगों को जागरूक करने के लिए स्वीप के माध्यम से विभिन्न तरह के एक्टिविटी, सोशल मीडिया व प्रचारकों का प्रयोग किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि अधिकतर लोग अपना मत का पहली बार प्रयोग करेंगे। इसके लिए हर स्तर पर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। लोकतंत्र में मताधिकार किसी भी व्यक्ति की सबसे बड़ी ताकत होती है। हमें प्रत्येक चुनाव में मतदान करके एक जिम्मेदार नागरिक का परिचय देना चाहिए। आज जन्मानस को अपने मत का आगामी होने वाले चुनाव में प्रयोग करने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न तरह के गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, ताकि हर नागरिक इस लोकतंत्र के पर्व में अपने मतदान का प्रयोग कर हमारे भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था को और सुदृढ़ करेंगे।

## मोहम्मद ने एनएमएमएस परीक्षा पास कर चमकाया दौलतपुर स्कूल का नाम


मेधावी छात्र मोहम्मद अफजल स्कूल स्टाफ के साथ।

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**

सफलता तब आती है, जब मेहनत और लगन का सही मिश्रण हो। ये शबद दौलतपुर चौक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य सनम ने कहे। उन्होंने कहा कि आज हर कोई हर क्षेत्र में सफल बनना चाहता है, लेकिन जीवन में सफलता पाने का रास्ता बहुत ही कठिन होता है, अगर बीच में थोड़ी सी भी नकारात्मक बातें आ जाती हैं तो हम रास्ता भटक जाते हैं, आगे बढ़ने का हौसला टूट जाता है, परंतु अगर हम सकारात्मक सोचते हैं, तो हम जीवन में आगे प्रगति कर सकते हैं।

इसी कड़ी में राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दौलतपुर चौक के मुहम्मद अफजल ने नेशनल मीन्स कम मैरिट स्कॉलरशिप परीक्षा पास कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय की प्रधानाचार्य सनम ने इस होनहार छात्र व अभिभावकों और विद्यालय के समस्त स्टाफ को शुभकामनाएं दीं।

## वीपीएस स्कूल के मेधावी छात्र किए सम्मानित


वीपीएस स्कूल के 10वीं और 12वीं कक्षा के मेधावी विद्यार्थी, जिन्होंने सीबीएसई द्वारा घोषित परिणाम में अच्छे अंक प्राप्त किए।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

सीबीएसई की ओर से घोषित 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में वीपीएस स्कूल के 90 फीसद से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों तथा उनके अभिभावकों को आज स्कूल के प्रांगण में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल मैनेजमेंट व अभिभावकों के बीच छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन व उनके भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई।

अभिभावकों ने इस सफलता का श्रेय स्कूल स्टाफ और मैनेजमेंट को दिया और उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की। वशिष्ट पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने बताया कि स्कूल के 27 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 12वीं कक्षा के कॉमर्स संकाय में शिवांश ने 96 फीसद अंक लेकर जिला ऊना में प्रथम स्थान हासिल किया। विज्ञान संकाय में वशिष्ट पब्लिक स्कूल के ऋत्विक सैनी ने 96 फीसद अंक लेकर जिला ऊना में प्रथम स्थान हासिल किया। दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में वशिष्ट पब्लिक स्कूल की छात्रा राशि ने 97 फीसद अंक लेकर जिला ऊना में प्रथम स्थान हासिल किया है।

पिछले वर्ष भी जिला ऊना में वशिष्ट पब्लिक स्कूल के तीन छात्रों ने प्रथम स्थान हासिल किया था। 90 फीसद से अधिक अंक प्राप्त करने वाले ऋतिक सैनी, अखिलेश साहनी, आदित्य लाल, ईशान शर्मा, कनिष्का विज, अमिति शर्मा, आकांक्षा रायजादा, हरमनजोत कौर, शिवांश, तनुष भोगल, शगुन ठाकुर, अंबिका रसिन, समर्थ, जैसमीन कौर, राशि, वृंदा, श्रुति सुधा पांडा, आंचल, आयुषी रायजादा, प्रांजल कौशल, अनुष्का, विनायक राणा, आशीष, अनामिका पुरी, रितिका, अक्षित सिंह और अरनव छाबड़ा अपने अभिभावकों के साथ स्कूल में उपस्थित रहे। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट ने अभिभावकों को बधाई दी और उनका स्कूल पर विश्वास जताने पर धन्यवाद किया।

इस अवसर पर स्कूल के सीनियर वाइस प्रेजिडेंट राज वशिष्ठ उपस्थित रहे। स्कूल के चेयरमैन सतपाल वशिष्ट ने अभिभावकों को यह भरोसा दिलाया कि वशिष्ट पब्लिक स्कूल की टीम भविष्य में भी इस तरह के परिणाम देती रहेगी।

## हमीरपुर लोकसभा से अनुराग लगातार पांचवीं बार होंगे विजयी : अजय ठाकुर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर लोकसभा से लगातार पांचवीं बार भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर की बड़ी जीत से कहीं न कहीं कांग्रेस पार्टी घबराई हुई है और उन्हें यह भी ज्ञात है कि वह पांच लाख की बढ़त से जीतने जा रहे हैं। इसलिए हार के डर से कांग्रेस पार्टी के नेता कभी विकास तो कभी अनुराग ठाकुर पर बेतुकी बयानबाजी करे जनता को गुमराह करने में लगे हुए हैं।



प्रदेश ह्यूमन राइट बिंग के चेयरमैन एवं जिला ऊना भाजयुमो के महामंत्री अजय ठाकुर ने बंगाणा में मीडिया से बात करते हुए कहा कि देश हो या फिर प्रदेश, कांग्रेस पार्टी का अस्तित्व खत्म होने जा रहा है। कांग्रेस के पास न नेता हैं और न नेतृत्व और न ही विकास का कोई विजन और हर मंच से बेतुकी बयानबाजी करके कांग्रेस नेता जनता में हंसी का पात्र बन रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कांग्रेस पार्टी को सलाह भी दी थी कि केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर एक बड़े कद के नेता हैं और हमीरपुर ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लोकप्रिय नेता हैं और कांग्रेस के पास अनुराग सिंह ठाकुर के मुकाबले कोई नेता नहीं है, जो लोकसभा चुनाव में अनुराग ठाकुर का मुकाबला कर ले, इसलिए हमीरपुर लोकसभा से कांग्रेस पार्टी अनुराग सिंह ठाकुर को निर्विरोध चुनकर लोकसभा भेज दें।

अजय ठाकुर ने दावा किया कि इस बार कुटलैहड़ से अनुराग ठाकुर को 40 हजार की बढ़त मिलने जा रही है, तो कुटलैहड़ से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो भी बीस हजार की बढ़त से जीत रहे हैं।

## उप्पर अरनियाला में वार्षिक भंडारा 19 मई को

**ऊना।** जिला मुख्यालय के साथ लगते गांव उप्पर अरनियाला में बाबा बालकनाथ मंदिर कमेटी की ओर से वार्षिक भंडारा व चौकी 19 मई को होगी। जानकारी देते हुए त्रिलोक सिंह ने बताया कि बाबा बालकनाथ जी का 8वां वार्षिक भंडारा व बाबा जी की चौकी रविवार को अप्पर अरनियाला में लगाई जा रही है।

इसमें बाबा जी का गुणगान पंजाब के प्रसिद्ध गायक गुरी धालीवाल, हैप्पी शहवाज, कंचन शर्मा व गुरप्रीत गुप्पी ऊना वाले करेंगे और बाबा जी का भंडारा अटूट चलेगा। कमेटी ने अभी से अपील की है इस कार्यक्रम में आप सभी बढ़-चढ़कर भाग लें और बाबा जी का आशीर्वाद प्राप्त करें। इस अवसर पर राजू बंगा, कमल बंगा, मिंटू बंगा, लाडी बंगा, निर्मल बंगा, हैप्पी बंगा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## एनएसएस कैंप के दौरान छात्रों ने स्कूल परिसर को संवारा


पिरथीपुर पाठशाला में एनएसएस स्वयंसेवी सफाई करते हुए।

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पिरथीपुर परिसर में एनएसएस स्वयंसेवियों ने श्रमदान कर साफ-सफाई की। यह एकदिवसीय शिविर एनएसएस प्रभारी सतीश सिंह मिन्हास व महिला प्रभारी पूनम देवी के नेतृत्व में लगाया गया। इसमें 35 लड़के तथा 25 लड़कियों ने भाग लिया।

नशे को जड़ से उखाड़ने के लिए स्वयंसेवियों ने स्कूल ग्राउंड व आसपास उगे भांग के पौधों को उखाड़ा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य परमीत सिंह ने कहा कि छात्र जीवन में शिक्षा के साथ सामाजिक कार्य के प्रति जागरूकता तथा सेवा भाव सीखने का भी विशेष महत्व है।

उन्होंने छात्रों को जीवन मे किसी भी परिस्थिति मे निराश न होने तथा अपने मे सच्ची लगन से आगे बढ़ने की सलाह दी। इस मौके पर हरविंद्र सिंह, प्रोमिला कुमारी, अमित कुमार, सुलोचना राणा, अभिनव पराशर, रेनू कुमारी, लेख राज, अंजना कुमारी, विनीत कुमार, श्वेता शर्मा, सुशील पठानिया, प्रशांत कुमार, भारती शर्मा, हरमेश सिंह, मनजीत कौर, सुनंदा कुमारी, चंद्रावली आदि उपस्थित रहे।

## कुटलैहड़ की जनता जानती है कौन है उनका सच्चा हितैषी : देवेंद्र

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**


भाजपा समर्थक देवेंद्र भुट्टो के साथ

कुटलैहड़ के भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो ने मोमनियर जिला पार्षद वार्ड के पंचायत बूढ़बार, बल्ह खोली आदि आधा दर्जन पंचायतों में जनसभा करके जनता से भाजपा के लिए समर्थन मांगा, वहीं कुटलैहड़ कांग्रेस प्रत्याशी पर खूब हमला भी बोला। देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि जिन्होंने कुटलैहड़ की जनता के लिए कुछ किया हो, बही हिसाब मांगने वाले होते हैं, जिन्होंने कुटलैहड़ की जनता के साथ हर समय गद्दारी की हो, उन्हे हिसाब मांगने का कोई हक नहीं।

भुट्टो ने कहा कि हमने 45 दिन पूर्व कुटलैहड़ कांग्रेस प्रत्याशी से एक प्रश्न किया था कि 1977 में कुटलैहड़ के विकास पुरुष कहे जाने वाले स्व. रणजीत सिंह पटियाल ने जिस नेता को कुटलैहड़ विस क्षेत्र से विधायक बनाया था और जब 1977 के कुटलैहड़ विस क्षेत्र की जनता को मुख्यमंत्री मिल रहा था तो किस विधायक के क्रॉसिंग वोट से कुटलैहड़ की जनता ने सीएम की कुर्सी को खोया था और वह किस परिवार से संबंध रखते थे। मेरे इस प्रश्न के उत्तर देने की बजाय कुटलैहड़से कांग्रेस प्रत्याशी इधर उधर की डींगे मारकर जनता का ध्यान भटका रहे हैं।

भुट्टो ने कहा कि कभी कांग्रेस, कभी आजाद, कभी हिबिका में जाकर कौन चुनाव लड़ता रहा है। इस पर भी कुटलैहड़ कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश डालें। भुट्टो ने कहा कि हमने भाजपा से सक्रिय राजनीति शुरू की थी और 18 वर्षों तक भाजपा में विभिन्न पदों पर रहकर भाजपा के झंडे, डंडे लगाए हैं। हमारी तो घर वापसी हुई है और हमने खुशी से घर वापसी की है, कोई गड़बड़ी नहीं की है। जिस अधिकारी ने आपदा में दस करोड़ के कुटलैहड़के राहत का ब्यौरा दिया है, उस अधिकारी को यह भी पता होगा कि दस करोड़ कुटलैहड़ की जनता में कहां बांटे हैं।

28 वर्षों से लगातार कुटलैहड़ की जनता के बीच रहकर उनके सुख-दुख में हिस्सेदारी निभा रहा हूं। कुटलैहड़ की जनता भली प्रकार जानती है कि कौन कुटलैहड़ की जनता का सच्चा हितैषी है और कौन नेता कुटलैहड़ की जनता के साथ गद्दारी करता है।

भुट्टो ने कहा कि जब राज्य में कोविड समय आया तो महाशय घर पर दुबके रहे और जब राज्य में आपदा आई तो कांग्रेस प्रत्याशी मुख्यमंत्री के साथ हेलिकॉप्टर में घूमते रहे, लेकिन कुटलैहड़की जनता की इनको याद नहीं आई। भुट्टो ने कहा कि अगर कुटलैहड़ की जनता के इतने हितैषी तो मुख्यमंत्री की अगल-बगल में बैठकर समय नष्ट न करते, बल्कि मुख्यमंत्री की नजदीकी का फायदा उठाकर कुटलैहड़ की जनता के लिए राहत पैकेज लेकर आते।

इस मौके पर कुटलैहड़ भाजपा चुनाव प्रभारी संजीव कटवाल, जिला पार्षद उपाध्यक्ष ऊना कृष्ण पॉल शर्मा, योगराज भारद्वाज, कैप्टन प्रीतम डडवाल, कैप्टन सुभाष चंद, अभय राणा, अजय शर्मा, सुदर्शन शर्मा, केवल शांडिल, शीशन ठाकुर, संजीव कुमार, सुमित वशिष्ठ, प्रधान रणजीत सिंह, प्रेम चंद के अलावा सैकड़ों गणमान्य सहित भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जनता के काम करने से होती है पहचान

देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि चुनाव जीतने के लिए नेता की अपनी खुद की पहचान होनी जरूरी है, लेकिन अपने हलके के पहचान भी तभी होती है, जब कोई काम जनता के लिए किया हो। भुट्टो ने कुटलैहड़ कांग्रेस प्रत्याशी पर तंज कसते हुए कहा कि टिकट को जेब में रखकर और सीएम के नाम पर वोट मांगने से जनता का समर्थन नहीं मिलता है। अगर खुद अपने क्षेत्र की जनता की समस्याओं का समाधान करवाया हो, तभी जनता समर्थन देती है। राज्य सरकार की डेढ़ वर्ष की कोई उपलब्धि नहीं है, जिसे जनता स्वीकार करे। जो कभी वार्ड पंच नहीं बन पाए, प्रधानमंत्री को सलाह देने की बात करते हैं

## सामान्य पर्यवेक्षक ने अधिकारियों से ली चुनाव प्रबंधों की जानकारी


पर्यवेक्षक श्याम लाल पूनिया अधिकारियों से चुनाव संबंधी प्रबंधों की जानकारी लेते हुए।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए हमीरपुर संसदीय क्षेत्र और विधानसभा उपचुनाव गगरेट और कुटलैहड़ के लिए नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक श्याम लाल पूनिया ने बंगाणा और गगरेट पहुंचकर अधिकारियों से चुनाव से संबंधित विभिन्न प्रबंधों की जानकारी ली तथा उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

उन्होंने अधिकारियों से ईवीएम-वीवीपैट स्ट्रांग रूम और मतगणना केंद्रों में आवश्यक प्रबंधों, मतदान डयूटी पर तैनात होने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रशिक्षण एवं उनके रहने-खाने के प्रबंधों, पुलिस और होमगार्ड्स की तैनाती, सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुविधाओं की स्थिति, सुविधा ऐप एवं सी-विजिल ऐप, व्यय निगरानी और अन्य प्रबंधों के बारे में प्रारंभिक रिपोर्ट ली। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लिए सामान्य पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किए गए वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्याम लाल पूनिया के मोबाइल नंबर 93172-83159 पर भी आम लोग शिकायत कर सकते हैं। सामान्य पर्यवेक्षक की ईमेल आईडी- श्यामलालपूनिया एट द रेट आईएएस. एनआईसी.इन पर भी शिकायत भेजी जा सकती है।

इस मौके पर एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल, एसडीएम गगरेट सौमिल गौतम, तहसीलदार बंगाणा अमित कुमार, नायब तहसीलदार अभिराय सिंह शर्मा उपस्थित थे।

**चुनाव** | बनगढ़ पुलिस बटालियन में शत-प्रतिशत मतदान के लिए किया प्रेरित

## मानव शृंखला बनाकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले में मतदाता जागरूकता को लेकर की गई एक रचनात्मक पहल में मानव शृंखला बनाकर लोगों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया। स्वीप कार्यक्रम के तहत आईआरबीएन बनगढ़ बटालियन के मैदान में बुधवार को आयोजित चुनाव जागरूकता कार्यक्रम में बटालियन के 100 से अधिक पुलिस कर्मियों ने साथ मिलकर मानव शृंखला बनाई।

इसमें भारत का नक्शा बना कर 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व', 'एक जून को वोट करेगा ऊना' का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त जतिन लाल और आईआरबीएन बनगढ़ बटालियन की कमांडेंट आकृति शर्मा विशेष तौर पर उपस्थित रहे। जतिन लाल ने कहा कि जिला प्रशासन चुनावों में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विशेष जागरूकता अभियान चलाकर मतदाता जागरूकता पर जोर दिया जा रहा है। ये अभियान चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान की दिशा में सार्थक साबित होंगे।


बनगढ़ पुलिस बटालियन में मानव शृंखला बनाकर मतदान करने का संदेश देते पुलिस कर्मी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि हमारा प्रयास है कि जिले में शत-प्रतिशत मतदान हो। पहली जून को सभी मतदाता अपने घरों से निकलकर संबंधित मतदान केंद्र पर अपना वोट अवश्य डालें और लोकतंत्र के इस पर्व में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि देश के भविष्य के निर्माण में प्रत्येक वोट महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी मतदाताओं को अपनी जिम्मेदारी निभाने तथा अन्यों को भी वोट डालने के लिए प्रेरित करने की अपील की।

वहीं, कमांडेंट आकृति शर्मा ने कहा कि आईआरबीएन बनगढ़ बटालियन जिला प्रशासन के मतदाता जागरूकता के प्रयासों में तत्परता से सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। चुनाव के इस उत्सव में सबकी भागीदारी सुनिश्चित बनाने में हम मिलकर प्रयास कर रहे हैं। इस मौके बटालियन के एकलव्य कला मंच के कलाकारों ने 'आया है त्योहार मतदान का, आओ मिलकर मतदान करें' गीत गाकर मताधिकार के प्रयोग का संदेश दिया। कार्यक्रम में डिप्टी कमांडेंट राजेश कुमार, स्वीप गतिविधियों के नोडल अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र कुमार, नेहरू युवक मंडल के जिला संयोजक प्रदीप कुमार, सीडीपीओ कुलदीप दयाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सैनिकों के हित चाहने वाले दल का होगा पूरा समर्थन : पूर्व सैनिक संघर्ष समिति


पूर्व सैनिक संघर्ष समिति के पदाधिकारी लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी बात रखते हुए।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

पूर्व सैनिक संघर्ष समिति ने ऐलान किया है कि सैनिकों के हित की बात करने वाले राजनीतिक दल का पूरा समर्थन किया जाएगा। उन्होंने अपनी मांगों को लेकर केंद्र सरकार से स्पष्टीकरण की मांग की है। पूर्व सैनिक संघर्ष समिति का कहना है कि वन रैंक वन पेंशन योजना को लेकर केंद्र सरकार का भेदभाव पूर्ण रवैया रहा है।

समिति के अध्यक्ष कैप्टन शक्ति सिंह का कहना है कि वन रैंक वन पेंशन योजना में अधिकारियों को पूरा लाभ दिया गया है, जबकि सैनिक वर्ग से अन्याय किया गया है। इस लाभ का बड़ा हिस्सा अधिकारियों को मिल चुका है जबकि सबसे आगे ड्यूटी देने वाले सैनिकों को इस लाभ से लगभग वंचित किया गया है। ओपी शर्मा ने कहा कि सेना में सैनिकों की सेवादार प्रथा बंद होनी चाहिए। इसके अलावा वन रैंक वन पेंशन योजना का लाभ एक समान मिलना चाहिए। इस विसंगति को दूर करवाने के लिए कई दफा भाजपा नेतृत्व को भी कहा गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। एसपी शर्मा ने कहा कि जंतर मंतर पर पूर्व सैनिक संगठन अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा भी आश्वासन दिया गया था, लेकिन कुछ नहीं हो पाया है। उन्होंने भाजपा के नेताओं से भी पूर्व सैनिकों की मांगों को लेकर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा है। राजेंद्र शर्मा ने कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि सेना में अग्निवीर योजना को लागू किया गया है। सरकार को चाहिए कि सेना में सैनिकों की भर्ती पुरानी पद्धति के अनुसार की जानी चाहिए।

हरीश चंद्र शर्मा का कहना है कि केंद्र सरकार की ओर से उनकी मांगों को लेकर कोई स्थिति अभी तक स्पष्ट नहीं की है। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी केवल सिंह, कुलदीप सिंह, अजय कौशल और सुरजीत सिंह भी शामिल थे।

## संपादकीय

# सतर्कता ही सुरक्षा

भारत सरकार ने देश में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों पर रोक लगाने के लिए कसरत शुरू कर दी है। साइबर ठगों की करीब 1000 स्काइप आईडी ब्लॉक करना इसी दिशा में उठाया गया एक सख्त कदम है। स्काइप माइक्रोसॉफ्ट की एक वीडियो कॉलिंग ऐप है। ऑनलाइन फ्रॉड में ज्यादातर इसी ऐप का इस्तेमाल किया जाता है। अब केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने माइक्रोसॉफ्ट के सहयोग से इन पर कड़ी कार्रवाई कर साइबर क्राइम को रोकने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई है, लेकिन सवाल यह है कि सरकार की ओर से की गई इस कार्रवाई से वाकई साइबर अपराध पर रोक लगेगी या फिर साइबर फ्रॉड ठगी का कोई और तरीका अपनाकर फिर से लोगों को ठगने में जुट जाएंगे।

इतिहास गवाह है कि जब भी सरकार या फिर पुलिस ने साइबर ठगों पर कोई बड़ी कार्रवाई की है, तो उन्होंने फ्रॉड करने का नया तरीका इजाद कर फिर से लोगों को ठगना शुरू कर दिया। कहने का अभिप्राय यह है कि सिर्फ सरकार की कार्रवाई से ही यह अपराध खत्म नहीं होगा। लोगों को भी बहुत अधिक जागरूक होना पड़ेगा। यह ऑनलाइन का जमाना है, ऐसे में साइबर क्राइम के बारे में हर व्यक्ति को जागरूक होने की जरूरत है। जब तक आम आदमी खुद सतर्क और जागरूक नहीं होगा, तब तक साइबर क्राइम को खत्म नहीं किया जा सकता है।

हम लोग कभी लालच तो कभी डर और सामाजिक प्रतिष्ठा की खातिर शातिरों के झांसे में आते जाते हैं। यहां यह जान लेना अति जरूरी है कि ये साइबर ठग कोई मामूली लोग नहीं होते हैं। जब ये किसी को ठगने की प्लानिंग करते हैं तो पहले उसके बारे में तमाम जानकारियां हासिल करते हैं और उसके बाद एक ऐसा जाल बिछाते हैं कि एक पढ़ा-लिखा और समझदार व्यक्ति भी इनके बिछाए जाल में फंस जाता है। अक्सर यह देखने में आया है कि साइबर अपराधी आमतौर पर अपने टारगेट को वॉइस या वीडियो कॉल करते हैं और कहते हैं कि पीड़ित ने कोई पार्सल भेजा है या प्राप्त किया है, जिसमें अवैध सामान, ड्रग्स, नकली पासपोर्ट या कोई अन्य प्रतिबंधित वस्तु है। कभी-कभी, वे यह भी सूचित करते हैं कि पीड़ित का कोई करीबी या प्रिय व्यक्ति किसी अपराध या दुर्घटना में शामिल पाया गया है और उनकी हिरासत में है। ऐसे कथित केस में समझौता करने के लिए पैसे की मांग की जाती है। कुछ मामलों में पीड़ितों को डिजिटल अरेस्ट का सामना करना पड़ता है और उनकी मांग पूरी न होने तक पीड़ित को स्काइप या अन्य वीडियो कान्फ्रेंसिंग प्लेटफॉर्म पर धोखेबाजों के लिए उपलब्ध रहने पर मजबूर किया जाता है।

ये जालसाज पुलिस स्टेशनों और सरकारी कार्यालयों की तर्ज पर बनाए गए स्टूडियो का उपयोग करने में माहिर होते हैं और असली दिखने के लिए वर्दी पहनते हैं। देशभर में कई पीड़ितों ने ऐसे अपराधियों के जाल में फंसकर अपने जीवन भर की गाढ़ी कमाई गंवाई है। यह एक संगठित ऑनलाइन आर्थिक अपराध है। इससे जुड़े लोग बहुत ही चालाक होते हैं। इसलिए यह जरूरी है कि जब हम किसी प्रकार का कोई ऑनलाइन लेन-देन करते हैं तो उससे संबंधित कोई भी जानकारी किसी के साथ साझा न करें। अगर किसी अज्ञात नंबर से कोई वीडियो या व्हाट्सऐप कॉल आती है, तो उसे रिसीव न करें। अगर आपको कोई ऐसी कॉल्स आ रही हैं, तो तुरंत इसकी जानकारी पुलिस के साइबर सैल को दें, ताकि पुलिस इसकी छानबीन कर सके। पुलिस और सरकार तो अपनी ओर से इनसे निपटने के लिए हरसंभव कोशिश कर रही है, लेकिन हमें भी सतर्कता के साथ काम लेना होगा। जितना हो सके कोशिश करें कि किसी को भी अपनी बैंक, पैन, यूपीआई की पर्सनल जानकारी न दें। कोई अज्ञात नंबर से कॉल कर रहा है तो उसे इग्नोर करें। वीडियो कॉल तो बिलकुल भी रिसीव न करें। आप जितना सतर्क रहेंगे, उतने ही सुरक्षित रहेंगे। आपकी सतर्कता ही आपकी सुरक्षा है। ■

# मजहब के नाम पर अपराध को बेनकाब करना लाजिमी

हलाल सर्टिफिकेट को लेकर यूपी एसटीएफ के बाद अब ईडी भी इस संबंध में सख्त कार्रवाई करने जा रही है, जिसके लिए हलाल सर्टिफिकेट देने वाली कंपनियों और उससे जुड़ी संस्थाओं पर शिकंजा कसना शुरू हो रहा है। वस्तुत: प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हलाल सर्टिफिकेट बांटने वाली संस्थाओं के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत केस दर्ज करने की अपनी तैयारी पूरी कर ली है। मनी लॉन्ड्रिंग में वित्तीय परिसंपत्तियों को छिपा कर उनका उपयोग उस अवैध गतिविधियों में किया जाता है, जो देश के विरोध में हैं। अपराधी, आपराधिक गतिविधि से प्राप्त मौद्रिक आय को दूसरे प्रकार के धन में बदल देता है। इस प्रक्रिया के विनाशकारी सामाजिक परिणाम होते हैं।

एक प्रकार से मनी लॉन्ड्रिंग ड्रग डीलरों, आतंकवादियों, हथियार डीलरों और अन्य अपराधियों को अपने आपराधिक उद्यमों को संचालित करने और विस्तारित करने के लिए ईंधन प्रदान करता है, इसलिए इस मामले में ईडी की हुई इंट्री बहुत खास है। यहां थोड़ा 'हलाल' शब्द के बारे में समझ लेते हैं, जो कि एक अरबी शब्द है। इसका मतलब है 'जायज'। हलाल सर्टिफाइड का मतलब है कि खाने वाला प्रोडेक्ट शुद्ध है और इस्लामी कानून के मुताबिक तैयार किया गया है। उस उत्पाद को हलाल सर्टिफाइड नहीं माना जा सकता है, जिसमें हराम सामग्री जैसे मरे या अवैध जानवर जैसे पिग का कोई हिस्सा, अल्कोहल शामिल हो। यहां समझने वाली बात यह है कि शाकाहारी उत्पाद में मांस या मीट शामिल नहीं होता, इसके बाद भी मुसलमानों के लिए शाकाहारी प्रोडक्ट को हलाल नहीं माना जाता है, लेकिन जैसे ही भारत की कुछ इस्लामिक संस्थाएं 'हलाल' सर्टिफिकेट जारी कर देती हैं, वैसे ही यह सभी शाकाहारी सामान भी इस्लामिक मान्यताओं के अनुसार हर मुसलमान के लिए हलाल हो जाता है।

इस आधार पर कहा जा सकता है कि यदि हलाल प्रमाण पत्र सिर्फ मीट प्रॉडक्ट तक सीमित होता, तब भी कुछ समझ आता, लेकिन यहां तो यह स्नेक्स, मिठाइयां, अनाज, तेल, कॉस्मेटिक्स, साबुन, शैंपू, टूथपेस्ट, नेल पॉलिश, लिपस्टिक, चश्मे जैसे तमाम उत्पादों के लिए भी यह अनिवार्य किया गया है, जबकि नियमों के स्तर पर इस्लाम को मानने वालों को अलग से कोई छूट नहीं है, फिर इस हलाल सर्टिफिकेट की मजहबी आड़ में एक वर्ग विशेष में अनर्गल प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है कि ऐसे उत्पाद का प्रयोग न करें, जिसे इनकी कंपनी द्वारा हलाल प्रमाण पत्र न दिया गया हो। परिणामस्वरूप दूसरे समुदाय विशेष के व्यावसायिक हितों का भारी नुकसान हो रहा है। इसमें सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि जो पहले से ही शुद्ध है, उसकी शुद्धता प्रमाणित करने के नाम पर यह वसूली भारत में इस्लामिक संस्थाएं जमीयत-उलमा-ए-महाराष्ट्र, हलाल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जमीयत-उलमा-ए-हिंद हलाल ट्रस्ट, हलाल सर्टिफिकेशन सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड प्रमुखता से हलाल सर्टिफिकेट जारी करने के नाम पर वर्षों से कैसे करती चली आ रही हैं? आप सोच सकते हैं कि कैसे तमाम सरकारी जांच एजेंसियों के होते हुए भी सामने से हलाल सर्टिफिकेशन के नाम पर भारत सरकार, राज्य सरकारों और देश के आम उद्योगपति,की आंख में धूल झोंकने का काम किया जा रहा है! यह किस प्रकार की मनमर्जी है कि 'हलाल' प्रमाण पत्र के नाम पर ऐसा करने वालों ने उन तमाम नियमों को भी एक झटके में ताक में रख दिया है, जो भारत सरकार एवं राज्य सरकारों ने फूड प्रोसेसिंग, नागरिक खाद्य सुरक्षा के लिए अनिवार्य किए गए हैं। इसलिए ही आज इस गोरखधंधे को तुरंत बंद कर देने की आवाज चहुंओर से उठ खड़ी हुई है । यह पूरा खेल हर कंपनी में 'हलाल' सर्टिफिकेट की आड़ में जबरन मुसलमानों को रोजगार दिलाने और एक अवैध समानांतर अर्थव्यवस्था खड़ी कर लेने का है। जिससे कि आतंकवाद को पोषित करने का संदेह भी बार-बार सामने आता रहा है।


लेखक : डॉ. मयंक चतुर्वेदी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

हलाल सर्टिफिकेट बांट रही मुस्लिम संस्थाओं पर आज इसलिए भी सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि ये सभी पैसे लेकर बिना कोई जांच किए अवैध रूप से सर्टिफिकेट बांटती हुई पाई गई हैं। इस पूरे मामले में योगी सरकार की प्रशंसा करनी होगी कि इससे जुड़ी सभी अवैध गतिविधियों पर शिकंजा कसने का काम सबसे पहले यदि किसी की ओर से किया गया तो वह राज्य उत्तर प्रदेश है। यूपी एसटीएफ जमीयत-उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी से भी पूछताछ कर चुकी है। पिछले वर्ष नवंबर में लखनऊ पुलिस ने एक एफआईआर भी दर्ज की थी, जिसमें हलाल सर्टिफिकेट को लेकर कुछ संगठनों और लोगों के नाम थे, वहीं, योगी सरकार ने सख्ती दिखाते हुए पूरे प्रकरण की जांच स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) को सौंप दी थी, फिर जांच आगे बढ़ते ही गत 13 फरवरी को हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया के चार पदाधिकारियों को मुंबई से गिरफ्तार भी कर लिया गया था।

दरअसल, एसटीएफ ने पाया कि महमूद असद मदनी सर्टिफिकेट बांटने वाले मुख्य सरगनाओं में से एक है, इसलिए उसने मदनी से गहराई से पूछताछ की, लेकिन वह स्पष्ट तौर पर यह नहीं बता पाया कि आखिर 'हलाल सर्टिफिकेट' में वह किस आधार पर 10 हजार की फीस और हर प्रोडक्ट के लिए एक हजार रुपए अलग से ले रहे हैं। इसी के साथ इस प्रमाण पत्र की वैधता के सवाल पर भी मौलाना मदनी कुछ नहीं बता पाए। यह व्यक्ति कितनी अहम भूमिका रखता है, वह इसी से समझ सकते हैं कि महमूद मदनी जमीयत उलेमा-ए-हिंद का प्रमुख है और जमीयत उलेमा-ए-हिंद हलाल ट्रस्ट का अध्यक्ष भी है। इसके बाद उत्तर प्रदेश की एसटीएफ ने मामले से जुड़ी अन्य कई गिरफ्तारियां कीं और इस पूरे खेल में अब सामने आ रहा है कि हलाल सर्टिफिकेट बांटने से होने वाली कमाई को कई कंपनियों में नियम विरुद्ध डायवर्ट किया गया है। अब तक की जांच में यह भी पता चला है कि इस पूरे प्रकरण में अनेक शेल कंपनियां एक-दूसरे के साथ जुड़ी हुई हैं। कई करोड़ का यह घोटाला है और कई करोड़ का एक बड़ा आर्थिक अपराध भी है। इसी कारण से अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की इंट्री भी इसमें होने जा रही है। मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत केस दर्ज करने की उसकी तैयारी है।

भारत का बहुसंख्यक हिंदू समाज लम्बे समय से यह मांग राज्य सरकारों एवं केंद्र की सरकार से कर रहा है कि आखिर देश में मुसलमानों की संख्या सिर्फ 15 प्रतिशत है तो बाकी की 85 फीसदी जनसंख्या को 'हलाल' के नाम पर सामान खरीदने के लिए क्यों मजबूर किया जा रहा है? यहां मांसाहार में 'हलाल' का होना उनकी मजहबी मान्यताओं के अनुसार समझ में आता है किंतु किसी भी कंपनी, संस्था या छोटे दुकानदार, वस्तु निर्माता को इसके लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए कि यदि उसने 'हलाल' सर्टिफिकेट नहीं लिया है तो उसके सामान को बाजार के चलन में ही नहीं आने दिया जाएगा। निश्चित ही अब इससे सही तथ्य देश के सामने आ सकेंगे और देश में जो मजहब के नाम पर आर्थिक या अन्य प्रकार का अपराध जो वर्षों से चल रहा है, उसे करने वालों के चेहरे भी बेनकाब हो सकेंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# बैक बेंचर्स नालायक नहीं होते

क्लासरूम में बच्चा कहां बैठता है, यह महत्वपूर्ण नहीं है, अगर कुछ महत्वपूर्ण है तो वह यह कि वहां बैठकर बच्चा करता क्या है। अगली पंक्ति में बैठने की चाह मंचों और पार्टियों में शिरकत करने वाले लोगों की होती है। उन्हें यहां अपना सामाजिक स्टेट्स जो दिखाना होता है। क्लासरूम में तो बच्चा दिखावे के लिए नहीं, अपितु ज्ञान प्राप्त करने के लिए जाता है, इसलिए वहां स्थान नहीं, अपीतु ध्यान और एकाग्रता महत्व रखते हैं। ऐसे कई उदाहरण हैं, जहां बैक बेंचर्स ने फ्रंट बेंचर्स से बेहतरीन प्रदर्शन करके दिखाया है।

कक्षा में बैठने की जगह को लेकर इसलिए बात की जा रही है, क्योंकि देखा गया है कि अमूमन सभी अभिभावक अपने बच्चों को आगे बैठने के लिए कहते हैं। उनको लगता है कि जो बच्चे आगे बैठते हैं, वे अपने शिक्षकों की हर बात को बड़े ध्यान से सुनते हैं और शिक्षकों का भी अधिक ध्यान फ्रंट बेंचर्स पर ही होता है। पीछे तो वही बच्चे बैठते हैं, जिनका पढ़ाई में मन नहीं लगता, परंतु इस बात में कोई सच्चाई नहीं है। क्लासरूम कोई सिनेमाघर नहीं होता, जहां पीछे बैठे दर्शकों पर किसी की नजर नहीं जाती। शिक्षक की तो क्लासरूम में बैठे हर बच्चे पर निगाह होती है, उसके लिए तो सभी बच्चे एक समान होते हैं।

अगर कोई पीछे बैठा है, तो इसका मतलब यह नहीं कि शिक्षक उसको पूछेगा नहीं। जब कोई शिक्षक अपने शिष्यों के ज्ञान का मूल्यांकन करता है तो वह सबसे पहले किसे बुलाएगा, यह तो उस पर ही निर्भर करता है। वह चाहे तो कक्षा में सबसे पीछे बैठे बच्चों का मूल्यांकन सबसे पहले कर सकता है। फ्रंट में बैठे बच्चों को ही सबसे पहले बुलाया जाएगा, कक्षा में ऐसा कोई नियम नहीं होता। माता-पिता को भी बच्चों की कक्षा में बैठने के स्थान की बजाय उनके ज्ञान को अधिक महत्व देना चाहिए। बच्चे से यह न पूछें कि वह कहां बैठता है, बल्कि यह पूछें कि आज क्लासरूम में उसने क्या और कितना सीखा?


लेखक : सुमित अवस्थी
जंडपुर, बैजनाथ

कक्षा में सभी बच्चे आगे तो नहीं बैठ सकते, किसी न किसी को तो पीछे बैठना ही पड़ता है। आगे बैठने की सभी की इच्छा पूरी होना तो संभव नहीं है, लेकिन सभी के बच्चे ज्ञानवान बनें, यह संभव है। इसलिए अपने बच्चों को ध्यान से ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रेरित करें, न कि उन्हें फ्रंट और बैक बेंचर्स के व्यर्थ के झंझट में डालें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## कविता



### जंगली तुलसी

प्रो. विधु भारद्वाज
जोगिंद्रनगर, मंडी

*अल्हड़ औरत सी है, मेरे आंगन की जंगली तुलसी*
*जिसकी न होती कभी पूजा और न होती कभी शादी*
*चाय, काढ़ा या हो लेनी भाप, सब में चढ़ती इसकी बलि*
*हर दुख हर मर्ज में, यह है आती मेरे काम*
*चुनिंदा पलों ही बस, इसको मिलती सुबह की धूप*
*कुछ महीनों यह है जाती सूख, ज्यों कर रही हो अपना मरहम*
*अंदर ही अंदर बसंत ही है इसका प्रियवर प्रेमी*
*जिसके आते ही दोबारा है खिल जाती*
*घरेलू औरत सी है मेरी जंगली तुलसी*
*जिसका कोई न रखता ख्याल*
*जिसका कोई न सराहे काम*
*पर जिसके बिना हाल हो सबके बेहाल*
*यह है मेरे सुख-दुख की साथी*
*मेरी प्यारी जंगली तुलसी*
*मेरी प्यारी जंगली तुलसी।*

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के शीर्ष रचनाकारों में से एक

**मंगलेश** डबराल हिंदी की आधुनिक कविता के अत्यंत सम्मानीय और शीर्ष रचनाकारों में से एक हैं। उन्होंने हिंदी कविता को नए अनुभवों से संपन्न किया है। 'पहाड़ पर लालटेन' उनका पहला संग्रह था, जो 1981 में आया और 'नए युग में शत्रु' सबसे नया संग्रह है, जो 2013 में प्रकाशित हुआ। मंगलेश डबराल का सुंदर, सोद्देश्य गद्य उनकी यात्रा डायरी 'एक बार आयोवा' और 'लेखक की रोटी' में देखा जा सकता है। वह अपने समय के सिनेमा, सांस्कृतिक सवालों और संचार माध्यमों के अलावा विश्व की संवेदनशील घटनाओं पर टिप्पणी करते रहे हैं। विश्व कविता के उन्होंने कुछ सुनहरे अनुवाद किए हैं। मंगलेश डबराल का जन्म टिहरी गढ़वाल, उत्तराखंड के कापफलपानी गांव में हुआ था। उनकी शिक्षा-दीक्षा देहरादून में हुई। मंगलेश डबराल की कविताओं के भारतीय भाषाओं के अतिरिक्त अंग्रेजी, रूसी, जर्मन, डच, स्पेनिश, पुर्तगाली, इतालवी, फ्रांसीसी, पोलिश और बुल्गारियाई भाषाओं में भी अनुवाद प्रकाशित हो चुके हैं। कविता के अतिरिक्त वह साहित्य, सिनेमा, संचार माध्यम और संस्कृति के विषयों पर नियमित लेखन भी करते हैं। मंगलेश डबराल को ओमप्रकाश स्मृति सम्मान, श्रीकांत वर्मा पुरस्कार, साहित्य अकादमी पुरस्कार, शमशेर सम्मान, पहल सम्मान, कुमार विकल स्मृति सम्मान, हिंदी अकादमी का साहित्यकार सम्मान से नवाजा गया है।


**मंगलेश डबराल**
**जन्म :** 16 मई, 1948
**मृत्यु :** 9 दिसंबर, 2020

# अमेरिका और अफ्रीका में रंग के आधार पर बनाए गए थे कानून

कांग्रेस की सलाहकार टोली के प्रमुख सदस्य सैम पित्रोदा ने रंग, क्षेत्र और कदकाठी के आधार पर भारतीय समाज को विभाजित करने संबंधी अंग्रेजों के षड्यंत्र को एक बार फिर स्थापित करने का प्रयास किया है। अपनी सत्ता मजबूत करने के लिए अंग्रेजों ने सामाजिक और क्षेत्र विभाजन का यही षड्यंत्र किया था। इस प्रकार का विभाजन भारतीय परंपरा, दर्शन और सांस्कृतिक का तो अपमान है ही, यह भारत के संविधान की भावना के भी विपरीत है।

सैम पित्रोदा अपने वक्तव्यों को लेकर सदैव चर्चित रहे हैं। उन्होंने कभी मिडिल क्लास से अधिकतम टैक्स वसूलने की सलाह दी, तो कभी विरासत में मिली संपत्ति का एक बड़ा भाग सरकार द्वारा ले लेने की बात कही। जब सुप्रीम कोर्ट के आदेश से अयोध्या में भगवान रामलला जन्मस्थान मंदिर बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ, तब उन्होंने मंदिर को अनावश्यक बताया था। अब उनका नया वक्तव्य आया है। उन्होंने इस वक्तव्य में भारत के निवासियों को उनके रंग, क्षेत्र एवं कद-काठी के आधार पर वर्गीकृत किया है और विदेशी नस्लों से जोड़ा है। सैम पित्रोदा ने अपने वक्तव्य में पूर्वी भारत के लोगों चाइनीज नस्ल जैसा, उत्तर भारत के लोग अंग्रेजी, पश्चिम भारत के लोगों को अरब और दक्षिण के लोगों अफ्रीकी नस्ल जैसा माना है। सैम पित्रोदा इन दिनों अमेरिका में रहते हैं। वह कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य और ओव्हरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष हैं। कांग्रेस की यह शाखा अमेरिकी और यूरोपीय देशों में सक्रिय है। कांग्रेस के सलाहकार समूह में वह महत्वपूर्ण सदस्य हैं, राजीव गांधी के विश्वस्त रहे और उन्हें राहुल गांधी का सलाहकार भी माना जाता है। उनके सुझावों पर कांग्रेस ने अनेक नीतिगत निर्णय लिए हैं। भारत में विभेद पैदा करने वाला वक्तव्य ऐसे समय आया, जब पूरा देश 18वीं लोकसभा चुनाव के वातावरण में तैर रहा है। लोकसभा के इस चुनाव में भी वर्ष 2019 की भांति सांस्कृतिक राष्ट्रभाव और सामाजिक एकत्व भाव प्रबल हो रहा है।

सत्य क्या है, यह तो चार जून को परिणाम के साथ ही पता चलेगा किंतु अभी यह माना जा रहा है कि इस सांस्कृतिक राष्ट्रभाव और एकत्व का झुकाव की ओर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले कार्यकाल में अपना पद संभालते ही इस एकत्व पर जोर दिया था। उनका नारा था 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास।' समय के साथ अयोध्या में श्रीराम जन्मस्थान मंदिर योजना ने भी आकार लिया। अब यह मोदी का नारा हो या कालचक्र का अपना प्रभाव कि सामाजिक एकत्व और सांस्कृतिक राष्ट्रभाव इन दस वर्षों में अधिक मुखर हुआ है। इसका आधार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को माना जा रहा है।


लेखक : रमेश शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

लोकसभा के इस चुनाव में भी इसकी झलक स्पष्ट है। इस वातावरण से उन राजनीतिक दलों को अपनी सफलता कुछ दूर दिखाई दे रही है जिनका लक्ष्य केवल सत्ता है और उसे प्राप्त करने के लिए कोई भी फार्मूला अपना सकते हैं। सल्तनत काल और अंग्रेजी काल का इतिहास गवाह है।

विदेशी शक्तियों ने भारत में अपनी जड़ें जमाने के लिए सामाजिक और क्षेत्रीय विभेद पैदा करने का ही षड्यंत्र किया था। इसी की झलक इस चुनाव प्रचार में दिख रही है। सामाजिक एकत्व में सेंध लगाने के लिए पहले जाति आधारित जनगणना और धर्म आधारित आरक्षण पर बहुत जोर दिया गया, फिर शब्दांतरण से मुस्लिम समाज के आरक्षण का संकेत भी आया। विपक्षी गठबंधन के महत्वपूर्ण घटक लालू प्रसाद यादव ने तो मुस्लिम समाज को आरक्षण देने की बात खुलकर कही। इन बातों का प्रभाव तीसरे चरण के मतदान में न दिखा, बल्कि पहले और दूसरे चरण के मतदान के रुझान में तो मीडिया ने यह अनुमान भी व्यक्त कि इस बार भाजपा दक्षिण भारत के केरल और तमिलनाडु में भी खाता खोल सकती है। यदि ऐसा हुआ तो संसद में विपक्ष की शक्ति वर्तमान स्थिति से कुछ कमजोर हो सकती है। इसकी भरपाई अगले चार चरणों के मतदान से ही संभव है, जो केवल और केवल सामाजिक एकतव में सेंध लगाकर ही संभव है। यह केवल संयोग है या किसी रणनीति का अंग कि सैम पित्रोदा का वक्तव्य तीसरे चरण के मतदान के तुरंत बाद आया।

इस वक्तव्य में अंग्रेजों के उसी षड्यंत्र की झलक है, जो उन्होंने भारत में अपनी जड़ों को जमाने के लिए किया था। उनकी घोषित नीति थी 'बांटो और राज करो।' इसी षड्यंत्र के अंतर्गत उन्होंने विभाजन के बीज बोये थे। अपनी 'डिवाइड एंड रूल' थ्योरी में अंग्रेजों ने जो बिंदु उठाए थे, ठीक वही बिंदु सैम पित्रोदा के वक्तव्य में हैं। अंग्रेजों ने सबसे पहले आर्यों को हमलावर बताया था और उन्हें यूरोपीय नस्ल से जोड़ा था। दक्षिण भारत को उत्तर भारत से अलग बताया और वनवासियों को अफ्रीकन नस्ल से जोड़ा था। अपनी सत्ता की जड़ें जमाने के लिए अंग्रेजों ने समाज को बांटने का काम केवल भारत में नहीं किया, बल्कि वे जहां गए, वहां किया।

अमेरिका और अफ्रीका में तो रंग के आधार पर कानून भी बनाए थे। अंग्रेजों ने धर्म के आधार पर मुस्लिम रेजिमेंट भी बनाई थी। सबकी भर्ती की प्राथमिकता में अंतर था। भारत में अंग्रेजों जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र, रंग और कदकाठी के आधार बोई गई इस विष वेल में वामपंथी विचारकों ने खाद पानी देकर बनाऐ रखा। अंग्रेजी षड्यंत्र और वामपंथी कुतर्कों की पूरी झलक सैम पित्रोदा के बयान में है। इस वक्तव्य के बाद तूफान तो उठना था। चूंकि यह वक्तव्य न केवल भारतीय सामाजिक संरचना और सांस्कृतिक अवधारणाओं के विरुद्ध है, अपितु संविधान की भावना के भी विरुद्ध है। भारतीय वाड्मय पूरे विश्व को एक कुटुंब मानता है।
अब सैम पित्रोदा का त्याग पत्र वास्तविक है या चुनावी वातावरण में बचाव की रणनीति। यह सत्य तो भविष्य में ही स्पष्ट होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**परमाणु** बम का विस्फोट किया गया, तो परमाणु विस्फोट का केंद्र कई मिलियन डिग्री सेंटीग्रेड के तापमान तक पहुंच जाएगा। परिणामी ऊष्मा फ्लैश सचमुच एक विस्तृत क्षेत्र में सभी मानव ऊतकों को वाष्पित कर देगी। हिरोशिमा में आधे मील के दायरे में खुले में पकड़े गए अधिकांश लोगों के अवशेष केवल उनकी परछाइयां थीं, जो पत्थर में जल गईं। परमाणु युद्ध होने पर इमारतों के अंदर या अन्यथा सुरक्षित किए गए लोग विस्फोट और गर्मी के प्रभाव से मारे जाएंगे क्योंकि इमारतें ढह जाएंगी और सभी ज्वलनशील पदार्थ आग की लपटों में घिर जाएंगे। तत्काल मृत्यु दर 90 प्रतिशत से अधिक होगी। अलग-अलग आग मिलकर एक भयंकर तूफान पैदा करेगी क्योंकि सारी ऑक्सीजन खत्म हो जाएगी। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती है, जमीन के स्तर पर या उसके निकट परिधि से हवा अंदर खींची जाती है। इसके परिणामस्वरूप घातक, तूफान-बल वाली हवाएं चलेंगी और ताजा ऑक्सीजन जलने से आग भड़क जाएगी। भूमिगत आश्रयों में रहने वाले लोग, जो शुरुआती गर्मी के प्रकोप से बच जाते हैं, मर जाएंगे क्योंकि वायुमंडल से सारी ऑक्सीजन सोख ली जाएगी। कुल विनाश के क्षेत्र के बाहर तत्काल जीवित बचे लोगों का प्रतिशत धीरे-धीरे बढ़ रहा होगा। इनमें से अधिकांश घातक रूप से जल गए होंगे, अंधे हो गए होंगे, कांच के टुकड़ों से खून बह रहा होगा और बड़े पैमाने पर आंतरिक चोटें लगी होंगी। कई लोग ढही और जलती हुई इमारतों में फंसे होंगे। इसलिए विश्व में शांति स्थापित की जानी चाहिए। विश्व के किसी भी देश को शांति पर पहल करनी होगी क्योंकि परमाणु युद्ध कोई भी विकल्प नहीं है।

**-अश्विनी शर्मा, बैजनाथ**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# देवभूमि में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध चिंताजनक

हिमाचल प्रदेश को देवभूमि, वीरभूमि व शांतिमय प्रदेश जैसे अनेक नामों से जाना जाता है। इस शांतिमय प्रदेश में हर कोई आकर समय व्यतीत करना चाहता है विशेषत: अपराधों की दृष्टि से हिमाचल को सुरक्षित प्रदेश माना जाता है। बिना किसी खौफ, भय के महिलाएं, बेटियां यहां अपनों के बीच स्वयं को महफूज समझती हैं, लेकिन वक्त की रफ्तार के साथ-साथ हिमाचल में भी महिलाओं के प्रति जघन्य अपराधों की सूची में शुमार होने की तेज रफ्तार पकड़ ली है।

बीते कुछ दो-चार वर्षों में महिलाओं के प्रति अपराधों ने प्रदेश के दामन को कलंकित कर रख दिया है। चाहे बात गुड़िया कांड की हो, अभी हाल ही में घटित पालमपुर दराट प्रकरण हो या इसी के साथ लगते भवारणा में महिला का गला रेतकर हत्या की घटना हो या नाबालिग लड़कियों के साथ बालात्कार की घटनाएं हों, दिन-प्रतिदिन ऐसी घटनाएं बढ़ती ही जा रही हैं, जो कि प्रदेश के लिए चिंताजनक है। बीते दस वर्षों में इनकी वृद्धि देखें तो हैरान करने वाली है। साल 2014 में सूबे में दुष्कर्म के 284 मामले दर्ज हुए थे, वहीं 2023 में यह आंकड़ा 344 पहुंच गया। वर्ष 2024 में अब तक यह संख्या 51 है। वर्ष 2014 में महिला अपहरण के 243 मामले दर्ज किए गए थे, 2023 में यह आंकड़ा 344 रहा। इस साल अब तक 56 मामले दर्ज हो चुके हैं। इन आंकड़ों से महिला सुरक्षा को लेकर जो तस्वीर सामने आ रही है, उसे सुखद नहीं कहा जा सकता है।

प्रदेश में चाहे सरकार किसी की भी रही हो, लेकिन महिला अपराध पर अंकुश नहीं लग पा रहा है, जो कि वास्तविकता है। अब तो स्थिति ऐसी बन चुकी है कि प्रत्येक दो-चार दिन में समाचार पत्रों व सोशल मीडिया में बालात्कार व हत्या की खबरें सुनने को मिल जाती हैं, लेकिन हाल ही में जो पालमपुर प्रकरण सबके समाने आया है, उसने सबको झकझोर कर रख दिया है। आखिर ऐसी कैसी मानसिकता की कोई किसी को काटने तक उतारु हो जाए। हिमाचल जैसे शांतिमय प्रदेश में इस प्रकार के प्रकरण आज से पहले कभी नहीं हुए हैं। यह चीजें प्रदेश के लिए नई हैं और हो भी क्यों न सरेआम दिनदिहाड़े सार्वजनिक स्थान शहर का सबसे भीड़भाड़ वाला स्थान बस स्टैंड होता है, लेकिन ऐसे स्थानों पर भी प्रदेश की महिलाएं और बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। आखिर इस प्रकार की अपाराधिक मानसिकता का आधार क्या है? यह सोचने पर मजबूर कर रहा है।


लेखक : डॉ. मनोज डोगरा
हमीरपुर, हिप्र

ये अपराध रिश्तों से विश्वास उठा रहे हैं। आखिर कोई किसी पर भरोसा करे भी तो कैसे। हिमाचल के मामलों में गौर करने वाली बात है कि ज्यादातर मामलों में अपराधी जानने वाला या रिश्तेदार ही पाया जाता है। चाहे वह दो माह पहले कांगड़ा में घर के साथ लगते पड़ोसी द्वारा ही लड़की के साथ रेप करने की घटना हो या फिर अन्य मामले, सब जगह अपनों ने ही रिश्तों को तार-तार कर प्रदेश के माथे पर अपराधों का कलंक पौथा है, जिसे आसानी से मिटाना संभव नहीं है। हम आने वाली पीढ़ियों के लिए समाज में क्या उदाहरण तैयार कर रहे हैं तथा इन मामलों से आने वाला समाज किस दिशा में जाएगा, इस विषय पर प्रश्नवाचक चिन्ह लगता प्रतीत हो रहा है।

वर्तमान में चुनावी माहौल गर्म है, लेकिन प्रदेश में महिला सुरक्षा का मुद्दा नजर नहीं आ रहा है। लोगों को जागना होगा तथा सुरक्षा की व्यवस्था पर प्रश्न करने होंगे, नहीं तो आज इस प्रकार के गिने-चुने अपराध हो रहे हैं, बाद में ऐसे अपराध प्रदेश के लिए सामान्य हो जाएंगे। इस स्थिति तक पहुंचने से पहले ही कानून व्यवस्था को सुदृढ़ कर समाज परिवार में अच्छे संस्कार देकर अपराधों को रोका जा सकता है। सरकार से ज्यादा संस्कार असरदार होते हैं, जिनसे अपराधों को कानूनों से ज्यादा स्तर पर रोका जा सकता है। ऐसे जघन्य अपराधों के घटित होने के पीछे नशा भी एक बड़ा कारण है। नशे में धुत व्यक्ति बिना सुध-बुध के ऐसा खोफनाक कदम उठा लेता है, जिसकी आशंका खुद उसको भी नहीं होती और सामने वाले का जीवन या तो संकट में पड़ जाता है। ऐसे घटित हो रहे कुकर्मों से सीख लेने की आवश्यकता है। इनसे अगर कुछ नहीं सीखा गया तो उसका दुष्परिणाम झेलने को समाज को तैयार रहना होगा। महिलाओं के प्रति सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी। महिलाएं हिमाचल जैसे प्रदेश में ही स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं करेंगी तो आखिर कहां करेंगी। महिलाएं जब घर-गांव में ही भय के माहौल में जीएंगी तो इंसानों और गली के कुत्तों में कोई अंतर नहीं रह जाता है क्योंकि गली में कुत्ता दिखने पर ही रास्ता बदला जाता है जो स्थिति इंसानों की आने वाले समय में दिख रही है, जो कि हैरान व चिंतित करने वाली है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### जेएनवी में 10वीं व 12वीं के सभी बच्चे पास

**पंडोह।** जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह में 10वीं व 12वीं कक्षा का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत रहने पर प्रिंसिपल एसडी शर्मा ने प्रसन्नता जाहिर की है। उन्होंने बताया कि बारहवीं कक्षा में प्रत्युष 95.50 अंकों के साथ स्कूल में प्रथम रहा जबकि दसवीं में पार्थ गुलेरिया ने पहला स्थान प्राप्त किया। सीबीएसई के तहत इस स्कूल में बारहवीं के कुल 74 और दसवीं में 78 बच्चे थे। सभी अच्छे अंकों के साथ पास हुए हैं। उन्होंने इसके लिए स्कूल के सभी अध्यापकों व अभिभावकों को बधाई दी।

### इंग्लिश में पढ़ाने के लिए अध्यापकों ने सीखीं बारीकियां

**पधर।** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत कक्षा पहली और दूसरी के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाने के लिए अध्यापकों की क्षमता संवर्धन के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आरंभ खंड औट के मुख्यालय थलौट में हुआ। इस कार्यशाला में लगभग 60 प्राथमिक शिक्षक भाग ले रहे हैं। खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्र शर्मा, खंड परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा व प्रधानाचार्य रणजीत सिंह, अध्यापक प्रशिक्षण इंचार्ज डाइट मंडी कमलेश महाजन विशेष तौर पर मौजूद रहे। इस कार्यशाला में चुन्नी लाल प्रवक्ता गणित, दुर्गा सिंह ठाकुर प्रवक्ता अंग्रेजी और नरपत शालगिया कनिष्ठ बुनियादी अध्यापक स्रोत व्यक्तियों के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्र शर्मा ने बताया कि इस कार्यशाला का दूसरा बैच 17 से 18 मई तक चलाया जाएगा।

### कबड्डी में स्पोर्ट्स क्लब पंडोह ने मारी बाजी

**धनोटू।** नेहरा-पलाहोटा में माहूंनाग मेले का समापन 14 मई को धूमधाम के साथ हुआ। इस बार मेले का मुख्य आकर्षण अंडर-19 और अंडर-14 कबड्डी प्रतियोगिता रही। यह प्रतियोगिता एवरेस्ट स्पोर्ट्स क्लब पलाहोटा के तत्वावधान में हुई। इसमें अंडर-17 में 12 जबकि अंडर-14 में चार टीमों ने भाग लिया। अंडर-17 कबड्डी प्रतियोगिता की विजेता स्पोर्ट्स क्लब पंडोह जबकि दूसरा स्थान कृष्णा एकेडमी बघेड़, बिलासपुर ने हासिल किया। विजेता टीम को 6100 रुपए, जबकि उपविजेता को 4100 रुपए व ट्रॉफी दी गई। अंडर-14 में प्रथम स्थान एवरेस्ट स्पोर्ट्स क्लब पलाहोटा ने पाया, जबकि दूसरे स्थान पर डीएवी स्कूल सुंदरनगर की टीम रही। पुरस्कार माहूंनाग के पुजारी मनोज शर्मा ने वितरित किए।

### द्रंग कॉलेज में की जाएगी ईवीएम कमीशनिंग

**पधर।** सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव के मध्यनजर द्रंग विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के राजकीय डिग्री कॉलेज द्रंग स्थित नारला में स्ट्रांग रूम में ईवीएम की कमीशनिंग 22 मई से 25 मई तक की जाएगी। उन्होंने सभी राजनीतिक पार्टियों से आग्रह किया कि वह अपने जो एजेंट मतदान के दौरान या कमिश्निंग के दौरान नियुक्त करने के लिए 10 नंबर फॉर्म भरकर 20 मई तक एसडीएम कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी मशीनों की पांच प्रतिशत टेस्टिंग और 1000 वोट मतदान करने की प्रक्रिया की जाएगी। यह कार्य 22 मई से 25 मई 2024 तक किया जाएगा।

### महक को मिला 3.89 लाख का सालाना पैकेज



महक को सम्मानित करते कॉलेज प्राचार्य, साथ हैं अन्य।

**सरकाघाट।** जीडीसी सरकाघाट में वोकेशनल विभाग की छात्रा महक को इंटरनेशनल ब्रांड डिकेथलॉन में प्लेसमेंट मिलने से खुशी का माहौल है। तीन चरणों में आयोजित चयन प्रक्रिया में विभिन्न कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। वोकेशनल विभाग में रिटेल मैनेजमेंट की छात्रा महक ने अपना लोहा मनवाकर 3.89 लाख का सालाना पैकेज लिया। इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर आरआर कौंडल ने चयनित विद्यार्थी को मुबारकबाद दी एवं उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में महाविद्यालय में नामी कंपनियों को विद्यार्थियों के चयन के लिए परिसर में लेकर आएंगे।

### किलिंग स्कूल में दिलाई मतदान की शपथ

**गोहर।** एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट की अध्यक्षता में 'मा भी पाणा वोट' थीम के तहत नाचन विधानसभा की स्वीप टीम ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला किलिंग में जाकर मतदान का महत्व समझाया। इस दौरान एसडीएम गोहर ने बच्चों, अध्यापकों और कार्यक्रम में उपस्थित अन्य लोगों को मतदान की शपथ दिलाई। एसडीएम ने बच्चों को अपने अभियान का ब्रांड अंबेसडर बताया।

### सुमित को मिलेगी एनएमएमएस छात्रवृत्ति



**सुंदरनगर।** सीसे स्कूल स्यांजी के नवमी कक्षा के विद्यार्थी सुमित कुमार का चयन एनएमएमएस (नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप स्कीम) 2023-24 की परीक्षा के अंतर्गत छात्रवृत्ति के लिए हुआ है। बता दें कि इस छात्रवृत्ति परीक्षा को हर वर्ष एससीईआरटी सोलन पूरे प्रदेश में आयोजित करवाता है। इस परीक्षा के लिए प्रदेश के सरकारी विद्यालयों के आठवीं कक्षा के विद्यार्थी पात्र होते हैं। यह परीक्षा दो सत्रों में सत्रों में संपन्न होती है। इसमें प्रदेश के हजारों विद्यार्थियों ने भाग लिया था। इस छात्रवृत्ति के तहत चयनित विद्यार्थियों को अगले चार वर्षों तक प्रतिवर्ष 12 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाती है। सुमित की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अक्षय कुमार के साथ सभी शिक्षकों ने सुमित, पिता महेंद्र सिंह तथा माता ममता देवी को शुभकामनाएं दी हैं।

### मतदान केंद्रों पर उपलब्ध करवाएं मूलभूत सुविधाएं

**पधर।** लोकसभा चुनाव के मध्यनजर द्रंग विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधा उपलब्ध होने के संबंध में सेक्टर अधिकारियों के साथ एसडीएम पधर व सहायक निर्वाचन अधिकारी सुरजीत सिंह की अध्यक्षता में एसडीम कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चार मजिस्ट्रेट अधिकारी और 14 सेक्टर अधिकारियों ने भाग लिया। सहायक निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि सेक्टर अधिकारी चुनाव रैलियों के दौरान इस्तेमाल की जा रही प्रचार सामग्री की मात्रा पर भी नजर रखें, यदि इसमें आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन पाया जाता है, तो इसकी सूचना तुरंत सहायक रिटर्न अधिकारी कार्यालय में दें। बैठक में सभी सेक्टर अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए कि उनके सेक्टर में आने वाले पोलिंग बूथ में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाएं, ताकि मतदान वाले दिन किसी भी मतदाताओं को असुविधा का सामना न करना पड़े।



सुंदरनगर। पुंघ नौलखा फोरलेन बाईपास के प्रभावित किसान एसडीएम सुंदरनगर के माध्यम से ज्ञापन भेजते हुए। बता दें कि लेदा ऊना मार्ग को फोरलेन से जोड़ने सहित चार मांगों को पूरा करने की मांग की जा रही है।

# नशे के खिलाफ 15 सामाजिक संस्थाएं एकजुट, छेड़ेंगी अभियान

## हर घर में दस्तक देकर नशे के दुष्प्रभावों बारे किया जाएगा जागरूक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

नशा मुक्ति अभियान समिति नगर परिषद सरकाघाट की बैठक समिति अध्यक्ष सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा की अध्यक्षता में सरकाघाट के एक निजी होटल में हुई। इस बैठक में क्षेत्र की लगभग 15 संस्थाओं एवं संगठनों ने भाग लिया।

इन संस्थाओं में हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति मंडी, साक्षरता एवं जन विकास समिति, संत निरंकारी मिशन, राधा स्वामी सत्संग ब्यास, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, ज्येष्ठ एवं वरिष्ठ कल्याण परिषद सरकाघाट, बार एसोसिएशन सरकाघाट, हिमालय दिव्यांग कल्याण संगठन, गायत्री परिवार हिमाचल प्रदेश, पीपुल्स वेलफेयर सोसाइटी डबरोग, महिला मंडल डबरोग, युवक मंडल डबरोग, नैना देवी मंदिर कमेटी डबरोग, नागरिक सभा सरकाघाट व ऑल इंडिया लॉयर यूनियन के पदाधिकारी शामिल हुए।

इसके साथ-साथ नगर परिषद की ओर से इसके अध्यक्ष कश्मीर सिंह भी विशेष तौर पर इस बैठक में शामिल हुए। बैठक में उपरोक्त सभी संगठनों व संस्थाओं के पदाधिकारियों ने एक स्वर में तय किया कि आने वाले दिनों में नगर परिषद सरकाघाट के क्षेत्र में नशे के खिलाफ एक व्यापक अभियान चलाया जाएगा, जिसमें समाज के हर तबके को शामिल किया जाएगा। क्षेत्र के समस्त धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, स्वयंसेवी व सब तरह के संगठनों को इस अभियान का हिस्सा बनाया जाएगा।



बैठक में मौजूद विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि।

इस मौके पर समिति के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, संयोजक सुरेश कुमार शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष कश्मीर सिंह, हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति व मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति से ऋतिक ठाकुर, हिमालयन दिव्यांग कल्याण संगठन से मीनाल ठाकुर, बार एसोसिएशन सरकाघाट के उप प्रधान दिनेश कुमार, संत निरंकारी मिशन से देवदत्त प्रेमी व प्रकाश चंद, महिला मंडल डबरोग से उर्मिला देवी व बिमला देवी,राधा स्वामी सत्संग ब्यास से एवं ज्येष्ठ एवं वरिष्ठ कल्याण परिषद सरकाघाट के अध्यक्ष प्रकाश चंद चौहान,गायत्री परिवार हिमाचल प्रदेश से रमेश ठाकुर, ब्रह्मकुमारीज बरच्छवाड़ से बीके उर्मिल व बीके जोतकिरण, पीपल्स वेलफेयर सोसाइटी डबरोग व संत निरंकारी मिशन से डॉ. प्रवीण आचार्य, युवक मंडल डबरोग से विकास चंदेल उपस्थित थे।

### ऐसे चलाया जाएगा अभियान

31 मई को तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाएगा, जिसमें समिति अपने स्रोत व्यक्तियों के माध्यम से शिक्षण संस्थानों में नशे के दुष्प्रभावों पर चर्चा करने के लिए संबंधित स्कूल प्रशासन से इजाजत लेगी। 26 जून को एंटी ड्रग डे के उपलक्ष में सरकाघाट में सभी संगठन मिलकर एक रैली निकालेंगे, जिसमें आम जनता को शामिल करने का प्रयास किया जाएगा। साथ साथ समिति सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को एक मांग पत्र सौंपेगी, जिसमें मांग की जाएगी कि सभी राजनीतिक दल अपने-अपने चुनावी घोषणा पत्र में शामिल करें कि हिमाचल प्रदेश को नशा मुक्त राज्य बनाने के लिए काम करेंगे। यह भी तय किया गया कि समिति चुनावों के बाद नगर परिषद के हर वार्ड में कमेटियां बनाएगी, जिसमें धार्मिक, स्वयंसेवी संगठनों, सुधार सभाओं, महिला मंडलों, युवक मंडलों व समाज के विभिन्न तबकों के संगठनों को शामिल किया जाएगा। चुनावों के बाद सरकारी विभागों को इस अभियान में शामिल करने के लिए शासन व प्रशासन से गुजारिश की जाएगी।

# सुंदरनगर की कनिका व पंचायतन की कोमल बनीं नर्सिंग लेफ्टिनेंट

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर/पधर**



कनिका शर्मा व कोमल पटियाल।

> कनिका शर्मा सेना अस्पताल सेंट्रल कमांड लखनऊ में तो कोमल पटियाल आईएनएचएस मिलिट्री हॉस्पिटल मुंबई में देंगी सेवाएं

सुंदरनगर के बीणा गांव निवासी कनिका शर्मा और पधर उपमंडल के इलाका दुंधा की बड़ीधार पंचायत के पंचायतन गांव की कोमल पटियाल भारतीय सेना में नर्सिंग लेफ्टिनेंट बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कनिका शर्मा सेना अस्पताल सेंट्रल कमांड लखनऊ में सेवाएं देंगी, जबकि कोमल आईएनएचएस मिलिट्री हॉस्पिटल मुंबई में सेवाएं देंगी।

गौर रहे कि कनिका शर्मा के पति देशराज शर्मा आईआईएम सिरमौर में बतौर कनिष्ठ अभियंता तैनात हैं और ससुर सागर दत्त शर्मा और सास मीना शर्मा शिक्षा विभाग में शिक्षक के रूप में सेवाएं देने उपरांत सेवानिवृत्त हो चुके हैं। कनिका की 4 वर्षीय बेटी है। उनकी उपलब्धि से ससुराल व मायके पक्ष में खुशी का माहौल है।

कनिका ने 10वीं तक की पढ़ाई सरस्वती विद्या मंदिर हरिपुर और 12वीं की पढ़ाई महावीर पब्लिक स्कूल से पूर्ण करने उपरांत सिस्टर निवेदिता राजकीय नर्सिंग कॉलेज आईजीएमसी शिमला से पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग की। कनिका ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने सुसराव व मायका पक्ष के सहयोग व मार्गदर्शन को दिया है। वहीं, बकौल कोमल सेना में सेवाएं देना उसका शुरू से सपना रहा। केंद्रीय विद्यालय सैंज कुल्लू से दस जमा दो की पढ़ाई करने बाद इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग कॉलेज शिमला से बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई पूरी की। जहां से अब छात्रा नर्सिंग लेफ्टिनेंट का कमीशन निकाल कर सेना में चयनित हुई।

कोमल के पिता रतन लाल पटियाल वन विभाग से डिप्टी रेंजर सेवानिवृत्त हुए हैं, जबकि माता डोलमा देवी गृहणी हैं। मेधावी छात्रा ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता पिता और गुरुजनों को दिया है। माता-पिता और शिक्षक वर्ग के मार्गदर्शन से ही यह मुकाम हासिल हुआ है।

# 14 में से10 नामांकन पत्र सही

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

> दो कवरिंग उम्मीदवारों सहित चार के रद्द

मंडी संसदीय क्षेत्र से लोकसभा चुनावों के लिए बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई, जिसमें से चार उम्मीदवारों के नामांकन पत्र रद्द किए गए।

रिटर्निंग आफिसर, मंडी संसदीय क्षेत्र, अपर्वू देवगन ने बताया कि कुल 14 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे, जिनमें से सुंदर सिंह ठाकुर, इंडियन नेशनल कांग्रेस और गोविंद ठाकुर, भाजपा के कवरिंग प्रत्याशी होने के कारण नामांकन पत्र रद्द किए गए, जबकि निर्दलीय उम्मीदवार लायक राम नेगी तथा सुख राम के नामांकन पत्र जरूरी दस्तावेज पूरे न होने के कारण रद्द किए गए।

उन्होंने बताया कि मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा की कंगना रनौत, कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह, बहुजन समाज पार्टी के प्रकाश चंद, राष्ट्रीय देव भूमि पार्टी के नरेंद्र कुमार, भाजपा के विनय कुमार, हिमाचल जनता पार्टी के महेश सैणी और निर्दलीय उम्मीदवार आशुतोष महंत, राखी गुप्ता तथा सुभाष स्नेही सहित कुल 10 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र सही पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि 17 मई सायं 3 बजे तक उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकते हैं।

# नाचन के विधायक खो चुके हैं अपना मानसिक संतुलन : ब्रह्मदास चौहान

**अनंत ज्ञान, धनोटू**



नाचन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ ब्रह्मदास चौहान।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान के नाचन के जन संपर्क अभियान के दौरान आमजन और पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ मंडी संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य के पक्ष में वोट मांगे। उन्होंने भाजपा और मंडी संसदीय क्षेत्र की उम्मीदवार कंगना रनौत की मंडी रैली में नाचन के विधायक विनोद कुमार द्वारा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को जेबकतरा कहने पर रोष जताया है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा उम्मीदवार की रैली में किसी का पर्स गुम हो जाए तो उसका मतलब क्या जेबकतरों ने लूटा है। मगर दुख इस बात का है कि जेबकतरों को ढाल बनाकर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को सार्वजनिक मंच से बदनाम करना, इस बात को दिखा रहा है कि विधायक अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह बौखलाहट चौथे चरण से पहले ही भाजपा की हार को दिखा रही है।

# अधिकारियों ने लोगों के साथ संवारे सार्वजनिक स्थल

## 'स्वीप' के तहत स्वच्छता अभियान चलाकर दिया मतदान जागरूकता का संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**




'स्वीप' के तहत स्वच्छता अभियान में भाग लेते अधिकारी व स्थानीय लोग।

एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के जिला के आला अधिकारियों ने स्थानीय लोगों के साथ स्वच्छता अभियाान चलाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।

'स्वीप' कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता के लिए श्रमदान जरूरी और स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरी थीम को लेकर बुधवार को सदर मंडी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर निगम एरिया में और ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान चलाया गया था। इसके लिए अधिकारी बुधवार को सुबह ही स्थानीय लोगों के साथ साफ-सफाई करने निकल पड़े। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बार्ड नंबर एक जवाहरनगर, एडीसी रोहित राठौर बार्ड नं.-8 नजदीक राम मंदिर, एसडीएम ओमकांत ठाकुर बार्ड नंबर 11 नजदीक गोल पौड़ी में स्थानीय लोगों के साथ साफ-सफाई की। सहायक निर्वाचन अधिकारी ओमकांत ठाकुर ने बताया कि स्वच्छता अभियान में शामिल होकर लोगों ने जो संदेश दिया है उसका परिणाम शत प्रतिशत मतदान के रूप में निश्चित रूप से सामने आएगा।

उन्होंने बताया कि मतदाता जागरूकता के लिए सदर मंडी विधानसभा में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। स्कूलों में डेमोक्रेसी क्विज प्रतियोगिता करवाई गई है। पड्डुल मैदान में डीसी इलेवन और एसपी इलेवन के मध्य मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच करवाया गया। अब 18 मई को मंडी मैराथन रन फॉर वोट करवाई जाएगी।

# 'मा भी पाणा वोट' के तहत खयोड़ के मेला ग्राउंड में महानाटी कल

**अनंत ज्ञान, गोहर**

आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत 28 नाचन (अजा) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में स्वीप कार्यक्रम 'मा भी पाणा वोट' के तहत 17 मई को खयोड़ के मेला मैदान में महानाटी के आयोजन होगा। इसकी तैयारियों को लेकर सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट ने बताया कि 17 मई को सुबह 9.30 पर कार्यक्रम की शुरुआत होगी। महानाटी की अगुवाई आईटीआई चच्योट छात्रों के सांस्कृतिक दल द्वारा की जाएगी।

एसडीएम गोहर ने आईटीआई जाकर अध्यापकों एवं छात्रों से विस्तार से चर्चा की। महानाटी में सिराजी एवं सुकेती नाटी के अलावा कुल्लू एवं शिमला तथा सिरमौर के गानों की भी झलक मिलेगी।

एसडीएम ने खयोड़ मेला ग्राउंड का निरीक्षण भी किया। महानाटी के लिए साउंड सिस्टम का प्रबंध किया गया है। लोगों को ड्रोन कैमरे से भी शूट किया जाएगा। नाचन के सभी महिला मंडल, युवक मंडलों, स्वयं सहायता समूहों, विभिन्न शिक्षण संस्थानों एवं आम लोगों से पारंपारिक परिधानों में आने का आग्रह एसडीएम द्वारा किया गया है। महानाटी में भाग लेने के लिए 'भागीदारी प्रमाण पत्र' भी भविष्य में दिया जाएगा। एसडीएम ने लोगों से इस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# तानाशाही और अन्याय के खिलाफ विपक्षी दल एक मंच पर : ई. शेर सिंह

**अनिल शर्मा, मंडी**

भाजपा को हटाने और लोकतंत्र को बचाने, किसानों, मजदूरों तथा गरीबों को बचाने के लिए विपक्षी गठबंधन किया गया है। यह बात विपक्षी गठबंधन ने मंडी में आयोजित प्रेस वार्ता में कही।

आम आदमी पार्टी के नेता ई. शेर सिंह ने कहा कि देश में सभी संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर लोकतंत्र को बर्बाद किया जा रहा है। देश पर लाखों करोड़ रुपए का कर्ज चढ़ा दिया गया, लेकिन युवाओं को रोजगार नहीं मिला।



प्रेस वार्ता करते हुए विपक्षी गठबंधन के नेता।

उन्होंने कहा कि तानाशाही और अन्याय के खिलाफ विपक्षी दल एक मंच पर आए हैं।

मजदूर नेता भूपेंद्र सिंह ने कहा कि मनरेगा गरीबों के कल्याण की योजना है, लेकिन मोदी सरकार ने गरीबों को मिलने वाले सभी लाभ रोक दिए हैं, ऐसे में सभी मजदूर और गरीब मोदी सरकार को हटा देंगे। इस दौरान वामपंथी नेता कुशाल भारद्वाज, कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शशि शर्मा आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर आठ दलों के नेता मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# मोदी राज में चरम पर पहुंची महंगाई हर दाल 100 के पार : सन्नी ईपन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग हिमाचल प्रदेश के महासचिव सन्नी ईपन ने केंद्र की भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मोदी राज में महंगाई चर्म पर पहुंच गई है। कोई भी चावल 50 रुपए से कम प्रति किलो नहीं है। तेल पहले ही महंगा है और दालें 100 के पार पहुंच चुकी हैं। राजमाह और मूंग 200 और डेढ़ सौ पार कर चुकी हैं। ऐसे में पीएम मोदी को देश की जनता के सवालों का जवाब देना होगा कि महंगाई क्यों हो रही है। किसानों को उनकी फसल का न्यूनतम मूल्य नहीं मिल रहा है और भाजपा बड़े व्यापारिक कंपनियों से चंदा एकत्र कर रही है।

सन्नी ने कहा कि कर्ज देकर बड़े उद्योगपति विदेश भाग गए और केंद्र सरकार देखती रही। भारत में युवाओं को रोजगार नहीं, खाद्य पदार्थों में मिलावट जारी है, लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ हो रहा है और मोदी सरकार चुप रही। स्वास्थ्य के क्षेत्र में मोदी सरकार गरीबों को सस्ता इलाज देने में विफल रही है।

# युवक से 15.37 ग्राम चिट्टा बरामद

**सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की सधोट पंचायत के बनाली गांव के एक युवक अरुण कुमार उर्फ मोनू से पुलिस ने 15.37 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को अपने गुप्त सूत्रों से जानकारी मिली थी कि उपरोक्त युवक चिट्टे का सप्लायर है इसलिए जब पुलिस ने उसका पीछा किया तो वह भागने लगा, लेकिन पुलिस ने उसे दबोच लिया और तलाशी लेने पर पुलिस को उसकी जेब से सिल्वर फाइल में लपेटा हुआ उक्त मात्रा में चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। डीएसपी संजीव गौतम ने मामले की पुष्टि की है।

# चंबा के थालब ने जीती बड़ी माली

## रोपा ठाठर में धूमधाम से मनाया देव कमरुनाग मेला

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



रोपा-ठाठर में देव कमरुनाग मेले के दौरान लोग।

सरकाघाट उपमंडल के रोपा-ठाठर में जन-समुदाय की सहभागिता व सहयोग से सन 1930 से मनाया जा रहा देव कमरुनाग का मेला धूमधाम से संपन्न हुआ।

देव कमरुनाग मेला व दंगल कमेटी प्रतिवर्ष इस आयोजन को पारदर्शिता व दायित्व से निभा रही है। एक दिवसीय इस मेले व कुश्ती दंगल में मेला कमेटी द्वारा सुबह 9 बजे से 1 बजे तक लोगों के लिए लंगर की व्यवस्था की गई। दोपहर बाद 2 बजे कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया तथा रात्रि को देव-कमरुनाग मंदिर प्रांगण में जागरण का आयोजन किया गया। इस दंगल में देश-प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पहलवान कुश्ती के जौहर दिखाने पहुंचे।

कमेटी प्रधान चेत सिंह ने बताया कि इस बार बड़ी माली के विजेता थालब चंबा, उपविजेता संदीप तलवंडी, छोटी माली के विजेता रिंकू दिल्ली व उपविजेता अमित रहे। जहां लंगर आयोजन के लिए स्थानीय निवासी तेज सिंह ने 25 हजार का दान दिया, वहीं आयोजन के मुख्यातिथि ट्रांसपोर्टर शेर सिंह ने 11 हजार रुपए की धनराशि दान दी।

**समस्या** नरोला के बाशिंदों को नहीं मिल रहा पीने का पानी, आवाज कमेटी ने उठाया मुद्दा

# डैहर पेयजल योजना से सुबह-शाम करवाएं जलापूर्ति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

हिमाचल प्रदेश सरकार ने पहले परनाल-मटियारा उठाऊ पेयजल योजना तो उसके बाद में सतलुज नदी डैहर से इसी प्रकार की योजना तो शुरू कर दी, लेकिन स्थानीय निवासियों को इलाके में पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इससे पता चलता है कि सरकार द्वारा लाखों रुपए की कीमत वाली मशीनों का रखरखाव जल शक्ति विभाग द्वारा ठीक से नहीं किया जा रहा है।

विभाग के अधिकारियों को उपभोक्ताओं की तरफ कम ध्यान है और अपनी सरकार से मिल रही सुख-सुविधाओं पर ज्यादा ध्यान केंद्रित है। यह बात नरोला गांव की आवाज कमेटी के सदस्यों में कै. जगदीश वर्मा, बालक राम शर्मा, जयलाल, गोविंद राम, श्रीमहंत राम आदि ने एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में कही।



उन्होंने बताया कि विभाग कभी तो बिजली की कम सप्लाई होने का कारण तथा कभी कई अन्य बहानों से पानी की सप्लाई को बाधित रखते हैं, जिसका खामियाजा उपभोक्ताओं को पानी न मिलने के कारण भोगना पड़ता है। इसी पानी की कमी की समस्या को लेकर गांव की आवाज कमेटी के सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल उनके साथ कुछ दिन पहले जल शक्ति विभाग सरकाघाट के अधिशासी अभियंता से भेंट करने गया था लेककिन सहायक अभियंता कमल कुमार ने बिजली कम सप्लाई का कारण बताकर कोई उचित कार्रवाई नहीं की।

बता दें कि परनाल का क्षेत्र जिला बिलासपुर में पड़ता है, इसलिए कमेटी के माध्यम से बिजली विभाग जिला बिलासपुर के तहसील घुमारवीं के बाद अधिशासी अभियंता एवं सहायक अभियंता से फोन पर बात कर और पत्र द्वारा उन्हें पेयजल समस्या से अवगत कराया।

इस पर उन्होंने पत्र द्वारा बताया कि सिर्फ सुबह 9 से 11 बजे 2 घंटे ही बिजली की वोल्टेज कम होती है, बाकी समय बिजली की समस्या नहीं है। कै. जगदीश ने बताया कि उन्होंने अपनी कमेटी की तरफ से चीफ इंजीनियर जल शक्ति विभाग हमीरपुर को पत्र लिखकर मांग की है कि वह अधिकारियों को निर्देश दें कि वे उपभोक्ताओं की समस्याओं का उचित निपटारा करें। इसके साथ ही गांव वासियों को सुबह-शाम पानी की सप्लाई के लिए भी उचित कदम उठाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### रोघी संपर्क सड़क पर मिला अज्ञात शव

**रिकांगपिओ।** रोघी संपर्क सड़क पर एक अज्ञात शव मिला है। पुलिस को अभी तक शव का शिनाख्त नहीं हुई है। उप अधीक्षक नवीन जलटा ने कहा कि रिकांगपिओ थाना में सूचना मिली कि रोघी रोड मे आर्मी सिग्नल कैंप से नीचे एक व्यक्ति मृत अवस्था मे पडा है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की। उन्होंने कहा कि मृत व्यक्ति जो करीब 35 वर्ष सामान्य शरीर व जिसने नीले व ग्रे रंग की जैक्ट, हल्के हरे व काले रंग का टी-शर्ट व बाए बाजू मे कट का निशान है। उक्त मृतक के जेब से एक आधार कार्ड मिला है, जिसमे टक बिष्ट पुत्र दिल्ली बहादुर रेडी मार्केट झाकडी, तहसील रामपुर, जिला शिमला लिखा है। वहीं, पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति की लाश का शव पहचान के लिए क्षेत्रीय अस्पताल रिकांगपिओ के शव गृह में रखा गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी परिवार का सदस्य गुम हो गया हो तो रिकांगपिओ आकर क्षेत्रीय अस्पताल में लाश की पहचान कर सकते हैं या पुलिस थाना रिकांगपिओं के नंबर 01786-222210 पर संपर्क कर सकते हैं।

### अविनाश शर्मा को बनाया प्रभारी



**भरमौर।** लोकसभा चुनावों को लेकर सभी चार लोकसभा ससदीय क्षेत्रों के लिए अपने प्रभारी नियुक्त किए है। इसमें अविनाश शर्मा को एनएसयूआई कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया है। अविनाश शर्मा वर्तमान मे एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष है। इसके साथ अब इनको सगठन ने कांगड़ा लोकसभा की नई जिम्मेदारी दी है। अविनाश ने अपनी इस नियुक्ति के लिए प्रदेश प्रभारी मुनीशवर शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष छत्तर ठाकुर और विशेषतौर पर हिमाचल प्रदेश के पर्यटन विभाग के कैबिनेट रैंक के चेयरमैन रघुवीर सिंह बाली का धन्यवाद किया है। उन्होंने बताया कि सगठन ने उनको जो जिम्मेदारी सौपी है उसको वो पूरी मेहनत और पूरी लग्न के साथ निभाएंगे और कांगड़ा चंबा के लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने मे अपनी भूमिका निभाएंगे ।

### चंबा मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्रों ने ली शपथ

**चंबा।** पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा एमबीबीएस के प्रशिक्षुओं के लिए बुधवार को दरबार हॉल में हिप्पोक्रेटिक शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एसएस डोगरा ने प्रशिक्षुओं को शपथ दिलवाई। इसके साथ ही उन्होंने प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। इसके साथ ही संबोधन में उन्होंने कहा कि हिप्पोक्रेटिक शपथ चिकित्सकों द्वारा ग्रहण की जाने वाली नैतिकता की शपथ है। इस शपथ के महत्व को समझे और इसका अपने जीवन में अनुसरण भी करें।

### मतदान को लेकर अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

**पांगी।** सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम पांगी रमन घरसंगी की निगरानी में आज लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर तहत मंडी संसदीय क्षेत्र के तहत माइक्रो ऑब्जरवर्स को पूर्वाभ्यास करवाया गया। इस दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित अधिकारीयों को मतदान केंद्रों में माइक्रो ऑब्जरवर्स की भूमिकाओं पर प्रकाश डाला व जरूरी जानकारी साझा की। उन्होंने अधिकारियों को चुनाव में निष्पक्ष और सचेत रह कर अपनी सेवाएं देने के निर्देश दिए। मास्टर ट्रेनर प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेइ केदार शर्मा ने अधिकारीयों को सारी जरूरी जानकारी उपलब्ध करवाइ व प्रशिक्षण दिया। मोबाइल पोलिंग टीम, मतदान सुविधा केंद्र और पोस्टल वोटिंग सेंटर टीम को भी चुनाव से संबंधित प्रशिक्षण व सारी महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाई गई। इस दौरान नायब तहसीलदार पांगी सीता राम व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### मेल स्कूल में स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन

**डलहौजी।** स्वच्छता पखवाड़े के तहत प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया गया। इसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मेल के प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र अध्यक्षता कर बच्चों का मार्गदर्शन किया । इस आयोजन पर वन वन विभाग अधिकारी हुए कर्मचारी भी उपस्थित रहे। इस दौरान सभी विद्यार्थियों ने अध्यापकों की देखरेख में पूरे मेल गांव में रैली निकाल कर लोगों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। वहीं, समस्त क्षेत्र में सफाई अभियान चलाकर करीब 10 किलो प्लास्टिक इकठ्ठा कर उसे ठिकाने लगाया। इस दौरान वनरक्षक अजय कुमार ने सभी बच्चों को पर्यावरण में पेड़-पौधों की महत्ता के बारे में बच्चों के समक्ष अपने विचार रखें। इस आयोजन के अंत में प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र ने बच्चों को स्वच्छता हरे भरे पर्यावरण में प्लास्टिक के दुश्मन और भावों के बारे में अवगत करवाया तथा भविष्य में भी प्लास्टिक का प्रयोग न करने हेतु अपील की इस मौके पर मत स्कूल स्टाफ वन विभाग के कर्मचारी अधिकारी हुए स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

### संगनहार मार्ग की सुध ले प्रशासन

**चंबा।** जिला के पुखरी पंचायत के अधीन संगनहार मार्ग की हालत दिन प्रतिदिन दयनीय होती जा रही है। इसके चलते क्षेत्र संबंधी ग्रामीणों ने कई बार लोक निर्माण विभाग समक्ष मार्ग सुधार की गुहार लगाई जा चुकी है। मगर मार्ग समस्या से ग्रामीणों को निजात वर्तमान समय तक नहीं मिल पाई है। संगनहार मार्ग के उचित रखरखाव न होने से कई स्थानों से मार्ग संकरी व कच्चा हो चुका है। जिससे कई बार छुटपुट वाहन तो दूर पैदल चलने में भी लोगों के लिए परेशानी बन चुका है। वहीं, बारिश के दिनों में मार्ग संबंधी समस्याओं में ओर भी बढ़ जाती है। क्षेत्र ग्रामीणों में हेमप्रकाश, महेंद्र लाल, पंकज, मुनीश, कपिल, चुन्नीलाल, कृष्णदत व मुकेश आदि का कहना है कि क्षेत्र के बागवानों को सामान लाने व ले जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में नकदी फसलों को मंडी तक ले जाना लोगो को आफत बनता जा रहा है। गांव वासियों का कहना है कि मरम्मत व सुधार के लिए लोनिवि चंबा व पंचायत प्रतिनिधियों से गुहार करने के बावजूद भी मार्ग सुधार हेतू कोई व्यापक कदम नहीं उठाया गया है। क्षेत्र वासियों ने सेब के सीजन शुरू होने से पहले बात को ध्यान में रखते हुए संबंधित विभाग से गुहार की है कि इस दिशा में जल्द से जल्द उचित कदम उठाकर ग्रामीणों व बागवानो को राहत प्रदान की जाए।

## चरड़ा में हैंडपंप दो साल से खराब

**तीसा।** चुराह विस की पंचायत चरड़ा के बस स्टैंड में लगा हैंडपंप पिछले दो वर्ष से खराब पड़ा हुआ है। इसके चलते तीन पंचायतों के बांशिदों को पानी के लिए दर-दर की ठोकरे खानी पड़ रही है। इतना ही नहीं, बल्कि तीन पंचायतों के बांशिदों को मजबूर होकर नाले का गंदा पानी पीना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या के बारे में कई बार जल शक्ति विभाग को अवगत करवा चुके है, लेकिन जल शक्ति विभाग है जो कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है। हैंडपंप खराब होने की सूरत में तीन पंचायतों के ग्रामीणों में जल शक्ति विभाग के खिलाफ काफी रोष है। बतातें चलें कि उपमंडल तीसा की तीन पंचायतों में चांजू, चरड़ा व देहरा के सैंकड़ों लोगों को पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। इससे लोगों को करना पड़ रहा दिक्कतों का सामना।

# हाई वोल्टेज से उड़े इलेक्ट्रॉनिक उपकरण

## देओल गांव में पेश आया वाकया; टीबी, फ्रिज और एलईडी खराब, लोगों को हुआ लाखों का नुकसान

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

होली के गांव देओल में बिजली की हाई वोल्टेज की समस्या ने यहां पर दो दर्जन से अधिक टीवी, फ्रिज सहित कई इलेक्ट्रॉनिक सामान जला दिए हैं। इसके कारण यहां के लोगों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

> बिजली बोर्ड की लापरवाही से लोगों में दिखा आक्रोश

पिछले कई दिनों से यहां पर बिजली की समस्या चली हुई है। इसके चलते कई घरों में फ्रिज, टीवी व बहुत सारे दूसरे इलेक्ट्रॉनिक सामान जल गए हैं। स्थानीय निवासियों ने इस तरह की समस्या आने पर बोर्ड के प्रति खासा आक्रोश जताया है। लोगों का कहना है कि बिजली बोर्ड की लापरवाही के कारण देयोल गांव के लोगों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है । लोगों ने कहा है बिजली विभाग के लापरवाही और सुस्त कार्यप्रणाली के चलते जो उनका नुकसान हुआ है उसकी भरपाई भी बोर्ड से करने की मांग की है। स्थानीय निवासी एवं पूर्व प्रधान ग्राम पंचायत देओल ब्रह्मानंद ने कहा है की विभाग की लापरवाही के कारण यहां के लोगों का लाखों का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा है इस नुकसान की भरपाई बिजली विभाग करें। गौरतलब है यहां पर पिछले कई दिनों से बिजली की आंख-मिचौनी के चलते लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली की एकाएक हाई वोल्टेज बढ़ने के कारण हुए नुकसान को लेकर यहां के लोग काफी नाराज हैं। यहां पर कई लोगों के महंगे एलईडी और फ्रिज हाई वोल्टेज की चपेट में आकर खराब हो गए हैं। हाई वोल्टेज के कारण हुए नुकसान को लेकर उसकी भरपाई के बारे में लोग चिंतित दिख रहे हैं। वहीं, जानकारी के अनुसार होली में स्टाफ की कमी के कारण भी विद्युत आपूर्ति को बहाल करने में अधिकारियों व कर्मचारियों को काफी परेशानी आ रही है। यहां पर कई जगह पेड़ों के सहारे बिजली की तरह बांधकर गांव को बिजली की सप्लाई दी गई। जहां हल्की सी बारिश व हवा होने के कारण भी इस तरह की समस्या आ रही है।



**बिजली की तार टूटने से पेश आई समस्या**

**उधर,** इस बारे में सहायक अभियंता बिजली बोर्ड भरमौर संतोष कुमार ने कहा है की होली में 11 केवी की तार टूटी हुई है। इसकी वजह से यह समस्या आई है। उन्होंने कहा है कर्मचारियों को तुरंत ठीक करने के निर्देश दे दिए हैं और इसे ठीक किया जा रहा है।

## ढकोह ट्रक हादसे में लापता चालक का शव सातवें दिन भी नहीं हुआ बरामद

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर पठानकोट नेशनल हाईवे पर ढकोग में हुए वीरवार को ट्रक हादसे में लापता चालक का शव सातवें दिन भी बरामद नहीं हो पाया है। हालांकि सोमवार को वैकल्पिक रास्ता बनाकर शव को ढूंढने के लिए एलएनटी मशीन को रावी नदी के किनारे स्पॉट पर पहुंचाया गया था। इसके बाद नदी के बहाव को बदलकर भी घटनास्थल पर छपे छपे पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया।

बावजूद इसके लापता चालक का शव कहीं नहीं मिला है। हालांकि पहले कयास लगाए जा रहे थे कि जिस जगह ट्रक दुर्घटनाग्रस्त होकर गिरा था वहां पर सीमेंट के बैग के नीचे शव होने की शंका जताई जा रही थी। इसके लिए रावी नदी में एलएनटी मशीन को उतार कर नदी में गिरे सभी सीमेंट के बैग को उठाकर देखा गया, लेकिन वहां पर शव नहीं मिला है। लिहाजा सा दिन के कड़ी मेहनत व सर्च ऑपरेशन के बाद मृतक के परिजन वह एनडीआरएफ की टीम यहां से बैरंग वापस लौट गई है। बताया जा रहा है कि जिस दिन ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हुआ था उस दिन की चमेरा तीन डैम से पानी छोड़ा गया था । लिहाजा यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि शव पानी के बहाव के साथ रावी नदी में दूर बह गया होगा। मृतक के परिजन वाले अब रावी नदी के किनारे ढकोग से लेकर चंबा तक मृतक के शव को ढूंढ रहे हैं।



शव ढूंढने के लिए रावी नदी में एलएनटी मशीन को उतारता प्रशासन।

**शव न मिलने से परिजन हो रहे परेशान**

**गौरबतलब** है कि वीरवार को पठानकोट-भरमौर नेशनल हाई-वे पर ढकोग के समीप सीमेंट से लगा हुआ ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसमे ट्रक के चालक का शव नहीं मिला था और शंका जताई जा रही थी कि ट्रक में लदे सीमेंट के नीचे चालक का शव हो सकता है, लेकिन तमाम कोशिशों के बाद सात दिन बीत जाने के बाद भी म लापता चालक का शव अभी तक बरामद नहीं हो पाया है। शव बरामद न होने के कारण उसके घर वाले वह रिश्तेदार भी काफी परेशान हैं।

## विकास खंड मैहला की आधा दर्जन पंचायतों में बीएसएनएल का सिग्नल गुल

**अनंत ज्ञान, चंबा**

विकास खंड मैहला के तहत आती आधा दर्जन पंचायतों में बीएसएनएल का सिग्नल ठप है। इसके चलते बीएनएनएल उपभोक्ताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पंचायतों छतराड़ी, सुनारा, पियूहरा, गैहरा, रूहणूकोठी, औराफाटी, लेच, कुनेड़, किलोड़, प्रीणा में बीएसएनएल की सेवाएं मोबाइल उपभोक्ताओं के लिए जी का जंजाल बन चुकी है। बड़ी हैरानी की बात यह है कि क्षेत्र में निगम के सिग्नल की लुक्का-छिप्पी के चलते जहां निगम के उपभोक्ताओं के पैसे कट रहे हैं।

वहीं, सरकारी विभागों में सिग्रल के अकसर गुल हो जाने से सरकारी काम-काज भी काफी हद तक प्रभावित हो रहा है। ऐसे में क्षेत्र के निगम उपभोक्ताओं में बीएसएनएल के प्रति खासा रोष उत्पन्न हो चुका है। मोबाइल उपभोक्ताओं ने निगम को चेताते हुए कहा कि यदि क्षेत्र में सिग्रल की समस्या का समाधान न किया गया तो विवश होकर दूसरी कंपनियों की सिमें खरीदने के लिए विवश हो जाएंगे। निगम के मोबाइल उपभोक्ता राजीव कुमार, हरीश कुमार, दलीप शर्मा, महेश कुमार, राजीव ठाकुर, मनोज कुमार, बबलू कुमार, दिनेश कुमार आदि के मुताबिक क्षेत्र में अक्सर निगम का सिंग्नल गुल हो जाता है। बीएसएनएल के सिग्रल के गुल हो जाने से क्षेत्र के आठ हजार उपभोक्ता अपने संगे-संबंधियों से वातार्लाप तक नहीं कर पा रहे हैं। उपभोक्ताओं के मुताबिक उन्हें एक बात करने के लिए बार-बार फोन करने पड़ते हैं। ऐसे में बीएसएनएल उपभोक्ताओं की जेबे फोन करने की एवज में कट रही है। उपभोक्ताओं ने निगम से क्षेत्र में बीएसएनएल की सेवाओं को दुरुस्त करवाए जाने की मांग उठाई है।



## 18 को चंबा में आएंगे जेपी नड्डा



**चंबा।** लोकसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ऐतिहासिक चौगान में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिला भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के कार्य क्रम की रूप रेखा पर चर्चा की गई बैठक की अध्यक्षता विपन सिंघ परमार की अध्यक्षता में हुई। ऐतिहासिक चौगान में पंडाल बनाने के लिए सामान पहुंच चुका है। वहीं, दूसरी तरफ भीड़ जुटाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता नुक्कड़ सभाएं भी कर रहे हैं। 18 मई को राष्ट्रीय अध्यक्ष चंबा पहुंचेंगे और मतदाताओं की नब्ज टटोलेंगे। लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को स्टार प्रचारकों की सूची में रखा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौरे को लेकर भाजपा ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

## बायोमीट्रिक से हाजिरी लगाने के दावे हुए हवा

**एमएम डैनियल, चंबा**

हिमाचल प्रदेश राज्य में सभी स्कूलों में विद्यार्थियों की उपस्थिति को दर्ज करने के लिए गत वर्ष स्कूलों में बायोमीट्रिक मशीनें स्थापित करने का निर्णय लिया था। गत पांच साल गुजर जाने के बाद भी इस दिशा में कोई भी प्रगति पूरे प्रदेश में देखने को नहीं मिल रही है।

इससे कि साफ प्रतीत हो रहा है कि लोगों को विकास के नाम पर हर बार छल्ला जा रहा है। गौर हो कि देश भर में हर विभाग में कार्य पारदर्शिता व ऑनलाइन, वीडियों कॉन्फ्रेसिंग जोड़ने की कवायद में जहां स्वयं देश प्रधानमंत्री द्वारा बल दिया जा रहा था। वहीं, शिक्षा विभाग ने केंद्रीय शिक्षा विभाग से एक कदम आगे की योजना तैयार करते हुए हिमाचल प्रदेश राज्य के समस्त स्कूलों को बायोमीट्रिक प्रणाली से जोड़ने का निर्णय लिया था। इसमें पहले विभाग द्वारा इस प्रणाली को स्कूल शिक्षकों व कार्यालय स्टाफ पर लागू करना सुनिश्चित किया गया था। वहीं, इस दिशा में विभाग ने पुना संशोधिन करते हुए बायोमीट्रिक व वीडियो कॉन्फ्रेसिंग प्रणाली से विद्यार्थियों को भी जोड़ने का निर्णय लिया था। इसमें विभाग द्वारा राज्य में सर्व प्रथम सीनियर सेकेंडरी व उच्च विद्यालयों में इस प्रणाली को शुरू करना सुनिश्चित किया था। इसमें शिक्षकों व विद्यार्थियों हाजिरी रजिस्टर की बजाय बायोमीट्रिक मशीनों के माध्यम अपनी आने-जाने की उपस्थिति दर्ज करवाई जानी सुनिश्चित थी। उस समय तो दो माह के बीच इस प्रणाली को अमलीजामा पहनाने के दावे कर रही थी मगर छह माह गुजरने के बाद भी इस दिशा में शिक्षा विभाग की ओर से कोई कदम नहीं उठाए गए। (अनंत ज्ञान)

**कार्य प्रगति पर**



**उपनिदेशक** उच्च शिक्षा विभाग चंबा राजेश चाढ़क ने बताया कि बायोमीट्रिक हाजिरी प्रणाली को विभागीय कार्यालय व डाइट शिक्षा संस्थान में लगा दिया है। जबकि स्कूलों में बायोमीट्रिक व वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से जोड़ने के लिए विभागीय निर्देशानुसार कार्य प्रगति पर है।

## भीम सिंह ठाकुर को सौंपी कमान

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

कांग्रेस युवा संवाद के प्रदेश सचिव अशोक वशिष्ट ने बताया कि कांग्रेस केंद्र से मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने व हिमाचल की चारों लोकसभा सीटों व विधानसभा के उपचुनावों की सभी छह सीटों को कांग्रेस पार्टी के पक्ष में करने के लिए कमर कस चुका है। क्षेत्र में संगठन को ढांचागत मजबूती देने के लिए बूथ स्तर पर कार्यकारिणीयों का गठन व विस्तार का कार्यक्रम कर रहा है।

इसी कड़ी में ग्राम पंचायत तत्तापानी के रंडौल बूथ में कार्यकारिणी का का गठन किया गया। इस के लिए वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुशू राम की अध्यक्षता में एक आम बैठक का आयोजन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से भीम सिंह ठाकुर को अध्यक्ष पद पर चुना गया। उपाध्यक्ष हिरामणी शर्मा, महासचिव कुंदन लाल, सचिव लीलाधर, सह सचिव नरेन्द्र शर्मा, कोषाध्यक्ष नारायण सिंह, सलाहकार मुशू राम, मान सिंह व सदस्यों के तौर पर अशोक कुमार, केसरु राम, ज्योति, पूर्ण चंद, सेवा नंद, यश पाल व तेज राम को चुना गया। अध्यक्ष पद पर चुने जाने पर भीम सिंह ठाकुर ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। साथ ही साथ उन्होंने इस मौके पर सभी सदस्यों से आग्रह किया कि इस बार लोक सभा चुनावों में हम अपने बूथ से कांग्रेस प्रत्याशी राजा विक्रमादित्य सिंह को 200 से अधिक मतों की बढ़त दिलाने के लिए अहम भूमिका निभाए।



नवनिर्वाचित अध्यक्ष अन्य पदाधिकारियों के संग।

### सूडोकु 0062 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | | 1 | | 5 | | 2 |
| | 9 | | | 8 | | | | 3 |
| 1 | | | 6 | 9 | | 7 | | |
| | 3 | 8 | 2 | | 1 | | | |
| 2 | 7 | 5 | | | | 6 | 3 | 1 |
| | | | 5 | | 7 | 2 | 8 | |
| | | 9 | | 7 | 4 | | | 6 |
| 8 | | | | 2 | | | 5 | |
| 4 | | 2 | | 5 | | 9 | 1 | 7 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0063 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |



सुन्नी। पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला वस्तपुर के छात्रों द्वारा जन जागरूकता रैली निकाली गई और आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान छठीं से लेकर बारहवीं के छात्रों में हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने रैली के माध्यम से आमजन को प्लास्टिक कचरे से होने वाले नुकसानों के प्रति जागरूक किया।

## हितेन व सुमित ताशकंद में हैंडबाल प्रतियोगिता में दिखाएंगे दमखम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

मोरसिंघी हैंडबॉल नर्सरी की हैंडबॉल में दिन प्रतिदिन उपलब्धियां बढ़ती जा रही है। महिला हैंडबॉल खिलाड़ियों के के साथ अब पुरुष खिलाड़ी भी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल रहे है।

इसी कड़ी में 14 से 21 मई तक ताशकंद उज्बेकिस्तान में होने वाली चतुर्थ सेंट्रल एशियन ओपन हैंडबॉल प्रतियोगिता में मोरसिंघी हैंडबॉल नर्सरी के दो पुरुष खिलाड़ियों का चयन हुआ है। 14 मई से 21 मई तक उज्बेकिस्तान के ताशकंद में आयोजित होने वाली चतुर्थ सेंट्रल एशियन ओपन हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम सोमवार देर शाम रवाना हो गई। भारतीय पुरुष टीम में बिलासपुर जिले की मोरसिंघी हैंडबॉल नर्सरी के दो पुरुष खिलाड़ी भी शामिल किए गए है। मोरसिंघी हैंडबॉल नर्सरी की संचालिका व कोच स्नेहलता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय टीम में उनकी नर्सरी के दो खिलाड़ी हितेन चंदेल व सुमित पटियाल ताशकंद में हैंडबॉल प्रतियोगिता में अपना दम दिखाएंगे।

### अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**आज का पंचांग**

16 मई, 2024, वीरवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** वैशाख, **तिथि** अष्टमीः (6:24) : **नक्षत्र :** मघा (6:14), **पक्ष :** शुक्ल, **योगः** ध्रुव (8:22) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:50-12:44), **राहुकाल** (01:59 -3:41।

**विशेष दिन**

» 16 मई 2024 : जानकी नवमी आज।

» 16 मई 2024 : दुर्गाअष्टमी व्रत आज।

**मेषः** वर्तमान समय शुभ फल देने वाला है। अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें। बने काम बिगड़ सकते हैं।

**वृषभः** संतान के विवाह की चिंता रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। पूंजी निवेश से लाभ संभव है। अपने अधिकारों का गलत प्रयोग न करें।

**मिथुनः** व्यापार विस्तार की योजना सफल होगी। स्वस्थ रहें, मस्त रहें। व्यर्थ की चिंता छोड़ दें। वहीं, समय रहते पूंजी निवेश कर दें।

**कर्क :** आप के व्यवहार से सहकर्मी खुश होंगे। जीवन में नई उड़ान भरने का समय आया है। इसका लाभ लें।

**सिंह :** धनकोष में वृद्धि होगी। अपने करियर के प्रति गंभीर निर्णय लें। वहीं, मन में कई दुविधाएं चल रही है।

**कन्या :** लंबे समय से चले आ रहे पारिवारिक विवाद का आज अंतिम दिन है। महत्वपूर्ण कार्य निपटाने में लगे रहेंगे।

**तुलाः** कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। नौकरी की तलाश में भटकना पड़ेगा। आप कितना सोचते है, पर करते कितना है।

**वृश्चिकः** क्या करूं, क्या न करूं। इसी स्थिति से आप गुजर रहे है। शांति से फैसले लें, जल्दबाजी में कोई भी कार्य न करें।

**धनु :** आप दूसरों के लिए बुरा न सोचें। अपने आहार पर नियंत्रण रखें। पेट संबंधित रोग संभव है। वहीं, मन लगाकर अपने कार्य में लग जाएं।

**मकरः** जो करना चाहिये, वो करिये। फालतू समय बर्बाद न करें। दूसरों की सीख में अपना नुकसान कर बैठेंगे।

**कुंभ :** कार्य की अधिकता के कारण जरूरी कार्य पूरे नहीं हो सकेंगे। उन्नति के पथ पर अग्रसर होंगे।

**मीनः** वाक्चातुर्य से अपना कार्य बना लेंगे। व्यापार व्यवसाय में यश कीर्ति की वृद्धि होगी। वहीं, समय पर कार्य करना सीखें।

**मतदान** — स्वीप टीम पहुंची भट्टियात के अंतिम गांव में, मतदान के प्रति लोगों को किया जागरूक

# मलवां क्योड़ गांव में लोगों को बताया मतदान का महत्व

**बबलू पाठनिया, चुवाड़ी**

स्वीप टीम भट्टियात ने मिशन 414 के तहत वोटर जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन भट्टियात के विभिन्न जगहों पर किया जा रहा है। इसमें भट्टियात के अति दुर्गम व दूरस्थ पोलिंग बूथ पर चुनाव आयोग की टीम पंहुच रही है। इसी कड़ी में स्वीप टीम भट्टियात ने भट्टियात के आखिरी गांव मलवां क्योड़ का दौरा किया।

डॉ. आकाश दीप शर्मा, नोडल अधिकारी के नेतृत्व में स्वीप टीम के सदस्य बलवान सिंह मीनल, अंजलि और मनोहर लाल ने पिछले संसदीय चुनावों में कम प्रतिशत मतदान के कारणों को जानने और आगामी चुनावों में मतदान प्रतिशत में वांछित सुधार के लिए किए गए प्रयासों को जानने के लिए व्यक्तिगत रूप से मलवां बूथ का दौरा किया। स्थानीय लोगों के साथ बातचीत के लिए प्राइमरी स्कूल मलवां में एक बैठक बुलाई गई। इसमें स्थानीय लोगों ने भाग लिया। स्वीप टीम द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। स्वीप के तहत कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। लोगों ने हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लिया तथा स्टैम्प गतिविधि की गई। नोडल अधिकारी डॉक्टर आकाशदीप ने बताया कि ये गांव भट्टियात का अंतिम गांव है उसके आगे कांगड़ा का क्षेत्र शुरू होता है। यहां लोगों की कुछ मूलभूत जरूरतें हैं। इसमें मुख्य रूप से स्कूल भवन का न होना शिक्षक के खाली पद, पानी की किल्लत इत्यादी मुख्य है। (अनंत ज्ञान)



**मांगों को प्रशासन तक पहुंचाने का दिया आश्वासन**

**चुनाव** आयोग की टीम ने लोगों की मांगों को प्रशासन तक पंहुचाने का आश्वासन दिया। लोगों ने इस बार लोकसभा चुनावों के लिए अधिक से अधिक मतदान करने का भरोसा दिलाया। इस पोलिंग बूथ में 3 नए वोट बनाये गए। इस मौके पर स्थानीय लोग व स्वीप टीम से बलवान, मनोहर, नीतू, अंजलि व मंजू उपस्थित रही।

# देवता श्रृंगा ऋषि की शोभायात्रा से बंजार मेला शुरू

## स्कूली छात्राओं सहित लोगों ने फूल बरसाकर किया देवता का स्वागत, हजारों लोगों ने लिया आशीर्वाद

**शीला कौल, बंजार**

जिला स्तरीय बंजार मेले का शुभारंभ देवता श्रृंगा ऋषि कोठी चैंहणी के बंजार आगमन सहित शोभायात्रा से हुआ। बुधवार शाम देवरथ के साथ सैकड़ों हारियाने बंजार मेला मैदान में लाव-लश्कर के साथ पहुंचे। इस रथयात्रा के साथ ही जिला स्तरीय बंजार मेला का विधिवत तरीके से आगाज हुआ।

वर्षों से देव परंपरा का निर्वाह करते हुए देवता श्रृंगा ऋषि की भव्य जलेव यात्रा हजारों श्रद्धालुओं हारियानों सहित दर्जनों वाद्ययंत्रों के साथ जैसे ही जलेव यात्रा मेला ग्रांउड में पहुंची, तो स्कूली छात्राओं सहित लोगों ने फूलों की वर्षा कर देवता का स्वागत किया। यह नजारा देखने योग्य था। फूल-मालाओं सुसज्जित देवता का देखते ही प्रत्येक श्रद्धालु श्रृंगा ऋषि की जयकारों की घोष से गूंज उठा। ऋषि का रथ अस्थायी शिविर में विराजमान हुआ, तो देवता का आशीर्वाद लेने के लिए


पांच दिवसीय बंजार मेले के शुभारंभ पर निकली देवता श्रृंगा ऋषि की शोभायात्रा।

श्रद्धालुओं की भीड़ उमड पड़ी। वहीं, इस वर्ष घाटी के करीब डेढ़ दर्जन देवी-देवता मेले में शिकरत करने पहुंचे हैं। 15 मई से 19 तक चलने वाले पांच दिवसीय बंजार मेला मुख्य रूप से बंजार घाटी की पांच कोठी चैंहणी, खाडागाड, त्रिलोकपूर, शिकारी व फतेहपूर के प्रमुख देवता श्रृंगा ऋषि के सम्मान में मनाया जाता है। जिला स्तर बंजार मेला जहां देवता श्रृंगा ऋषि को समर्पित है। वहीं, घाटी के अन्य देवी-देवताओं उक्त देवता श्रृंगा ऋषि के साथ मिलन कर अपने-अपने अस्थायी शिविरों में बैठते हैं। दर्जनों देवता पांच दिन तक मेला बंजार में ही अपने अस्थायी शिविरों में रहेंगे। लिहाजा देवालयों की भांति जहां यहां रोजाना चार पहर विधिवत पूजा-अर्चना होती रहेगी, वहीं दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का भी सैलाव उमड़ता रहेगा। (अनंत ज्ञान)

### डीसी कुल्लू ने किया मेले का शुभारंभ

पांच दिवसीय जिला स्तरीय बंजार मेले का शुभारंभ आराध्य देव श्रृंगा ऋषि के आगमन के पश्चात डीसी कुल्लू तोरूल एस रवीश ने किया। मेला कमेटी के अध्यक्ष कमलेश ठाकुर, उपाध्यक्ष इंद्र देव शर्मा कमेटी सदस्यों ने मुख्यतिथि का यहां पहुंचने पर ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं के साथ किया और कुल्लवी टोपी और मफलर भेंट देकर समानित किया। डीसी तोरुल एस रवीश ने कहा कि मेले जहां हमारे संस्कृति के प्रतीक हैं, वहीं देव संस्कृति और भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने बंजार मेले की सभी बंजार वासियों को मंच से बधाई दी, जिस तरह से आप देवताओं के मेले में आएं हैं और मेले का आनंद ले रहे हैं ठीक उसी तरह एक जून को मतदान का पर्व होने जा रहा। उसमें भी बढ़-चढ़ कर भाग लें।


पांच दिवसीय बंजार मेले का शुभारंभ करती डीसी कुल्लू।

# देव श्री बड़ा छमाहूं 105 साल के बाद आएंगे बंजार मेले में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सृष्टि के रचयिता देव श्रीबड़ा छमाहूं 105 सालों के बाद बंजार मेले की शोभा बढ़ाने जा रहे हैं। देवता की शोभायात्रा कोटला गांव से लाव-लश्कर के साथ वीरवार सुबह शुरू होगी और करीब तीन बजे बंजार पहुंचेंगे। यहां स्थानीय देवता श्रृंगा ऋषि सहित मेले में आए हुए अन्य देवी-देवताओं से भव्य मिलन होगा और भविष्य में आने वाली आपदाओं को लेकर देवता आपस में मंथन भी करेंगे। देवता के इस कार्यक्रम से श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है और कोटला गांव से लेकर बंजार तक देवता का भव्य स्वागत होगा और श्रद्धालुओं को देवता दर्शन देकर उनकी मनोकामना पूर्ण करने के अलावा आशीर्वाद भी देंगे।

देवता के पुजारी धनेश गौतम, कारदार मोहन सिंह व देवता छमाहूं विकास कमेटी के सचिव मास्टर शेर सिंह ने बताया कि देवता ने अपनी भविष्यवाणी में कहा कि वह किसी बड़ी आपदा के समाधान के लिए



बंजार जा रहे हैं। वहां जहां मेले में विराजमान होकर श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। वहीं, स्थानीय देवताओं से भी गुप्त मंथन होगा और सृष्टि के संतुलन व आपदा के निपटारे के समाधान का प्रावधान किया जाएगा। कोरोना से पहले देवता मंडी शिवरात्रि गए थे और कहा था कि बहुत बड़ी आपदा आने वाली है और मनुष्य एक-दूसरे को छूने से डरेंगे। इस समय भी सृष्टि के रचयिता देव श्रीबड़ा छमाहूं ने अठारह करडु देवी-देवताओं से मंथन किया था और अपने क्षेत्र में इस बीमारी के खौफ व नुकसान को कम करने की शक्ति प्रदान की थी। मंडी शिवरात्रि में देवता द्वारा की गई बड़ी आपदा की भविष्यवाणी चंद दिनों में साबित हुई थी और कोरोना ने पूरे देश को अपने आगोश में जकड़ दिया था। इस समय भी देवता ने कहा है कि बंजार जाने के पीछे विश्व शांति का उद्देश्य है। पुजारी धनेश गौतम ने बताया कि देवता 105 सालों बाद बंजार मेले में जा रहे हैं। देवता बड़ा छमाहूं सृष्टि के रचयिता विष्णु भगवान के अवतार हैं और छमाहूं में ब्रह्मा, विष्णु, महेश व आदी, शक्ति, शेष सभी शक्तियां समाहित हैं। देव श्रीबड़ा छमाहूं एक मात्र ऐसे देव हैं, जिनमें ब्रह्मा, विष्णु, महेश सहित आदी शक्ति व शेष एक साथ वास करते हैं। छह देवताओं की सामूहिक शक्ति ही छमाहूं कहलाती है। इसलिए छमाहूं देव रथ में श्रद्धालु विष्णु भगवान के अलावा अन्य पांच देवों के भी दर्शन कर सकते हैं। बहरहाल देव श्रीबड़ा छमाहूं 105 सालों बाद बंजार मेले में शरीक होकर शोभा बढ़ाएंगे।

# ढूंगरी मेले के दूसरे दिन प्रतिभागियों ने प्रतियोगिताओं में दिखाया दमखम

**अनंत ज्ञान, मनाली**

कुल्लू राज परिवार की कुल देवी माता हिडिंबा के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर मनाली में ढूंगरी मेले की खूब धूम है। चार दिवसीय इस मेले के दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें रस्साकशी महिला वर्ग में वीर घटोतकच्छ की टीम विजेता रही। बच्चों की रस्साकशी लड़कों के वर्ग में भक्त ऑफ हिडिंबा प्रथम रहे। लड़कियों में हिडिंबा ए की टीम दूसरे स्थान पर रही।

आटा दौड़ में शुभम, कंवर, लड़कियों में रिद्धिमा और हर्षिता, जलेबी दौड़ लड़कों में शिवांश और शुभम, लड़कियों में रिद्धिमा और मानवी ने क्रमश: प्रथम और द्वितीय पुरस्कार जीता। पहाड़ी दौड़ में लविश और कर्ण, लड़कियों में मानवी और


ढूंगरी मेले के दूसरे दिन कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य।

तान्या ने बाजी मारी। चम्मच दौड़ जूनियर वर्ग में विवांश प्रथम रहा। चित्रकला में जूनियर वर्ग में ताशवी प्रथम रही। कुर्सी दौड़ में शर्मिला ने बाजी मारी। इस दौरान महिलाओं की रस्साकशी प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही। शुभम भारद्वाज का प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन रहा। शुभम ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में चार पदक जीते। कार्यक्रम में देवी हिडिंबा और मनु ऋषि के कारदार रमन शर्मा, रघुवीर नेगी मुख्य अतिथि रहे। पंचायत मनाली की प्रधान मोनिका भारती, उपप्रधान रामलाल ठाकुर, जुमला कमेटी के प्रधान सुजिन्दर, कोषाध्यक्ष राजू, वार्ड पंच सुरेश कश्यप, जुमला कमेटी के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## मनाली-लेह मार्ग पर जल्द दौड़ेंगे वाहन

**केलांग।** धूप खिलते ही बीआरओ बारालाचा दर्रे की हालत सुधारने में जुट गया है। मौसम साफ रहा तो दो दिन के भीतर मनाली-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग वाहनों के लिए बहाल हो जाएगा। हालांकि लेह-लद्दाख के लोगों के पास आपात स्थिति में बाया जंस्कार शिंकुला होकर मनाली आने का विकल्प है, लेकिन सभी को मनाली लेह राष्ट्रीय राजमार्ग बहाली का इंतजार है। इस मार्ग के बहाल होने से लेह-लद्दाख सहित मनाली व लाहौल में पर्यटन गति पकड़ेगा। देश भर के पर्यटकों को इस मार्ग की बहाली का बेसब्री से इंतजार है। इस मार्ग के खुलने से सेना को सीमावर्ती क्षेत्रों में रसद पहुंचना आसान हो जाएगी। बीआरओ अधिकारी ने बताया कि बारालाचा दर्रे में सड़क बहाली का कार्य जारी है। मौसम ने साथ दिया तो दो-तीन दिन के भीतर मनाली-लेग मार्ग बहाल हो जाएगा।

# राजनीति कोई पार्ट टाइम जॉब नहीं : विक्रमादित्य

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

मंडी लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि राजनीति कोई पार्ट टाइम जॉब नहीं है इसके लिए पूरा समय देना पड़ता है। अब इस संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं को फैसला करना है कि उन्हें कैसा नेता चाहिए।

विक्रमादित्य सिंह ने बुधवार को कुल्लू के महाराजा वैली के दोहरनाला, लग वैली के भुट्टी दोजक, मणिकर्ण वैली के शॉट व खरहाल बैली के बारी पधरु व कुल्लू में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि देव संस्कृति को बचाने के लिए हमें उन लोगों से सचेत रहने की आवश्यकता है, जो हमारी धार्मिक आस्था व परंपराओं को चोट पहुंचाने की कोशिश करते हैं। खास कर उन लोगों से जो गऊ माता के भक्षक हैं। वह मंडी संसदीय क्षेत्र के विकास के प्रति पूरी तरह समर्पित हैं। कुल्लू-मनाली आज पूरे विश्व में पर्यटन की दृष्टि से विख्यात है, आज जो भी विकास कार्य पूरे प्रदेश में हुए हैं वह सब कांग्रेस सरकार की ही देन रहे हैं इसमें प्रदेश के छह बार के मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह का बहुत बड़ा योगदान रहा है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि अन्य जिलों की भांति कुल्लू जिले में भी एक मेडिकल कॉलेज की बहुत जरूरत है। प्रदेश में आज जिस प्रकार से कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियों से युवा घिर रहें हैं वह बहुत ही चिंता की बात है। (अनंत ज्ञान)


विक्रमादित्य सिंह व अन्य नेता कुल्लू में आयोजित जनसभा में जनता का अभिवादन स्वीकार करते हुए।

### राजनीति में गो भक्षकों की कोई जगह नहीं : सुंदर

मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी ने एक युवा और पढ़े लिखे अनुभवी नेता को अपना प्रत्याशी बनाया है, जो केंद्र में प्रदेश की एक मजबूत आवाज बनेगी। प्रदेश की देव संस्कृति व राजनीति में गो भक्षकों की कोई जगह नहीं है। भाजपा को स्पष्ट करना चाहिए कि जो हमेशा राम भक्त होने का दावा करती है, तो ऐसे में उन्हें ऐसी क्या जरूरत पड़ गई कि उन्होंने प्रदेश में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को दरकिनार करते हुए मुंबई से एक अभिनेत्री को इंपोर्ट कर मंडी के चुनाव मैदान में उतारना पड़ा। गो भक्षक देव समाज के लिए एक बड़ा कलंक हैं और इससे सभी को दूर रहना होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### कांग्रेस सदा विजन पर काम करती : इंदु

**कुल्लू।** कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता इंदु पटियाला ने कहा कि लोकसभा के चुनाव में मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी युवा नेता विक्रमादित्य सिंह को जनता की तरफ से भरपूर समर्थन दिया जा रहा है। विक्रमादित्य सिंह व दिनों जहां पर भी प्रचार प्रसार के लिए जा रहे हैं वहां पर पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के चाहने वाले विक्रमादित्य सिंह में उनकी छवि को देख कर जहां भावुक हो रहे है। कांग्रेस सदा विजन पर काम करती है इसीलिए अपने घोषणापत्र में किए वादों और गारंटियों को विजन डॉक्यूमेंट के अनुरूप पूरा करेंगी।

### मिशन अस्पताल में मनाया नर्सिंग सप्ताह

**मनाली।** मिशन अस्पताल ने नर्सिंग सप्ताह धूमधाम से मनाया। अस्पताल की नर्सों ने माल रोड में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर पर्यटकों को उच्च रक्तचाप और स्ट्रोक के बारे जागरूक किया। नर्सिंग पर्यवेक्षक प्रभजोत गोस्वामी के नेतृत्व में सप्ताह भर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान नर्सों ने मरीजों की सेवा करने की शपथ ली।

### पोस्टर मेकिंग से हेल्थ वर्कर्स का बताया महत्व

**आनी।** राधे-राधे वेटरनरी फार्मासिस्ट प्रशिक्षण संस्थान रिवाड़ी आनी में बुधवार को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के प्रशिक्षुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता का थीम रोल ऑफ वेटेरिनेरीअन और हेल्थ वर्कर्स रहा। इसमें प्रशिक्षुओं के हर हाउस से तीन-तीन ग्रुप बनाए गए।

# लाहौल पुलिस ने लापता बच्चा और पर्स खोज कर पर्यटकों को सौंपे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति पुलिस ने सिस्सू में दो अलग-अलग मामलों में लापता बच्चे और खोए हुए पर्स को खोज निकाला और पर्यटकों को लौटा दिए हैं। जानकारी के अनुसार पहले मामले में पुलिस चौकी सिस्सू में विजय मेहता निवासी वेस्ट मुंबई ने उनके 15 साल के पुत्र के अचानक कोकसर के समीप लापता होने की सूचना दी, जिस पर प्रभारी पुलिस चौकी सिस्सू एवं उनकी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बच्चे को क्षेत्र में खोज निकाला और उसे परिजनों के हवाले किया।

इसके अलावा दूसरे मामले में पुलिस चौकी सिस्सू में एक महिला पर्यटक ने पर्स के गुम होने की



रिपोर्ट दर्ज करवाई, जिस पर पुलिस चौकी सिस्सू की टीम ने कार्रवाई करते हुए महिला के पर्स को ढूंढ निकाला और महिला को सौंप दिया। एसपी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने बताया कि दोनों मामलों में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामलों को हल कर दिया है।

# क्रिकेट में चायल निरमंड की टीम विजेता

**अनंत ज्ञान, तीर्थन**

हर साल की भांति इस बार भी अप्रैल माह से 8700 फुट ऊंचाई पर स्थित तीर्थन घाटी के खूबसूरत स्थल भिंडी थाच में इस चौथी अनोखी क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

करीब एक माह तक चली इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर की करीब एक सौ से अधिक टीमों ने भाग लिया। कई कड़े और रोमांचक मुकाबलों के बाद प्रतियोगिता का फाइनल मैच गोल्डन ईगल चायल निरमंड और बूम शंकर बागा चनोगी मंडी के बीच में खेला गया, जिसमें गोल्डन ईगल चायल निरमंड जिला कुल्लू की टीम विजेता और बूम शंकर बागा चनोगी जिला मंडी की टीम उपविजेता रही। वहीं, महिला


शहीद लगन चंद मेमोरियल कप के समापन पर विधायक सुरेंद्र विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

रस्साकशी के कड़े मुकाबले में जमलू ऋषि महिला मंडल शिल्ह प्रथम और स्वावलंबी महिला मंडल गरुली-दो दूसरे स्थान पर रही। बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों व खेलकूद एवं पर्यटन विकास समिति की ओर से मुख्यातिथि का पारंपरिक तरीके से स्वागत और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिभी वैली टूरिज्म डेवलपमेंट एसोसिएशन के मुख्य सचिव ललित कुमार और तीर्थन कंजर्वेशन एंड टूरिज्म डेवलपमेंट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मोहन ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्यातिथि द्वारा विजेता और उपविजेता टीम को बधाई दी तथा स्थानीय खेलकूद एवं पर्यटन विकास समिति के प्रयासों की सराहना की है।

## पार्वती घाटी में ट्रैकिंग के दौरान पर्यटक की मौत

**कुल्लू।** कुल्लू की पार्वती घाटी के कसोल-ग्राहण ट्रैकिंग रूट पर निकले दिल्ली के एक युवक की मौत हो गई है। पुलिस ने रात को शव को कब्जे में लेकर क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू पहुंचाया, जहां पर उसका पोस्टमार्टम करवाया गया। युवक की पहचान सिद्धार्थ पांडे (29) पुत्र अखिलेश पांडे, निवासी हाउस नंबर-253, शुभम अपार्ट नगर सेक्टर-12 द्वारिका दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली का युवक कसोल से ग्राहण रूट पर ट्रैकिंग पर निकला था। ग्राहण की चढ़ाई पर रास्ते में एक चट्टान पर उसे मृत अवस्था में पाया गया।

# ठोगी गांव में माहूंनाग मेले की धूम

**अनंत ज्ञान, आनी**

आनी खंड के अंतर्गत गांव ठोगी में ग्रामीण माहूंनाग मेले की खूब धूम रही। समाजसेवी घनश्याम शर्मा और स्थानीय पंचायत के प्रधान अमित ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि मेले का विधिवत शुभारंभ किया।

मेला कमेटी के अध्यक्ष योग राज ने उन्हें टोपी, बैच व मफलर पहनाकर सम्मानित किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भी भेंट किए। इस मौके पर दोनों मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में लोगों को ग्रामीण मेले की बधाई दी और कहा कि मेले हमारी प्राचीन संस्कृति के संवाहक हैं, जिन्हें संजोए रखना भावी पीढ़ी का कर्तव्य है। मेले के


माहूंनाग मेले के दौरान कार्यक्रम प्रस्तुत करती हुई महिलाएं।

सफल आयोजन के लिए समाजसेवी घनश्याम शर्मा ने अपनी ओर से 11 हजार रुपए और प्रधान अमित ने 21 हजार रुपए की राशि मेला कमेटी को भेंट की। मेले में जहां स्कूली बच्चों ने अपनी सुंदर प्रस्तुति से मन मोहा, वहीं आनी विकास खंड के महिला मंडल कमांद, खादवी, ठोगी, शमशर, ढघुट, डुंगा तथा महिला मंडल शमेशा ने अपनी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति से मेले में आए लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। मेले में सामूहिक नाटी का दौर भी चलता रहा। मेले में दूरदराज गांव खादवी व कमांद के महिला मंडल का लोकनृत्य सबसे बेहतरीन रहा। मुख्यातिथि ने सभी महिला मंडलों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# स्टूडेंट्स ने रैली निकालकर मतदाताओं को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दियार में चुनावी पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन हो गया। इस अभियान के अंतर्गत 1 से 15 मई तक विद्यालय में विभिन्न गतिविधियां की गई।

इलेक्टरल लिटरेसी क्लब के नोडल ऑफिसर हरि सिंह प्रवक्ता राजनीतिक विज्ञान ने बताया कि पाठशाला में एक से 15 मई तक इलेक्टरल लिटरेसी क्लब के विद्यार्थियों की ओर से विभिन्न गतिविधियां की गई, जिनमें प्रार्थना सभा में मतदाताओं को जागरूक करने



के लिए भाषण, चुनाव पर सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी, चुनाव पर कविता पाठ तथा दिन के समय पेंटिंग, स्लोगन राइटिंग तथा चुनाव पर क्विज प्रतियोगिता आदि महत्वपूर्ण गतिविधियां की गई। 15 मई को इस चुनावी पखवाड़े कार्यक्रम का समापन हो गया तथा समापन अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने स्कूल से दियार गांव तक एक रैली निकाली।

# वैष्णवी मिस, सामर्थ्य मिस्टर फ्रेशर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

डीएवी स्कूल मनाली में बुधवार को छात्र भारती शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य नसोगी पंचायत के प्रधान दिलेराम ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उनके साथ कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए मनाली प्रेस क्लब के सदस्य जसवंत ठाकुर तथा स्कूल के प्रधानाचार्य आरएस राणा भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के चार सदनों आर्य भट्टा सदन, दयानंद सदन, हंसराज सदन तथा टैगोर सदन के साथ-साथ विद्यालय की एनसीसी यूनिट के छात्रों ने मार्च पास किया। विद्यालय के हेड ब्वॉयज, हेड गर्ल तथा चारों सदनों के कैप्टन तथा वाइस कैप्टन ने मुख्यातिथि को अपना परिचय दिया। इस वर्ष डीएवी पब्लिक स्कूल की कैबिनेट में हेड ब्वॉय रेहान, हेड गर्ल प्रगति ठाकुर, डिप्टी हेड ब्वॉय वरुण राणा, डिप्टी हेड गर्ल रूही पराशर, लिटरेरी कैप्टन त्वेशा, लिटरेसी वायस कैप्टन अदित्य, स्पोर्ट्स कैप्टन ब्वॉयज विनित,




स्पोर्ट्स कैप्टन गर्ल्स सागरिका, कल्चरल कैप्टन गर्ल्स हर्षिता, कल्चरल कैप्टन ब्वॉयज आदित्य महंत, आर्यभट्ट सदन गर्ल्स कैप्टन रचना, गर्ल्स वायस कैप्टन तान्या आदि को कैप्टन चुना गया। चुने गए प्रतिभागियों ने ईमानदारी तथा निष्ठा से विद्यालय के प्रति कार्य करने की शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम के दूसरे चरण में फ्रेशर-डे कार्यक्रम मनाया गया। इस दौरान इस वर्ष स्कूल में प्रवेश लेने वाले नए छात्रों तथा नए अध्यापकों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। उनकी प्रस्तुति के अंतर्गत छात्रों की प्रतिभा को देखकर उन्हें सम्मानित किया। वैष्णवी को मिस फ्रेशर तथा सामर्थ्य को मिस्टर फ्रेशर चुना गया।

**निर्माण** | सुल्तानपुर में बन रहे पार्किंग का काम चल रहा जोरों पर, लोगों को गाड़ी के लिए पार्किंग ढूंढने में होती थी परेशानी

# 5.49 करोड़ से सुल्तानपुर में हो रहा बहुमंजिला पार्किंग का निर्माण

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

कुल्लू मुख्यालय के समीप सुल्तानपुर में इन दिनों पार्किंग का कार्य जोरों पर चल रहा है। कुल्लू के सुल्तानपुर में स्थित कन्या विद्यालय के नजदीक बन रहे नगर परिषद कुल्लू की बहुमंजिला पार्किंग का कार्य प्रगति पर है और इस पार्किंग के निर्माण से सुल्तानपुर सहित मठ के इलाके में रह रहे सैकड़ों लोगों को पार्किंग की सुविधा मिलेगी।

सुल्तानपुर के कन्या विद्यालय सहित मठ के इलाके में पार्किंग की समस्या काफी लंबे समय से बनी हुई थी, जिस कारण इस इलाके में रहने वाले लोगों को अपनी गाड़ी के लिए


सुल्तानपुर में बन रहे नगर परिषद कुल्लू की पार्किंग।

पार्किंग ढूंढने में खासी परेशानी होती थी। सुल्तानपुर से लेकर मठ के बीच जो सड़क है वो संकरा है, जिस कारण आए दिन यहां पर दोनों तरफ से आने वाली गाड़ियों को पासिंग के लिए खासी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। ये बहुमंजिला पार्किंग स्थल करीब 5.49 करोड़ रुपए की लागत से बनने जा रही है। नगर परिषद कुल्लू की इस बहुमंजिला पार्किंग का शिलान्यास पूर्व मुख्यमंत्री जयराम के द्वारा किया गया था। हांलाकि कुछ लोग अब भी कन्या विद्यालय सुल्तानपुर के आगे स्थित खुली जगह में अपनी गाड़ियों को पार्क कर रहे हैं, मगर यहां पर भी सिर्फ कुछ ही गाड़ियों को पार्किंग में रहने की जगह मिल पाती है। मठ की तरफ पार्किंग की सुविधा न होने से यहां के रहने वाले लोगों को आए दिन पार्किंग की समस्या पेश आती है। मठ में रहने वाले ज्यादातर लोगों के पास अपनी गाड़ियां हैं मगर गाड़ी को पार्क करने की सुविधा सिर्फ कुछ ही लोगों के पास है। मठ में रहने वाले लोग अक्सर जगह न मिलने पर अपनी गाड़ियों को भेखली रोड से मठ को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग पर या फिर भेखली रोड पर ही अपनी गाड़ियों को पार्क कर देते हैं, जहां पर अकसर शरारती तत्वों के द्वारा गाड़ियों के साथ छेड़छाड़ या फिर टायरों की चोरी का मामला पेश आता रहता है।

बेहरहाल जब से पार्किंग का कार्य शुरू हुआ है, तब से सुल्तानपुर तथा मठ इलाके के लोगों में इस बात को लेकर संतोष है कि जब पार्किंग बन कर तैयार होगी, तो यहां पर रहने वाले सैकड़ों लोगों को पार्किंग की सुविधा मिल पाएगी। सुल्तानपुर निवासी नीरज शर्मा, वीरेंद्र, मोहन लाल, ऋषि, सारांश, विनोद, आर्यन ठाकुर सहित दर्जनों लोगों का कहना है सुल्तानपुर में पार्किंग की मांग बहुत पहले से की जा रही थी, मगर अब पार्किंग का कार्य शुरू होने से सभी संतुष्ट हैं। (अनंत ज्ञान)

> नगर परिषद कुल्लू की पार्किंग का निर्माण कार्य सुल्तानपुर में किया जा रहा है और करोड़ों की लागत से बनने वाले पार्किंग स्थल से सुल्तानपुर और मठ वासियों को अपनी गाड़ियों को पार्क करने में दिक्कत नहीं होगी।
>
> **दानवेंद्र सिंह, पार्षद वार्ड नंबर चार।**

# किसी भी परीक्षा के लिए पहले से योजना बनाना एक अच्छी रणनीति : आकांक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला पुस्तकालय कुल्लू में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अध्ययन कर रहे स्टूडेंट्स के मार्गदर्शन के लिए लाइब्रेरी एंड लर्निंग सोसायटी की ओर से एक इंटरैक्टिव करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 2021 बैच की एचएएस अधिकारी एवं वर्तमान में तहसीलदार भुंतर आकांक्षा शर्मा ने परीक्षार्थियों को परीक्षा की तैयारी करने तथा परीक्षा देने के प्रभावी तरीकों पर जानकारी दी। आकांक्षा शर्मा ने परीक्षार्थियों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षा में सफल होने के लिए अनवरत तथा नियमबद्ध रूप से अध्ययन करना आवश्यक है। कोचिंग के बजाय अध्ययन से भी परीक्षाओं में सफलता



प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि किसी भी परीक्षा के लिए पहले से योजना बनाना एक अच्छी रणनीति है, लेकिन हमें अध्ययन सत्रों पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। सबसे पहले समझें कि आपको किन विषयों को कवर करना है और प्रत्येक विषय के लिए कितना समय देना जरूरी है। आपको हर दिन किस विषय के कितने भागों को पूरा करना है, इसकी योजना बना लें। इससे आप किसी भी महत्वपूर्ण क्षेत्र को अनदेखा नहीं कर पाएंगे।

# सोलन में बढ़ा पेयजल संकट, लोगों में हाहाकार

## नगर निगम ने मेले के चलते की पानी में कटौती, चार दिन बाद उपभोक्ताओं को मिल रहा पानी

**आर मोहन चौहान, सोलन**

गर्मियां शुरू होते ही सोलन शहर में पेयजल संकट गहराने लगा है। जहां पहले तीन दिन बाद पानी की आपूर्ति होती थी पर अब उपभोक्ताओं को चार दिन बाद पेयजल मिल रहा है। नगर निगम की मानें तो अगले महीने होने वाले शूलिनी मेले की जरूरत को देखते हुए अभी से पानी की स्टोरेज की जा रही है।

ऐसे में स्थानीय लोगों को अभी से पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक शहर की प्यास बुझाने वाले गिरि पेयजल योजना का पानी इन दिनों कुमारहट्टी और धर्मपुर भी भेजा जा रहा है। ऐसे में शहरवासियों को मांग अनुसार पानी नहीं मिल रहा है। यदि स्थिति ऐसी ही रही, तो गर्मियां बढ़ते ही पानी के लिए हाहाकार मच जाएगी। निगम ने शहर में पेयजल की आपूर्ति को बेहतर बनाने और उपभोक्ताओं को एक समान मात्रा में पेयजल की आपूर्ति करने के उद्देश्य से वार्ड क्षेत्रों में वाटर टैंकों का निर्माण निर्णय तो लिया पर इसके लिए जमीन ही उपलब्ध नहीं हो रही है। वार्ड क्षेत्रों में नगर परिषद की जमीन तो है, लेकिन वाटर टैंक के निर्माण के लिए फिजिबिलिटी नहीं बन पा रही है। इसके चलते वाटर टैंकों के निर्माण की योजना सिरे चढ़ती नजर नहीं आ रही है। यदि कहीं जमीन उपलब्ध भी है, तो लोग सुरक्षा की दृष्टि से इसका विरोध कर रहे हैं। शहर के वार्ड क्षेत्रों में सरकारी जमीन भी उपलब्ध है, लेकिन इसकी निशानदेही का पता नहीं होने के चलते नगर निगम जोखिम नहीं लेना चाहती। हालांकि इसके लिए राजस्व विभाग की मदद मांगी गई है। निगम ने वार्ड-11 में निजी जमीन वाटर टैंक निर्माण किया, जो कारगर साबित हुआ है पर अन्य जगहों पर अभी योजना सिरे नहीं चढ़ी। (अनंत ज्ञान)


सोलन का कथेड़ क्षेत्र जहां लोगों को पानी की कमी का करना पड़ रहा सामना।

### दूरवर्ती क्षेत्रों में नहीं पहुंचता प्रेशर

मुख्य टैंकों में पानी की मात्रा कम होने की स्थिति में शहर के दूरवर्ती क्षेत्रों में पानी का प्रेशर नहीं पहुंच पाता। इसके चलते लोगों के घरों में लगी टैंकियों में पानी नहीं पहुंच पाता। सलोगड़ा, खुंडीधार, चंबाघाट, कथेड़ और शामति क्षेत्रों में यह समस्या अधिक है। प्रेशर की कमी के चलते लोगों को मांगानुसार पानी नहीं मिलता, जिससे उन्हें प्राकृतिक स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता है। इसी को देखते हुए वार्ड क्षेत्रों में वाटर स्टोर टैंक निर्माण की योजना है। समस्या यह है कि वार्ड क्षेत्र में इसके लिए जमीन ही नहीं मिल रही है। निगम सरकारी जमीन पर भी टैंक बनाने को तैयार है, लेकिन जमीन की डिमार्केशन नहीं होने से यह संभव नहीं हो रहा है। जीआईएस से भी शहर में खाली जमीन की तलाश की जा रही है।

### गर्मियों में बढ़ जाती है समस्या

सोलन में गर्मियों के मौसम में पेयजल की मांग बढ़ जाती है। इसके चलते शहर में समान रूप से पेजयल का वितरण नहीं हो पाता। इसी को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद वार्डों में वाटर टैंकों का निर्माण करना चाहती है। यदि वार्डों में वाटर स्टोरेज टैंक बन जाता है, तो इससे लोगों को एक समान मात्रा में पेयजल का वितरण संभव होगा। टैंक बनने से पानी के स्टोरेज क्षमता भी बढ़ेगी, जिसके चलते आपात स्थिति से निपटना भी आसान होगा। शहर में कुल 17 वार्ड है। योजना के तहत वार्ड-12,13, 14 और 7 में वाटर टैंक बनाए जाने हैं। इसी तरह अन्य वार्डों में कम क्षमता से वाटर टैंक बनाने की योजना है। यह तभी संभव होगा, जब इसके लिए जमीन उपलब्ध होगी।



गर्मियों में पानी की मांग बढ़ जाती है। शहरवासियों को मांग के मुताबिक पानी देने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। शहर के वार्ड क्षेत्रों में वाटर स्टोरेज टैंक बनाने की योजना है। इसके लिए उपयुक्त जमीन तलाशी जा रही है। राजस्व विभाग की मदद से शहर में खाली पड़ी सरकारी जमीन को चिन्हित कर वाटर टैंकों का निर्माण किया जा सकता है। **उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

# आपदा में प्रदेश सरकार को केंद्र से मिले 2529.87 करोड़ : विवेक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**


सोलन में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विवेक शर्मा।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विवेक शर्मा ने कांग्रेस पर झूठी बयानबाजी कर प्रदेशवासियों को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आपदा में प्रदेश सरकार को केंद्र से विभिन्न मुद्दों के तहत 2529. 87 करोड़ मिले। इसी तरह ग्रामीण सड़कों के विस्तार के लिए 2643 करोड़ जारी किए गए साथ ही आपदा में क्षतिग्रस्त हुए घरों के पुनर्निर्माण के लिए पीएम आवास योजना के तहत 11000 मकान मंजूर हुए हैं।

आपदा घोषित करवाने के पीछे की मानसिकता को समझना भी बहुत आवश्यक है। प्रदेश सरकार का उद्देश्य मात्र वर्ल्ड बैंक से लोन लेना था पर जबकि आपदा घोषित होने की स्थिति में कई तरह के प्रतिबंध लग जाते हैं। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का फोकस क्षेत्रीय दल की भांति प्रांतीय राजनीति तक सीमित है। पार्टी नेता किसी भी राष्ट्रीय एजेंडा पर बात नहीं कर रहे, जो नरेटिव प्रदेश कांग्रेस के मुख्यमंत्री ने निश्चित किया है, उसमें दो प्रमुख बिंदु हैं। मुख्यमंत्री आपदा में सहयोग राशि न मिलने और सरकार को अस्थिर करने दोषारोपण भाजपा पर मढ़ रहे हैं, जो कि सच नहीं है। संघीय ढांचे की संरचना के अधीन जो केंद्र से मिला उसे प्रदेश सरकार अपना अधिकार बताती है, जो उससे अधिक मिला वह मिलना ही था कह कर आगे बढ़ जाती है पर जो मिला उसका विवरण आज तक जनता के बीच नहीं रखा। मुख्यमंत्री 22130 परिवारों को राहत देने की बात कह रहे हैं, तो इसकी सूची सार्वजनिक करने की हिम्मत दिखाएं। व्यवस्था परिवर्तन का दावा करने वाली सरकार बताए कि 45000 करोड़ का आपदा राहत पैकेज का कितना पैसा आवंटित किया इसका विवरण भी सार्वजनिक करें। केंद्र सरकार ने सर्वेक्षण के लिए सेंट्रल से एक टीम भेजी थी, जिन्होंने प्रदेश के अधिकारियों के साथ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया और वापस जाकर रिपोर्ट केंद्र सरकार को दी उसकी प्रतिलिपि प्रदेश सरकार को भी उन्होंने दी प्रदेश सरकार उसको सार्वजनिक करें। शर्मा ने प्रदेश सरकार को अस्थिर करने के आरोप का भी पलटवार किया।

## न्यूज ब्रीफ

### मजयाट स्कूल का सराहनीय रहा परीक्षा परिणाम

**अर्की।** लक्ष्य कॉन्वेंट स्कूल मजयाट का सीबीएसई का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम व लक्ष्य पब्लिक स्कूल अर्की का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। सभी छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। मजयाट स्कूल में निष्ठा 86.2 फीसदी अंक लेकर प्रथम स्थान पर रही। मोहित द्वितीय स्थान पर 85 फीसदी अंक लेकर रहे। स्कूल के शानदार परीक्षा परिणाम के लिए डॉ. कुसुम गुप्ता प्रधानाचार्य मजयाट स्कूल तथा वीना गुप्ता प्रधानाचार्य लक्ष्य पब्लिक स्कूल अर्की ने छात्रों और अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान कीं।

### जानवी ने पास की एनएमएमएस की परीक्षा

**दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धुंदन में जानवी ने एनएमएमएस की छात्रवृत्ति परीक्षा पास की। हर वर्ष इस विद्यालय से बच्चे छात्रवृत्ति की परीक्षा पास करते हैं। इस परीक्षा में पास करने वाले विद्यार्थियों को 4 साल तक 12000 हर साल छात्रवृत्ति के रूप में मिलता है। प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर ने जानवी को बधाई दी। प्रधानाचार्य ने स्वेच्छा से इस उपलब्धि पर मेधावी जानवी को 200 रुपए की नकद राशि देकर सम्मानित किया।

### मानस ने उत्तीर्ण की एनएमएमएस की परीक्षा

**दाड़लाघाट।** राजकीय उच्च विद्यालय हनुमान बड़ोग के छात्र मानस ने एनएमएमएस की छात्रवृत्ति परीक्षा में 106 अंक लेकर सफलता प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय में मानस को सम्मानित करते हुए मुख्याध्यापक पीसी बट्टू ने अन्य विद्यार्थियों को मानस से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। प्रति वर्ष आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए इस प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन शिक्षा विभाग करता है।

### अर्वशिका को हर साल मिलेंगे 12 हजार रुपए

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश एससीईआरटी सोलन द्वारा राष्ट्रीय संसाधन सह मेघा छात्रवृत्ति एनएमएमएस ((नेशनल मिंस कम मेरिट) की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सैनवाला की 9वीं कक्षा की छात्रा अवंशिका ने यह परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय व माता-पिता का नाम रोशन किया है। अवंशिका को कक्षा बारहवीं तक प्रतिवर्ष 12000 रुपए वार्षिक छात्रवृत्ति मिलेगी। राष्ट्रीय संसाधन सह मेघा छात्रवृत्ति (एनएमएमएस) की परीक्षा नवंबर 2023 में आयोजित की गई थी।

### आज इन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति रहेगी ठप

**दाड़लाघाट।** बिजली अनुभाग दाड़लाघाट के तहत 100 केवी सब स्टेशन बटेड़ की बिजली आपूर्ति 16 मई को कई क्षेत्रों में बाधित रहेगी। बिजली विभाग दाड़ला के सहायक अभियंता सचिन आर्य ने बताया कि इस दौरान 16 मई को बिजली की लाइनों के साथ लगती पेड़ों की टहनियों की कांट-छांट की जाएगी, जिसके चलते गांव बटेड़, तेलीगांव, अंबुजा चौक, जल शक्ति पंप हाउस बागा और आस-पास के इलाकों में बिजली आपूर्ति सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी।

### रेहड़ी मार्केट में जागरण व भंडारे का आयोजन



**परवाणू।** परवाणू रेहड़ी मार्केट के दुकानदारों ने जागरण और भंडारे का आयोजन किया। दुकानदार हर वर्ष जागरण का आयोजन पिछले लगभग 23 सालों से कर रहे हैं। इस अवसर पर माता की जोत प्रज्वलित कर जागरण का शुभारंभ किया गया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जागरण में हजारों लोगों ने हाजरी भरी व् माता का आशीर्वाद प्राप्त किया इस मौके पर भजन मण्डली ने माता के भजनों पर श्रद्धालुओं को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। बुधवार सुबह जागरण संपन्न होने के बाद लंगर का आयोजन किया गया जिसमे हजारों की संख्या में लोगों ने लंगर का पार्षद माता के आशीर्वाद के रूप में ग्रहण किया। रेहड़ी मार्किट के अध्यक्ष राकेश शर्मा (दिशू) ने बताया की जागरण का आयोजन मार्किट के सभी दुकानदारों के सहयोग से हर वर्ष शहर की सुख शांति व् समृद्धि के लिए किया जाता है।

### मांगू में स्वच्छता पखवाड़े का समापन

**दाड़लाघाट।** अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट के ग्रामीण विस्तार में 1 मई से 15 मई तक आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा का समापन मांगू में हुआ। कश्लोग लाइम स्टोन माइन परिक्षेत्र एवं आसपास के गांवों में अंबुजा फाउंडेशन द्वारा ग्राम स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम और स्वच्छता के महत्व पर विशेष ध्यान दिया। स्वच्छता पखवाड़ा में कश्लोग, संघोई, चंडी, जाबलु, नौणी,नेवडी, ग्याना सहित करीब 55 गांवों में लोगों को जागरूक कर साफ-सफाई कार्यक्रम आयोजित किए।

### गगनदीप ने उत्तीर्ण की एनएमएमएस परीक्षा

**दाड़लाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घनागुघाट के छात्र गगनदीप ने एनएमएमएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। स्कूल के प्रधानाचार्य अजय शर्मा व समस्त अध्यापकों ने गगनदीप व उसके परिजनों को बधाई दी।

# सोलन के चार डिपुओं से आटा चावल और दालों के भरे सैंपल

## सीएम ने डीसी, एसपी सहित जिला खाद्य आपूर्ति विभाग को चेकिंग करने के दिए थे आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक विभाग ने डीसी सोलन मनमोहन शर्मा के निर्देश पर शहर के चार डिपुओं से आटा, चावल, तेल, नमक सहित कई प्रकार की दालों के सैंपल भरे हैं। सैंपल जांच के लिए लैब में भेज दिए हैं।

ये सैंपल गुणवत्ता चेक करने के मकसद से भरे गए हैं। फिलहाल विभाग को रिपोर्ट का इंतजार है। यदि सैंपल में किसी भी प्रकार की क्वालिटी से कंप्रोमाइज हुआ होगा, तो फिर डिपो संचालक पर कार्रवाई की तलवार लटक जाएगी। जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री की ओर से डीसी, एसपी सहित जिला खाद्य आपूर्ति विभाग की एक वीडियो कान्फ्रेंस आयोजित की गई। इस वीडियो कान्फ्रेंस में मुख्यमंत्री ने आदेश जारी किए कि सोलन स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर जिला खाद्य आपूर्ति विभाग के अलग-अलग डिपुओं में जाकर वहां बेचे जा रहे आटा, चावल, तेल, नमक, व दालों को चेक करें और देखें कि वहां किसी भी प्रकार से कोई गुणवत्ता को लेकर मसला तो नहीं बन रहा है।

इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा सोलन प्रशासन को सैंपल भरने के लिए भी कहा गया था। इस पर सोलन डीसी व जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक विभाग की टीम ने शहर के चार डिपुओं में दबिश दी और वहां निरीक्षण किया। इस दौरान कई प्रकार के सैंपल भरे गए और उसे जांच के लिए अब लैब भी भेज दिए गए हैं। उधर, प्रशासन की ओर से अचानक किए गए इस निरीक्षण के बाद जिले के अन्य डिपो सचालकों में भी हड़कंप मच गया है।

### जांच के लिए भेजे लैब

शहर के चार डिपुओं से आटा, चावल, तेल, नमक सहित कई प्रकार की दालों के सैंपल भरे गए हैं। सैंपल जांच के लिए लैब भेज दिए गए हैं। जैसे ही इसकी रिपोर्ट आएगी। विभाग अगला कदम लेगा।
**नरेंद्र धीमान, नियंत्रक, जिला खाद्य आपूर्ति विभाग, सोलन।**

# एयरमैन मेडिकल असिस्टेंट के लिए पंजीकरण 22 से

**सोलन।** भारतीय वायु सेना हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और चंडीगढ़ के पुरुष उम्मीदवारों के लिए एयरमैन मेडिकल असिस्टेंट और मेडिकल असिस्टेंट (फार्मासिस्ट) भर्ती रैली आयोजित करने जा रही है। यह जानकारी विंग कमांडर एयरमैन सलैक्शन सेंटर अंबाला कैंट एसवीजी रेड्डी ने दी।

उन्होंने बताया कि एयरमैन के रूप में ग्रुप वाई मेडिकल असिस्टेंट के लिए केवल अविवाहित पुरुष और मेडिकल असिस्टेंट (फार्मासिस्ट) के लिए अविवाहित और विवाहित पुरुष दोनों पात्र होंगे। पंजीकरण 22 मई को प्रात: 11 से पांच जून को रात्रि 11.00 बजे तक होगा।

# विजय फोरम की तरफ से सोलन में होगा रफी नाइट का आयोजन : भारती


सोलन में पत्रकार वार्ता करते विजय फोरम के चेयरमैन तरसेम भारती।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

विजय फोरम के चेयरमैन तरसेम भारती ने सोलन में पत्रकार वार्ता कर कहा कि कोरोना के चलते बंद हुई रफी नाइट का फिर से आयोजन होगा। भारती ने कहा कि उभरते कलाकारों को मौका देने के लिए विजय फोरम मंच प्रदान करती है।

इस बार सोलन में मुरारी मार्किट में 13 और 14 जुलाई को रफी नाइट का आयोजन होगा। इसके लिए आठ जून को शिमला के वाईएमसीए हॉल में ऑडिशन की शुरुआत होगी। मंडी में नौ जून को, सोलन में 16 जून को और पांवटा में 19 को कलाकारों के ऑडिशन होंगे। कलाकार इस बार ऑनलाइन ऑडिशन भी दे सकेंगे। ऑडिशन फीस 500 रुपए रखी गई है पर आर्थिक रूप से कमजोर होनहार कलाकार से ऑडिशन फीस नहीं ली जाएगी। रफी नाइट तीन केटेगरी की होगी। विजेताओं को आकर्षक इनाम मिलेगा।

# हरियाणा-हिमाचल को जोड़ने वाला बालद खड्ड पुल जल्द होगा शुरू

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

बद्दी को हरियाणा से जोड़ने वाले बालद खड्ड पुल का कार्य पूरा हो गया है। अब दो से तीन दिन के भीतर पुल से वाहनों की आवाजाही शुरू हो जाएगी। इस पुल के शुरू होने से वाहन चालकों को अब नदी से होकर नहीं जाना पड़ेगा।

हरियाणा के खोखरा में लगने वाले जाम से भी अब वाहन चालकों को निजात मिल जाएगी। बद्दी के बालद खड्ड पर बने पुल का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। पुल के साथ एनएचएआई ने फुटपाथ भी बनाया है। इसके क्रैश बैरियर का कार्य चला हुआ है। जानकारी के अनुसार मई में



पिंजौर-नालागढ़ मार्ग पर चार अन्य पुल भी शुरू होंगे। इन सभी पुलों का कार्य अंतिम चरण में है। पुल निर्माण कर रही कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर सतेंद्र सिंह ने बताया कि बालद खड्ड पर पुल का कार्य पूरा हो चुका है अब ट्रायल के बाद पुल को शुरू कर दिया जाएगा।

# महिला उद्यमिता के स्टूडेंट्स को दिए टिप्स

**दाड़लाघाट।** एटरनल यूनिवर्सिटी बड़ू साहिब की ओर से आयोजित नीति आयोग के महिला उद्यमिता कार्यक्रम में दाड़लाघाट कॉलेज की दो छात्राओं खुशी और भावना ने हिस्सा लिया। इस दौरान कार्यक्रम में दाड़लाघाट की प्राचार्या रुचि रमेश को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। प्राचार्या के साथ इतिहास विषय की आचार्य भुवि शर्मा भी इस मौके पर कार्यक्रम में शामिल रहीं। यह कार्यक्रम मुख्य रूप से महिला उद्यमिता के क्षेत्र में छात्राओं को नए अवसरों से परिचित करवाने और रोजगार के अवसर तलाशने की दिशा में आयोजित किया गया था।

# सोलन-अर्की कॉलेज में समझौता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**


सोलन-अर्की कॉलेज की प्राचार्य संसाधनों के आदान-प्रदान को लेकर एमओयू के दौरान।

राजकीय महाविद्यालय सोलन और राजकीय महाविद्यालय अर्की ने समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

इस समझौते पर सोलन कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रीता शर्मा और अर्की कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर सुनीता शर्मा ने हस्ताक्षर किए। प्राचार्य डॉ. रीता शर्मा ने बताया कि इस समझौते से दोनों कॉलेजों के बीच विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों और विभिन्न संसाधनों का आदान-प्रदान किया जाएगा, जिससे विभिन्न शोध गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा स्टूडेंट्स को लाभ होगा। प्राचार्य ने बताया कि दोनों कॉलेजों में संयुक्त रूप से सेमिनार तथा कार्यशालाओं का आयोजन करेंगे तथा विभिन्न संसाधनों का आदान-प्रदान भी किया जाएगा। सोलन कॉलेज गत वर्ष भी शूलिनी विश्वविद्यालय के साथ इस तरह के समझौता ज्ञापन के तहत विभिन्न गतिविधियों का सफल आयोजन कर चुका है। इस अवसर पर सोलन कॉलेज के शोध तथा विकास प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ. योगेश जैन, प्रमोद, डॉ. मंजू, आदि ने सोलन कॉलेज तथा अर्की कॉलेज ने 15 मई को समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किए। प्राचार्य ने इस समझौते के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि इस समझौते से दोनों कॉलेजों के बीच विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों तथा विभिन्न संसाधनों का आदान-प्रदान किया जाएगा, जिससे विभिन्न शोध गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा विद्यार्थियों को लाभ होगा।

# गीत से मतदान के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत निर्वाचन विभाग के तहत सोलन शहर के कोटलानाला में जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाईट) के प्रशिक्षुओं ने नुक्कड़-नाटक व गीत-संगीत के माध्यम से लोगों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

जिले में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के अंतर्गत यह अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपनिदेशक उच्च शिक्षा डॉ. जगदीश चंद नेगी ने की। प्रशिक्षुओं द्वारा नुक्कड़-नाटक के माध्यम से मतदाताओं को स्वैच्छिा से उम्मीदवार चुनने के लिए जागरूक किया। उन्होंने सभी मतदाताओं से बिना किसी प्रलोभन या भय के निष्पक्ष होकर मतदान करने का आग्रह किया। इस अवसर पर सेल्फी स्टैंड व हस्ताक्षर वॉल भी स्थापित की गई थी। इनके माध्यम से उपस्थित लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया गया। लोगों ने अपने हस्ताक्षर कर लोकतंत्र के इस महापर्व में सहभागिता का संकल्प भी लिया।


मतदान जागरूकता के दौरान जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षु।

### छोड़कर सारे काम, आओ मिलकर करें मतदान

**सोलन।** सुव्यवस्थित मतदाता जागरूकता एवं निर्वाचक शिक्षा कार्यक्रम (स्वीप) टीम अर्की ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धुंधन में 'मत की महत्वता' पर भाषण प्रतियोगिता, विचार-विमर्श व लोकगीत के माध्यम से संदेश प्रतियोगिताएं करवाई। विधानसभा क्षेत्र के स्वीप कार्यक्रम प्रभारी प्रो. यशपाल शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र में मत केवल अधिकार नहीं है बल्कि मतदाता का कर्तव्य भी है। प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौड़ ने कहा कि लोकतंत्र में वोट मतदाताओं की आवाज और ताकत होता है।

# दो स्टूडेंट्स ने हासिल की छात्रवृत्ति

**अर्की।** अर्की के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डुमैहर के दो विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए प्रतिष्ठित छात्रवृत्ति हासिल की है। कक्षा सातवीं के सुमित ने स्वर्ण जयंती छात्रवृत्ति परीक्षा में जिला सोलन में दूसरा स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। जानकारी देते हुए विद्यालय के डीपीई राजकुमार पाल ने बताया कि यह छात्रवृत्ति हिमाचल के मेरिट सूची में शामिल होने वाले पहले 100 विद्यार्थियों को ही दी जाती है। वहीं, नवीं कक्षा की शानवी भारद्वाज ने नेशनल मीन कम मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपनी योग्यता का परिचय दिया है। शानवी को इस योजना के तहत 12वीं कक्षा तक 1000 प्रति माह की छात्रवृत्ति मिलेगी।

# तुष्टिकरण की राजनीति करती है कांग्रेस भाजपा ने खत्म की धारा 370 : बलदेव

**अनंत ज्ञान, नाहन**

शिलाई के पूर्व विधायक बलदेव तोमर ने कहा कि 2024 का चुनाव दो खेमों में बंटा है। एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व देश को आगे बढ़ाने वाला एनडीए है और दूसरी ओर राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्षी गठबंधन है। एक ओर 12 लाख करोड़ रुपए के घोटाले और भ्रष्टाचार करने वाली कांग्रेस पार्टी व उनके साथी हैं।



दूसरी ओर 23 साल तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री पद पर रहने वाले मोदी हैं, जिन पर 25 पैसे के भ्रष्टाचार का भी आरोप नहीं है। बलदेव तोमर ने कहा कि कांग्रेस और उनके साथियों ने 70 वर्षों तक राम मंदिर के मुद्दे को लटका कर रखा था, लेकिन प्रधानमंत्री के दूसरे कार्यकाल के 5 वर्षों के भीतर कोर्ट का फैसला भी आया, भूमि पूजन भी हुआ और 22 जनवरी को भव्य राम मंदिर में राम की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा भी संपन्न हुई। 70 वर्षों तक तुष्टीकरण की राजनीति के लिए कांग्रेस ने कश्मीर में धारा 370 को संभाल कर रखा था। बलदेव तोमर ने कहा हिमाचल और सिरमौर के विकास के लिए भाजपा सरकार में ढेर सारे कार्य किए गए हैं। केंद्र सरकार ने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हिमाचल को भरपूर धनराशि उपलब्ध करवाई है।

**बैठक** जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की अध्यक्षता की, कहा-मतदान के लिए करें जागरूक

# राजनीतिक दल आदर्श आचार संहिता का करें पालन: डीसी

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने शिमला संसदीय क्षेत्र के तहत एक जून को होने वाले मतदान के दृष्टिगत सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भारतीय निर्वाचन आयोग की ओर से निर्धारित आदर्श आचार संहिता की अनुपालना करने के लिए कहा है।

उन्होंने कहा कि भारतीय निर्वाचन आयोग की ओर से निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू की गई है, जिसका सभी राजनीतिक दलों को पालन करना चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने नाहन में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से चुनाव के दौरान आयोजित होने वाली रैलियों, चुनावी सभाओं तथा चुनावी कार्यक्रमों के दौरान आदर्श आचार संहिता का पूर्ण रूप से पालन करने के लिए कहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से एक जून को होने वाले चुनाव के लिए अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का भी आग्रह किया, ताकि मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जा सके।


जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी सिरमौर चुनाव को लेकर बैठक करते हुए।

### माइक्रो ऑब्जर्वर की भूमिका पर डाला प्रकाश

**सोलन।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में माइक्रो ऑब्जर्वर के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। डीसी ने कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न करने में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से तैनात सामान्य पर्यवेक्षक (जनरल ऑब्जर्वर) के सहायक के रूप में कार्य करते हैं। जिले में पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में चिन्हित क्रिटिकल मतदान केंद्रों में माइक्रो ऑब्जर्वर की तैनाती की जाती है। उन्होंने सभी उपस्थित प्रशिक्षुओं से आग्रह किया कि वे चुनाव प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न पहलुओं और भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों को अच्छे से आत्मसात कर लें तथा पूरी निष्ठा के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करें। कार्यशाला में माइक्रो ऑब्जर्वर की भूमिका पर विस्तार से प्रस्तुति एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया।



अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
डिस्प्ले क्लासिफाइड
फिक्स साइज

| Size | Rate |
| --- | --- |
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

# नविता पुंडीर ने नर्सिंग ऑफिसर बनकर किया देश का नाम रोशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिले के कोलडैम क्षेत्र में स्थित कोल वैली नर्सिंग इंस्टीट्यूट नेहर हरनोड़ा की छात्रा नविता पुंडीर ने अपना नर्सिंग ऑफिसर बनने का सपना पूरा किया है। नविता पुंडीर कोल वैली नर्सिंग इंस्टीट्यूट की 2022 बैच की छात्रा रही है। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व कोल वैली नर्सिंग इंस्टीट्यूट संस्थान को दिया हैं। कोल वैली नर्सिंग इंस्टीट्यूट संस्थान की निदेशिका अंजना ठाकुर व प्रधानाचार्य नम्रता नेगी ने बधाई देते हुए इसे इंस्टीट्यूट के लिए एक मिसाल बताया तथा कहा कि प्रशिक्षुओं ने लगातार एकाग्रता से अपनी पढ़ाई पर पूरा ध्यान दिया और अपने लक्ष्य को हासिल किया है। नविता पुंडीर जिले के कोठीपुरा के पांडगल गांव के जयपाल पिता व माता जगतंबा की बेटी है। गरीब होते हुए भी नविता के माता-पिता ने उसे पढ़ाकर आज सपना पूरा किया है। नविता पुंडीर का मिलिट्री हॉस्पिटल गुवाहाटी असम में बतौर नर्सिंग ऑफिसर नाम अंकित करना भी कोल वैली नर्सिंग संस्थान के लिए गर्व की बात है। संस्थान ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना व निरंतर आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया है। बता दें बीते वर्ष भी कोल वैली नर्सिंग इंस्टीट्यूट की आठ छात्राएं एम्स में नर्सिंग आफिसर बनी थी। गौर हो कि इससे पहले करीब 40 से ज्यादा छात्राएं एम्स में नर्सिंग आफिसर भर्ती होकर अपनी सेवाएं दे रही हैं।



# चार दिन के बाद मिलती है महिला मरीजों की टेस्ट रिपोर्ट

## केएनएच से आईजीएमसी भेजे जा रहे गर्भवती महिलाओं के ब्लड सैंपल, रोगियों को करना पड़ रहा दिक्कतों का सामना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश के एकमात्र महिला एवं शिशु रोग केएनएच में गर्भवती महिला मरीज सुविधाओं से वंचित है। हैरानी की बात है कि महिला मरीजों के लिए बेहतरीन टेस्ट करने तक की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाई है। इन दिनों महिला मरीजों के लेबर रूम से ब्लड सैंपल आईजीएमसी भेजे जा रहे है। जबकि केएनएच में क्रस्ना लैब खुली है, लेकिन इस लैब की सचाई यह है कि समय से रिपोर्ट नहीं मिलती है।

जब भी डिलिवरी से पहले महिला टेस्ट करवाती है तो उसकी रिपोर्ट चार दिन बाद आती है। उतने में महिला डिलिवरी करवाकर वापस घर की तरफ चली जाती है। महिला को डिलिवरी से पहले निजी लैब में टेस्ट करवाने पड़ते है। क्रस्ना लैब अभी बिलकुल भी ठीक से नहीं चल रही है। यहां पर स्थिति यह भी बन चुकी है कि केएनएच में रसोली के ऑपरेशन तो चिकित्सक कर देते है, बाद में महिलाओं को रिपोर्ट्स चेक करवाने आईजीएमसी जाना पड़ता है। आधे से ज्यादा टेस्ट करवाने के लिए भी महिलाओं को आईजीएमसी दौड़ाया जाता है।

यहां मेडिसिन के डॉक्टर तक नहीं है। आईजीएमसी के ही डॉक्टर मरीजों को चैक करते है। डॉक्टर दिन को आईजीएमसी तो शाम को कई बार केएनएच में दिखाई देते है।

केएनएच में प्रदेश भर से महिला मरीज अपना उपचार करवाने आती है, लेकिन महिलाओं को यहां पर उपचार के लिए दर दर भटकना पड़ता है। यहां पर सवाल तो यह है कि अगर केएनएच में मरीजों के ऑपरेशन हो रहे है तो यहां पर टेस्ट की सुविधा क्यूं नहीं है।



### क्या कहती है महिला

**केएनएच** में शिमला की रहने वाली एक महिला ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि उसकी डिलेवरी होनी है, लेकिन डॉक्टर ने ब्लड सैंपल को जांच के लिए आईजीएमसी भेजे है। पहले तीमारदार को सैंपल लेकर जाना पड़ता है फिर उसके बात रिपोर्ट लेने जाना पड़ता है। सारे टेस्ट केएनएच में ही होने चाहिए।

### केएनएच की लैब में होने चाहिए सभी टेस्ट

**वहीं,** केएनएच में मेडिसिन के डॉक्टर का होना भी बहुत जरूरी है, ताकि महिलाएं अपनी रिर्पोटें उन्हें दिखा सके। एक तरफ सरकार व स्वास्थ्य विभाग दावे करता है कि गर्भवती महिलाओं को अस्पताल में सारी सुविधा उपलब्ध है, लेकिन स्थिति कुछ और ही व्यां कर रही है। इन दिनों सुविधा को लेकर प्रशासन के सब दावे खोखले नजर आ रहे है। मरीजों को सबसे ज्यादा दिक्कतें टेस्ट करवाने में आती है। केएनएच की लैब में सारे टेस्ट होने चाहिए।

### अल्ट्रासाउंड को मिल रही 25 दिन की डेट

**केएनएच** में गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए भी दर-दर की ठोकरे खानी पड़ती है। महिलाओं को जब चिकित्सक अल्ट्रासाउंड के लिए कहते है, तो उन्हें तुरंत आईजीएमसी भेज दिया जाता है। जब महिलाएं आईजीएमसी पहुंचती है तो कुछ महिलाओं को फॉर्म गलत भरने के चलते वापस केएनएच भेज दिया जाता है तो कुछ महिलाओं को 20 से 25 दिन की डेट दी जाती है। ऐसे में महिलाओं को गर्भावस्था में अपना चेकअप करवाना मुश्किल हो गया है।

# नसवाल, हटवाड़ और मकड़याह में पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने किया डोर-टू-डोर प्रचार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर के पक्ष में पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने बुधवार नसवाल, हटवाड़ व मकडयाह सहित अन्य विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नुक्कड़ सभाओं, बैठकों तथा डोर-टू-डोर चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उनके साथ भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष वंदना योगी भी मौजूद रहीं। गर्ग ने कहा कि सदन में झूठ बोलने वाले मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू जो आए दिन हर मंच से जनता की भावनाओं को भड़काने के लिए झूठ बोलते हैं, वे अपने गिरेबान में झांके।

सियासत मुद्दों और तथ्यों से चलती है न कि स्टेज पर घड़ियाली आंसू बहाकर और झूठी बातें जनता को सुनाकर। उन्होंने कहा कि सांसद एवं केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के सहयोग से घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र का काफी विकास करवाया है। अनुराग ठाकुर की लगातार बढ़ती लोकप्रियता से कांग्रेस नेता घबरा गए हैं। कांग्रेस के कुछ नेता उनके खिलाफ अनाप-शनाप बयानबाजी करते रहते हैं। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर लगातार पांचवीं बार जीत रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा और विकास एक-दूसरे के पर्यायवाची हैं। भाजपा जब भी सत्ता में आई, उसने चहुंमुखी विकास करवाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी का दस वर्ष का कार्यकाल इस बात का गवाह है।

इस अवधि में भारत का कद पूरे विश्व में और अधिक ऊंचा हुआ है। अर्थव्यवस्था के मामले में भारत ग्यारहवें से पांचवें स्थान पर पहुंच गया है।



जनसंपर्क अभियान के तहत कार्यकर्ताओं में जोश भरते पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग।

### कांग्रेस ने महिलाओं के साथ किया छल

**भाजपा** महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष वंदना योगी ने कहा कि कांग्रेस ने हिमाचल की महिलाओं के साथ छल किया है। महिलाओं को 1500 रुपए के नाम पर ठगने वाले चुनाव के दौरान कहते थे कि 18 से 59 वर्ष की सभी महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए दिया जाएगा, परंतु आज न बज़ट का प्रावधान किया और न ही इस योजना को पहली कैबिनेट में शुरू किया।

# जीतराम कटवाल ने बैहनाजट्टां और गालियां में कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता विधानसभा क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प पदयात्रा के तहत जनसंपर्क अभियान को आगे बढ़ाते हुए जीतराम कटवाल ने बुधवार को बैहनाजट्टां और गालियां पंचायतों का दौरा किया। बूथ स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में उन्होंने कहा कि भाजपा का चुनाव चिन्ह कमल का फूल है और इस फूल को शांति का प्रतीक माना जाता है।

जाहिर है कि जब कमल होगा तो शांति के साथ विकास, विजय, विश्वास, सुरक्षा, ज्ञान, विज्ञान, हर नारी का सम्मान, संकल्प सिद्धि, समृद्धि, आत्मनिर्भरता, गौरव से भरी विरासत, मान, स्वाभिमान और प्रगति के पथ पर बढ़ता हिंदुस्तान भी होगा। तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति का देश में अब कोई स्थान नहीं है। अब देश में रिपोर्ट कार्ड, जवाबदेही, विकासवाद और सभी को साथ लेकर चलने की राजनीति चल रही है। यह संस्कृति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देन है। उन्होंने जो कहा, उससे कई गुना अधिक करके दिखाया है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए जीतराम कटवाल ने कहा कि इस पार्टी के नेताओं पर मुंह में राम, बगल में छुरी कहावत बिलकुल सही बैठती है। अयोध्या में राम मंदिर का विरोध करने और राम भक्तों पर गोली चलाने वाले दिखावे के लिए भगवान राम के उद्घोष लगाते है। जबकि दूसरी ओर मंदिर तोड़कर वहां मस्जिद बनाने की बात करते हैं। वोट बटोरने के लिए जनता को गुमराह करना उनकी पुरानी आदत है।



# डीएवी रिकांगपिओ का रिजल्ट शत-प्रतिशत

**रिकांगपिओ।** डीएवी रिकांगपिओ का जमा दो का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। जमा दो विज्ञान संकाय में सुहाना नेगी प्रथम, हृतिविक नेगी द्वितीय स्थान पर रही। जबकि आर्ट्स स्ट्रीम में ध्रुव शर्मा प्रथम व रजत वर्मा द्वितीय स्थान पर रहे। डीएवी रिकांगपिओ में दसवीं में ईवा नेगी 92.6 फीसदी अंकों के साथ स्कूल की टॉपर रही, उत्कर्षा 90 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान, महक 87 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान, अंचल 86 प्रतिशत अंक लेकर चौथा स्थान, धैर्य 84 प्रतिशत अंक लेकर पांचवें स्थान पर रहे। प्रिंसिपल ने सभी बच्चों को बधाई दी। इसी तरह केवी स्कूल रिकांगपिओ में भी कक्षा बारहवीं के कला संकाय से कामना शर्मा ने 91 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जबकि वाणिज्य संकाय में समीर ने 82.2 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में शैली ने 80.8 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कक्षा दसवीं में शिवांगी ठाकुर ने 86.4 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

# एसएफआई ने वाणिज्य विभाग में फर्जी पीएचडी एडमिशन को लेकर किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

एसएफआई हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा वीसी ऑफिस में वाणिज्य विभाग में फर्जी पीएचडी एडमिशन को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया।

इस धरने-प्रदर्शन का संचालन करते हुए सचिवालय सदस्य कॉमरेड अंकुश ने कहा कि एसएफआई को बार बार एक ही मांग को लेकर विश्वविद्यालय में धरना-प्रदर्शन करना पड़ रहा है और पीएचडी में लगातार इस विश्वविद्यालय के अंदर अनेक फर्जीवाड़े प्रशासन के द्वारा किए जा रहे है और अनेक तरीकों से विश्वविद्यालय में पीएचडी में अपने चहेतों को फर्जी प्रवेश दिया जा रहा है। चाहे वो 2019 में पिछले दरवाजे से अपने चहेतों को पीएचडी में अलग से सीट क्रिएट करना और अपने बच्चों की एडमिशन करना हो या फिर हाल ही में वाणिज्य विभाग में पीएचडी में एसटी की सीट को जनरल में कन्वर्ट करना हो, लगातार इस विश्वविद्यालय में प्रशासन पीएचडी में फर्जी एडमिशन करने और अपने चहेतों को भरने का काम कर रहा है। इस धरने-प्रदर्शन में मुख्य वक्ता के रूप में बात रखते हुए परिसर सचिव सनी सेक्टा ने कहा कि विश्वविद्यालय में इस तरह की फर्जी एडमिशन पहली बार नहीं हो रही है। पिछले लंबे समय से लगातार विश्वविद्यालय प्रशासन के द्वारा अपने चहेतों को पीएचडी के अंदर भरने का काम किया है।

### ये जड़े आरोप

**इस** एडमिशन को लेकर एसएफआई ने साफ तौर पर आरोप लगाए है, कि इस एडमिशन में पैसे का लेन देन हुआ है, क्योंकि ये एडमिशन विश्वविद्यालय के ऑर्डिनेंस को दरकिनार करके की गई है और एससी, एसटी एट्रोसिटी एक्ट का भी वायलेशन किया गया है। यही नहीं यूजीसी के नियमों को भी दरकिनार किया गया। इसलिए यदि विश्वविद्यालय प्रशासन के द्वारा आने वाले दो दिनों के अंदर इस एडमिशन को रद्द नहीं करता है और साथ ही साथ वाणिज्य के अध्यक्ष को बर्खास्त नहीं किया जाता तो एसएफआई विश्वविद्यालय के अंदर मोर्चा खोल देगी।

## न्यूज ब्रीफ

### बिलासपुर में मां भगवती जागरण आठ जून को

**बिलासपुर।** 19वां विशाल मां भगवती जागरण आठ जून को लोअर मेन मार्केट में किया जा रहा है। सीमित के प्रधान चंद्रशेखर हांडा ने बताया कि हर साल की भातिं इस वर्ष भी मां भगवती सकीर्तन मडंल और शहरवासियों के सहयोग से 19 वां मां भगवती जागरण और विशाल भंडारे का आयोजन आठ जून को बड़ी धूमधाम से आयोजन किया जा रहा है। इस बार जागरण में प्रसिद्ध गायक निटू चंचल कैथल वाले और हिमाचल के प्रसिद्ध गायक अभिषेक सोनी मां भगवती का गुण गुणगान करेंगे। साथ मां चितापूर्णी, मां नयनादेवी, मां ज्वाला देवी तीन शक्ति पीठों से मां जयोतियां लाई जाएगी। मां का सुंदर दरबार और सुंदर लाइट जागरण आकर्षण का केंद्र रहे गई।

### बैहरन में कुश्ती दंगल 19 मई को

**झंडूता।** वर्षों पुराना प्रसिद्ध बैहरन कुश्ती दंगल का आयोजन 19 मई को होगा। यह दंगल तीन वर्षों के बाद होता है। इस दंगल के लिए कमेटी ने 10 लाख की धनराशि इकट्ठी की है। इस दंगल में भारत के प्रसिद्ध पहलवान जस्सा पट्टी, मोनू दहिया कुश्ती लड़ेंगे। इस वर्ष 18 मई को सवाल व 19 मई को दंगल होगा। इस दंगल में हिमाचल के पहलवानों को प्रोत्साहित भी किया जाएगा। इस दंगल में तीन मालियां रखी जाएगी। इसमें एक माली हिमाचल के पहलवानों के लिए रखी जाएगी और एक माली बिलासपुर केसरी के नाम से होगी, जिसमें 20 साल से कम उम्र के युवा भाग ले सकते हैं। इसके अलावा प्रदेश व देश के नामी पहलवानों की सीधी कुश्तियां करवाई जाएगी।

### बिलासपुर कॉलेज को भेंट की व्हीलचेयर

**बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन कक्ष आईक्यूएसी सेल को लिली मेडिकल स्टोर ने एक व्हीलचेयर भेंट की गई। महाविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या लगभग 3500 है। कई बार किसी विद्यार्थी का स्वास्थ्य खराब होने या बेहोश हो जाने की स्थिति में महाविद्यालय प्रशासन को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसीलिए लिली मेडिकल स्टोर ने विद्यार्थियों की सुविधा के लिए एक व्हीलचेयर आईक्यूएसी सेल को भेंट स्वरूप दी। कार्यकारी प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने उनका धन्यवाद किया। इस अवसर पर डॉ. रितु शर्मा, डॉ. विजय शर्मा, प्रो. अंजू कुमारी, डॉ. मोनिका, डॉ. सुरेश जमवाल, प्रो. पूजा शर्मा, प्रो. सोनिका, प्रो. सोनिका आदि उपस्थित रहे।

### व्यय पर्यवेक्षक राकेश झा पहुंचे कल्पा

**रिकांगपिओ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त मंडी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के व्यय पर्यवेक्षक आईआरएस अधिकारी राकेश झा जिला किन्नौर के कल्पा पहुंचे। जहां जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने उनका स्वागत किया। उन्होंने इस अवसर पर बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राजनीतिक दलों के प्रत्याक्षियों के चुनावी खर्चों पर निर्वाचन विभाग के व्यय पर्यवेक्षक की पैनी नजर रहेगी तथा सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अनुपालना के तहत निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से अपने कर्तव्य का निर्वाहन करें। व्यय पर्यवेक्षक ने बताया कि चुनाव संबंधी व्यय शिकायतें उनके मोबाइल नंबर 9317761647 एवं कार्यालय दूरभाष नंबर 01905319094 पर कर सकते हैं। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी किन्नौर ने मंडी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के व्यय पर्यवेक्षक को चुनाव संबंधी गतिविधियों से अवगत करवाया।

### छात्रों को बताया मतदान का महत्व

**शिमला।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए जिला निर्वाचन विभाग शिमला द्वारा चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम ने अब ज़ोर पकड़ लिया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 62-कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें दुर्गापुर स्कूल, टिक्कर स्कूल, सौंथल स्कूल के अध्यापकों, बच्चों व स्थानीय व्यापारियों तथा जनता को चुनाव प्रक्रिया से संबंधित जानकारी दी। 2024 के लोकसभा चुनाव में लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए उपस्थित जनसमूह को मतदान करके भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जागरूक किया। टीम ने आसपास रहने वाले लोगों को मतदान के दिन यानी पहली जून को अवश्य मतदान केंद्र में जाकर मतदान करने का निवेदन किया।

# कोल वैली नर्सिंग इंस्टीट्यूट में प्रशिक्षुओं ने लोगों को मतदान के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिले के कोल डैम क्षेत्र में स्थित कोल वैली नर्सिंग इंस्टीट्यूट नेहर हरनोड़ा की नर्सिंग प्रशिक्षुओं ने सुव्यव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता स्वीप के तहत ग्राम पंचायत हरनोड़ा घर में मतदाताओं विशेष जागरूकता अभियान आयोजित किया।

इससे पूर्व नर्सिंग प्रशिक्षुओं ने सीआईएसफ कैंप, आरसी कॉलोनी सेडपा तथा स्कूल परिसर से होते हुए रैली में माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। हरनोड़ा पंचायत घर पर बच्चों ने स्वीप विषय संगोष्ठी, प्रदर्शनी, पोस्टर, प्रश्नोत्तरी, लघु नाटक व गीतों के माध्यम से स्थानीय लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। कोल वैली नर्सिंग इंस्टीट्यूट के संचालक व कृषि सेवाएं विभाग से सेवानिवृत्त डिप्टी डायरेक्टर डॉ. प्रकाश चंद ठाकुर ने उपस्थित महिला मंडल, स्थानीय लोगों व छात्राओं से दो जून को अधिकाधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नर्सिंग प्रशिक्षुओं को अपने आस-पड़ोस में अधिकाधिक मतदान करवाने के लिए मतदान से पूर्व एक दिन का अवकाश देने की भी घोषणा की।



घुमारवीं। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सलोआ में विधालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से प्रेम लाल शर्मा को एसएमसी अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। आम सभा का आयोजन प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह डोगरा की अध्यक्षता में हुआ।

# फॉरेस्ट इलेवन की टीम बनी क्रिकेट चैंपियन

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ**

जिला किन्नौर के रारंग में 11 स्टार द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में फॉरेस्ट इलेवन आकपा की टीम चैंपियन बनी।

रारंग गांव के शोलिंग सातांग में आयोजित 10 दिवसीय क्रिकेट चैंपियनशिप का समापन हुआ। फाइनल मैच फॉरेस्ट इलेवन बनाम ग्रीन वैली कल्पा में हुआ। फॉरेस्ट इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ग्रीन वैली कल्पा को 10 ओवर में 99 रन का लक्ष्य दिया। मगर कल्पा की टीम उस लक्ष्य को पूरा नहीं कर सकी और मैच उनके हाथों से निकल गया। इस तरह फॉरेस्ट इलेवन की टीम ने कप पर कब्जा किया व 1 लाख 11 हजार 111 रुपए नकद इनाम और ट्रॉफी उनकी झोली में चली गई। ग्रीन वैली कल्पा दूसरे नंबर पर रहा और 35 हजार रुपए नकद इनाम के साथ ट्रॉफी दी गई।



### मनमोहन के नाम रहा मैन ऑफ दि सीरीज का खिताब

**फोरेस्ट** इलेवन के मनमोहन को मैन ऑफ दि सीरीज के लिए तीन हजार रुपए और बॉबी मेहता को मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया।

# डॉ. रमेश सिंगटा को सौंपी केंद्रीय हाटी समिति की कमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सिरमौर जिले के गिरिपार क्षेत्र के हाटी समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली केंद्रीय हाटी समिति की शिमला इकाई का पुनर्गठन हुआ है।

इस संबंध में राजधानी शिमला में विशेष बैठक हुई। इसमें हाटी समिति शिमला की कमान डॉ. रमेश सिंगटा को सौंपी गई। उन्हें सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। खजान सिंह ठाकुर महासचिव का जिम्मा दिया गया। जबकि सुरजीत सिंह ठाकुर कोषाध्यक्ष होंगे। चुनाव केंद्रीय हाटी समिति के तीन प्रमुख पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में संपन्न हुए।



बैठक के दौरान मौजूद सदस्य।

### यह बनी नई कार्यकारिणी

**अध्यक्ष** डॉ. रमेश सिंगटा, उपाध्यक्ष विनोद बिरसांटा, महासचिव खजान सिंह ठाकुर, संयुक्त सचिव आशु चौहान, कोषाध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर, सह कोषाध्यक्ष भीम सिंह चौहान, कानूनी सलाहकार श्याम सिंह चौहान और विनोद चौहान, मुख्य सलाहकार दलीप सिंह सिंगटा, मुख्य प्रवक्ता सुरेश सिंगटा, मीडिया प्रभारी अनुज शर्मा को मिली जगह।

**आक्रोश** — आम सभा में शिमला के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांटों के मजदूरों का केंद्र सरकार पर फूटा गुस्सा

# मोदी सरकार को सत्ता से हटाने का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट वर्कर यूनियन शिमला संबंधित सीटू की आम सभा किसान मजदूर भवन चिटकारा पार्क कैथू शिमला में संपन्न हुई। सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, जिला सचिव रमाकांत मिश्रा, कोषाध्यक्ष बालक राम, यूनियन अध्यक्ष पंकज शर्मा व महासचिव दलीप सिंह ने मजदूरों से मोदी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने व भाजपा को हराने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि जब से मोदी सरकार सत्ता में आई है तब से वह लगातार मजदूरों के अधिकारों, लोकतंत्र व संविधान पर हमले कर रही है। मोदी सरकार ने मजदूरों के लंबे संघर्षों और कुर्बानियों के बाद हासिल किए गए चबालिस श्रम कानूनों को समाप्त करके इन्हें मजदूर विरोधी व पूंजीपति परस्त चार लेबर कोडों में बदल दिया है। ये लेबर कोड कॉरपोरेट जगत व उद्योगपतियों को ही फायदा पहुंचाते हैं। इन्हें मजदूरों की जिंदगी को बंधुआ मजदूरी की तरफ ले जाने के लिए तैयार किया गया है। मोदी सरकार की कारगुजारियों के चलते देश में बेरोजगारी चरम पर पहुंच गई है और महंगाई आसमान छू रही है। यहां तक कि गरीब लोगों के बच्चों को सेना के जरिए सरकारी नौकरी हासिल करने के रास्ते को बंद करने के लिए अग्निवीर योजना को लाकर देश की सुरक्षा से खिलवाड़ किया जा रहा है। देश के प्राकृतिक व सार्वजनिक संसाधनों को मोदी सरकार द्वारा अपने चंद कॉरपोरेट मित्रों के हवाले किया जा रहा है। लोगों के रोजमर्रा के मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए मोदी सरकार द्वारा धार्मिक मसलों को ढाल बनाया जा रहा है। जहां एक तरफ लगातार जनता पर जीएसटी जैसे टैक्स थोपे गए हैं वहीं, पर कॉरपोरेट घरानों को लाखों करोड़ रुपए की टैक्स व कर्जा माफी दी गई है। इस से जाहिर होता है कि मोदी सरकार आम जनता की जेब पर भारी भरकम टैक्स का बोझ डालकर अपने चंद कारपोरेट दोस्तों की तिजोरिया भरने के काम में लगी हुई है।



आम सभा में भाग लेते मजदूर।

### आम सभा में ये रहे मौजूद

**आम** सभा में विजेंद्र मेहरा, रमाकांत मिश्रा, बालक राम, पंकज शर्मा, दलीप सिंह, धनेश, उजागर, केशव, केवल, मनोज, संदीप, विक्रम, कमलेश, अंकुश, राधेश्याम, अशोक, संजय सामटा, संजू, पवन, धर्म सिंह, खुशी राम, जवाहर, गिरीश, टेक चंद सहित अनेक मजदूरों ने भाग लिया।

# मनोज ठाकुर होंगे भारतीय हैंडबाल टीम के कोच

**बिलासपुर।** उज्जबेकिस्तान के ताशकंद में होने वाली चतुर्थ सेंट्रल एशियन ओपन हैंडबॉल प्रतियोगिता में बिलासपुर के मनोज ठाकुर भारतीय हैंडबाल टीम के कोच होंगे। मनोज ठाकुर इस उपलब्धि के साथ बिलासपुर के पहले कोच बने हैं, जो भारतीय टीम को हैंडबाल खेल की बारीकियों से अवगत करवाएंगे। मनोज ठाकुर को मिली इस जिम्मेदारी से खेल प्रेमियों में हर्ष की लहर है। युवा सेवाएं एवं खेल विभाग बिलासपुर में बतौर हैंडबाल कोच सेवाएं दे रहे। मनोज ठाकुर 15 से अधिक बार नेशनल टूर्नामेंटस में हिमाचल टीम के कोच और रैफरी के तौर पर सेवाएं दे चुके हैं। नम्होल में सिकरोहा पंचायत के नत्थू राम ठाकुर सेवानिवृत्त अड्डा इंचार्ज एचआरटीसी व माता राजो ठाकुर गृहिणी के घर जन्मे मनोज की प्रारंभिक शिक्षा दयानंद मॉडल स्कूल बिलासपुर में हुई।

## न्यूज ब्रीफ

### शबाना आजमी 'फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन' से सम्मानित



**लंदन ।** भारतीय सिनेमा और महिला अधिकारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए अभिनेत्री शबाना आजमी को 'फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन' के खिताब से सम्मानित किया गया। शबाना आजमी (73) वार्षिक 'यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल' (यूकेएएफएफ) में शामिल होने के लिए लंदन में थीं। सिनेमा में उनके 50 साल पूरे होने पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शबाना आजमी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए पांच राष्ट्रीय पुरस्कारों और छह फिल्मफेयर पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है।

### चीन ने लागू की विदेशी पर्यटक को वीजा मुक्त प्रवेश की नीति

**बीजिंग।** चीन ने बुधवार को देश के समुद्र तट के साथ सभी क्रूज जहाज बंदरगाहों के माध्यम से विदेशी पर्यटक समूहों के वीजा-मुक्त प्रवेश की अनुमति देने वाली नीति लागू की है। राष्ट्रीय आव्रजन प्रशासन (एनआईए) के अनुसार पर्यटक समूह जिनमें से प्रत्येक में दो या अधिक विदेशी होते हैं और चीनी ट्रैवल एजेंसियों द्वारा संगठित या प्राप्त होते हैं, शंघाई, तियानजिन, गुआंगज़ौ, सान्या और अन्य सहित 13 चीनी शहरों में क्रूज बंदरगाहों के माध्यम से क्रूज जहाजों पर चीन में वीजा मुक्त प्रवेश कर सकते हैं। एनआईए के एक बयान के अनुसार पर्यटक चीन में 15 दिनों से अधिक नहीं रह सकते हैं। चीन में रहते हुए वे तटीय प्रांतों, नगर पालिकाओं और स्वायत्त क्षेत्रों के साथ-साथ बीजिंग का भी दौरा कर सकते हैं।

### चार धाम यात्रा में 11 श्रद्धालुओं की चली गई जान



**उत्तरकाशी।** चार धाम यात्रा को 2024 में शुरू हुए फिलहाल 5 ही दिन हुए हैं, लेकिन जाने वालों का हुजूम केदारनाथ के कपाट खुलने के साथ ही लगना शुरू हो गया है। इतना ही नहीं अब तक चार धाम यात्रा के लिए गए 11 लोगों की मौत भी हो गई है। चार धाम यात्रा के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु उत्तराखंड पहुंच रहे हैं। यात्रा के शुरू होते ही चार धाम में लग रही भारी भीड़ को देखते हुए दो दिनों के लिए ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन भी बंद कर दिया गया है।

### पाकिस्तान आर्मी कैंप में रहती थी सीमा हैदर !



**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान से नेपाल के रास्ते भारत आई सीमा हैदर से जुड़ा एक ऑडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इस ऑडियो में एक पाकिस्तानी शख्स खुद को सीमा हैदर का करीबी बता रहा है। ऑडियो में शख्स को सीमा के पाकिस्तानी पति गुलाम हैदर के वकील से बातचीत करते हुए सुना जा सकता है। पाकिस्तानी शख्स का कहना है कि सीमा हैदर अपने चाचू गुलाम अकबर के पास जाती थी, जो कि पाकिस्तानी आर्मी में हैं और वह पाकिस्तान की सेना के जवानों को ट्रेनिंग देते हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे ऑडियो में सीमा हैदर का पहला पति गुलाम हैदर का भारतीय वकील मोमिन मलिक और एक पाकिस्तानी युवक आपस में बातचीत कर रहे हैं, जिसमें सीमा हैदर के पाकिस्तान में अपने चाचा के पास आर्मी कैंप में रहने की बात कही जा रही है।

### एसबीआई ने बढ़ाईं एफडी की ब्याज दरें

**मुंबई।** देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने फिक्स्ड डिपॉजिट की ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है। एसबीआई ने 46 दिन से 179 दिन तक की एफडी की ब्याज दर को 4.75 से बढ़ाकर 5.50 किया है। वहीं, 180 दिन से 210 दिन तक की एफडी पर अब 5.75 की बजाय 6.00 किया है। इसी तरह 211 दिन से एक साल से कम समय की एफडी पर अब 6.00 की जगह 6.25 ब्याज मिलेगा। बाकी अवधि की ब्याज दरों में बदलाव नहीं किया गया है। इन ब्याज दरें 15 मई से लागू हो गई हैं। ब्याज की ये दरें 2 करोड़ रुपए से कम की एफडी के लिए हैं।

### रियल मैड्रिड ने डेपोर्टिवो अलावेस को 5-0 से हराया



**मैड्रिड।** ला लीगा चैंपियन रियल मैड्रिड ने घरेलू मैदान पर डेपोर्टिवो अलावेस को 5-0 से करारी शिकस्त दी। रियल, जिसने चार मैच शेष रहते हुए खिताब पर कब्जा कर लिया था। उसने सप्ताह की शुरुआत में चैंपियंस लीग फाइनल में पहुंचने के बाद स्पेनिश राजधानी में अपने प्रशंसकों के साथ अपने 36वें लीग खिताब का जश्न मनाया। जश्न मनाने के बाद खेल शुरू हुआ। मैच के 10वें मिनट में ही जूड बेलिंगहैम ने गोल कर मैड्रिड को 1-0 की बढ़त दिला दी।

### चोटिल रबाडा आईपीएल से स्वदेश लौटे



**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा पैर में चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग से स्वदेश लौट गए हैं। देश के क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को यह जानकारी दी। रबाडा आईपीएल में पंजाब किंग्स का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने मौजूदा सत्र में 11 मैच में 11 विकेट चटकाए हैं। पंजाब की टीम पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ से बाहर हो चुकी है और अपना अंतिम लीग मैच 19 मई को खेलेगी। दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने बयान में कहा कि रबाडा ने दक्षिण अफ्रीका पहुंचने पर विशेषज्ञ से सलाह ली और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका की चिकित्सा टीम उन पर करीबी नजर रखे हुए है।

### पंत की कप्तानी में आएगा निखार : गांगुली



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली का मानना है कि ऋषभ पंत एक बेहतरीन कप्तान है और समय व अनुभव के साथ उसकी कप्तानी में निखार आएगा। दिसंबर 2022 में भयावह कार हादसे के शिकार हुए पंत ने आईपीएल के इसी सत्र से मैदान पर वापसी की है। पंत युवा कप्तान है और वह समय के साथ सीखेगा। जिस तरह चोट से वापसी के बाद उसने पूरा सत्र खेला, हमें आफ सीजन के दौरान इसका यकीन नहीं था। आईपीएल अब दस टीमों का हो गया है और भारतीय क्रिकेटर महत्वपूर्ण हैं। मुझे खुशी है कि उसने वापसी करके पूरा सत्र खेला। मेरी शुभकामनाएं उसके साथ हैं।

### भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन सकारात्मक : आमरे



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना कम होने के बावजूद सहायक कोच प्रवीण आमरे टीम के भारतीय गेंदबाजों के प्रदर्शन से काफी संतुष्ट है। दिल्ली कैपिटल्स ने मौजूदा सत्र के अपने आखिरी लीग मुकाबले में लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) को 19 रन से शिकस्त दी। टीम की यह 14 मैचों में सातवीं जीत थी, लेकिन खराब नेट रन रेट के कारण उसके प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना बेहद कम है। आमरे ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि टीम के पास जो संसाधन था उसमें उसने से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

### काउंटी चैंपियनशिप से वापसी करेंगे बेन स्टोक्स



**लंदन।** इंग्लैंड टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स इस सप्ताह काउंटी चैंपियनशिप से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करेंगे। स्टोक्स डरहम के लिए लंकाशायर के खिलाफ मैच से वापसी कर रहे हैं। स्टोक्स का आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच मार्च की शुरुआत में भारत दौरे का अंतिम मुकाबला था। आईपीएल से हटने के बाद, स्टोक्स ने बाद में खुद को अगले महीने के टी-20 विश्व कप के लिए अनुपलब्ध बना लिया, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वह टेस्ट समर में बल्ले और गेंद से पूरी भूमिका निभा सकें। नवंबर में उनके बाएं घुटने की सर्जरी हुई थी। वेस्टइंडीज के खिलाफ लॉर्ड्स में 10 जुलाई से शुरू होने वाले पहले टेस्ट से पहले लगभग दो महीने बचे हैं, स्टोक्स शुक्रवार को ब्लैकपूल में अपना अभ्यास शुरू करेंगे।

# खदान में फंसे सभी मजदूर निकाले, एक की मौत

## राजस्थानः खदान की लिफ्ट का रस्सा टूट जाने के कारण फंस गए थे 15 लोग

**एजेंसी, जयपुर**



राजस्थान में नीमकाथाना जिले के खेतड़ी नगर स्थित हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की कोलिहान खदान में फंसे सभी 15 मजदूरों को रेस्क्यू कर लिया गया है।

हालांकि बाद में एक घायल मजदूर की मौत हो गई है। मंगलवार रात हुए इस हादसे में अधिकारियों सहित 15 लोग फंस गए थे। 1785 फुट गहरी इस खादान में लिफ्ट की चेन टूट गई थी। अंदर फंसे लोगों के लिए रात में दवाइयां और फूड पैकेट भेजे गए। गत 14 मई की शाम को खेतड़ी कॉपर कार्पोरेशन (केसीसी) चीफ सहित सतर्कता टीम खदान में नीचे उतरी थी। रात करीब आठ बजे खदान से बाहर निकलते समय लिफ्ट की चेन टूट जाने से यह लोग खदान में फंस गए। लिफ्ट में कोलकाता से आई सतर्कता टीम और केसीसी के बड़े अधिकारी हैं। रेस्क्यू रैपिड टीम के प्रभारी डॉ. महेंद्र सैनी ने बताया कि सभी मजदूरों को बाहर निकाला गया है। डॉक्टरों की टीम उन तक पहुंच गई है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने हादसे की सूचना के बाद ही अधिकारियों को बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि झुंझुनूं के खेतड़ी में हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की कोलिहान खदान में लिफ्ट की रस्सी टूटने से हुए हादसे की सूचना प्राप्त हुई। संबंधित अधिकारियों को तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर राहत, बचाव कार्य तेजी से संचालित करने, प्रभावितों को हर संभव मदद व स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### मद्रास हाईकोर्ट का फैसला

## आपराधिक गतिविधियों से जुड़े लोग पासपोर्ट नहीं पा सकते

**एजेंसी, चेन्नई ( तमिलनाडु )**



मद्रास हाईकोर्ट ने कहा है कि आपराधिक मामले का सामना कर रहा व्यक्ति मामले के लंबित रहने के दौरान पासपोर्ट नहीं प्राप्त कर सकता है, अगर अनुमति दी गई तो इससे आपराधिक कार्यवाही में बाधा आएगी।

न्यायमूर्ति एसएम सुब्रमण्यम ने कहा कि भारत में आपराधिक मामले के लंबित रहने के दौरान विदेश यात्रा की अनुमति देने या पासपोर्ट जारी करने के लिए रिट याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। आपराधिक कार्यवाही का सामना कर रहे एक याचिकाकर्ता आर. थमिजहरसन ने रिट याचिका दायर कर क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय (आरपीओ), चेन्नई को उसे विदेश यात्रा की अनुमति देने के लिए पासपोर्ट जारी करने का निर्देश देने की मांग की है।

न्यायाधीश ने कहा, 'यदि अनुमति दी गई तो विदेश यात्रा के लिए पासपोर्ट सुरक्षित करने के लिए आपराधिक मामले के लंबित रहने के दौरान रिट याचिका दायर करने की प्रथा आपराधिक कार्यवाही में बाधा उत्पन्न करेगी।

## मूडीज का अनुमानः इस वित्त वर्ष भारत की अर्थव्यवस्था 6.6% की दर से बढ़ेगी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है।

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि तेज आर्थिक वृद्धि के साथ मजबूत ऋण मांग से एनबीएफसी क्षेत्र की लाभप्रदता को समर्थन मिलेगा। वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था के आठ प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। मूडीज रेटिंग्स ने कहा, "हमें उम्मीद है कि मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था 6.6 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष में 6.2 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। इससे एनबीएफसी में मजबूत ऋण वृद्धि होगी, जिससे उनकी लाभप्रदता पर बढ़ती वित्तपोषण लागत का प्रभाव कम हो जाएगा।

### दुबई बना काली कमाई को छिपाने का अड्डा

**दुबई ।** दुबई में प्रॉपर्टी को लेकर एक बड़ा खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में बताया गया है कि 17000 पाकिस्तानियों की संपत्ति यहां है। दुबई में लगभग 30000 भारतीयों की प्रॉपर्टी है। दुबई में सबसे ज्यादा प्रॉपर्टी भारतीयों की है। इसके बाद पाकिस्तानी आते हैं। पाकिस्तान के आर्थिक हालात कंगाली वाले हैं, लेकिन रइसों की कमी पाकिस्तान में नहीं है। इनके आलीशान बंगले और घर दुबई में हैं।

## पश्चिम बंगाल में गरजे अमित शाह पीओके हमारा है... हम लेकर रहेंगे

**एजेंसी, कोलकाता**



कोलकाता बीजेपी नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक बार फिर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को निशाने पर लिया है। अमित शाह ने पश्चिम बंगाल में एक जनसभा में कहा कि पीओके हमारा है।

हम उसे लेकर रहेंगे। शाह ने कहा विपक्ष को डरना है तो डरता रहे। अमित शाह ने श्रीरामपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कि ममता बनर्जी, कांग्रेस-सिंडिकेट कहती है कि धारा 370 को मत हटाओ। तब मैंने संसद में पूछा कि क्यों न हटाएं? तो उन्होंने कहा कि खून की नदियां बह जाएंगी। शाह ने कहा कि पांच हो गए खून कि नदियां छोड़ो किसी की कंकड़ चलाने की हिम्मत नहीं है। अमित शाह ने कहा कि जब देश में विपक्ष यानी गठबंधन का शासन था तो हमारे कश्मीर में हड़तालें होती थीं, आज पीओके में हड़ताल होती है।

## दो दशकों में सूर्य से निकली सबसे बड़ी सौर ज्वाला

**एजेंसी, केप कैनावेरल**



सूर्य से मंगलवार को निकली ज्वाला, उससे अबतक लगभग दो दशकों में पैदा हुई ज्वाला में सबसे बड़ी थी। कुछ दिन पहले ही पृथ्वी पर भयंकर सौर तूफान का प्रभाव पड़ा था। इसकी वजह से अज्ञात स्थानों पर चमकदार उत्तरी रोशनी पैदा हो गयी थी।

'नेशनल ओशेनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन' (एनओएए) ने एक अद्यतन जानकारी में कहा "अब तक नहीं हुआ.!' एनओएए के अनुसार, यह 11 साल के इस सौर चक्र की सबसे बड़ी चमक है, जो अपने चरम पर पहुंच रही है। अच्छी खबर यह है कि पृथ्वी इस बार आग के प्रभाव क्षेत्र से बाहर होनी चाहिए, क्योंकि सूर्य के एक हिस्से पर भड़की ज्वाला पृथ्वी से दूर जा रही है। नासा की सोलर डायनेमिक्स वेधशाला ने ज्वाला की 'एक्स-रे' चमक को कैमरे में दर्ज किया। यह साल 2005 के बाद की सबसे गहरी चमक थी। कोलोराडो के बोल्डर में एनओएए के 'स्पेस वेदर प्रेडिक्शन सेंटर' में ब्रायन ब्रैशर ने कहा कि जब वैज्ञानिक अन्य स्रोतों से आंकड़े इकट्ठा करेंगे तो यह और भी चमकदार हो सकती है।

### सचिन तेंदुलकर की सुरक्षा में तैनात जवान ने की आत्महत्या

**महाराष्ट्र।** दिग्गज क्रिकेटर भारत रत्न सचिन तेंदुलकर की सुरक्षा में तैनात राजकीय रिजर्व पुलिस बल (एसआरपीएफ) के एक जवान ने जामनेर शहर में अपने पुश्तैनी घर में आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मृतक जवान की पहचान प्रकाश कापड़े के रूप में हुई है। वह छुट्टी पर अपने पैतृक शहर गया था। कापड़े (39) ने अपनी सरकारी बंदूक से गले में गोली मार ली। उसके परिवार में उसके बुजुर्ग माता-पिता, पत्नी तथा दो नाबालिग बच्चे, एक भाई और अन्य सदस्य हैं।

## केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां का निधन

**एजेंसी, रायपुर**



आज होगा अंतिम संस्कार

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की माता माधवी राजे सिंधिया का बुधवार सुबह निधन हो गया है। वे 70 साल की थीं।

पिछले तीन महीने से बीमार होने से दिल्ली एम्स में भर्ती थीं। वीरवार को उनका अंतिम संस्कार शाम चार और पांच बजे के बीच किया जाएगा। उनके निधन पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपनी शोक संवेदना प्रकट की है। अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर शोक संदेश में उन्होंने लिखा है कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की पूज्य माता माधवी राजे सिंधिया के निधन की दुखद खबर प्राप्त हुई। मां की ममता से बढ़कर और कुछ नहीं होता। दुख की इस घड़ी में मेरी पूरी संवेदनाएं सिंधिया परिवार के साथ हैं। पीएम मोदी ने भी माधवी राजे सिंधिया के निधन पर शोक जताया है।

## सनराइजर्स की नजर प्लेऑफ में जगह बनाने पर

**एजेंसी, हैदराबाद**



प्रतिष्ठा के लिए खेलेगा गुजरात

**प्रदर्शन** में निरंतरता नहीं रख पाने के बावजूद सनराइजर्स हैदराबाद को इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए वीरवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ सिर्फ एक जीत की जरूरत है, जबकि गुजरात की टीम प्रतिष्ठा के लिए ही खेलेगी।

पैट कमिंस की टीम की नजर शीर्ष दो में जगह पक्की करने पर है। उन्हें इसके बाद एक मैच और खेलना है और उनका नेट रनरेट भी प्लस 0.406 है । सनराइजर्स के 12 मैचों में 14 अंक है और वह अधिकतम 18 अंक हासिल कर सकती है, जिससे शीर्ष दो में उसकी जगह पक्की हो जाएगी। आठ मई को लखनऊ सुपर जाइंट्स पर रिकॉर्ड जीत दर्ज करने के बाद उसके हौसले वैसे भी बुलंद हैं। गेंदबाजों ने लखनऊ को कम स्कोर पर रोका तो ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी ने 166 रन का लक्ष्य दस विकेट बाकी रहते 9-4 ओवर में ही हासिल कर लिया।

### पिछले पांच मैचों में तीन में मिली हार

**सनराइजर्स** ने इस सत्र में जहां अविश्वसनीय स्कोर बनाए हैं, तो शर्मनाक पराजय भी झेली है। गुजरात ने उसे टूर्नामेंट में सात विकेट से हराया था। पिछले पांच मैचों में से तीन में उसे पराजय झेलनी पड़ी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने उसे 35 रन से, चेन्नई सुपर किंग्स ने 78 और मुंबई इंडियंस ने सात विकेट से हराया। 2016 की चैंपियन टीम बल्लेबाजी में हेड और शर्मा पर बुरी तरह निर्भर है। उनके नाकाम रहने पर उसकी पारी लड़खड़ा जाती है, लिहाजा नीतिश रेड्डी, हेनरिच क्लासेन और अब्दुल समद को बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

## आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के मारने का बना रिकॉर्ड

**एजेंसी, नई दिल्ली**



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें संस्करण ने टी-20 क्रिकेट की गतिशीलता को बदल दिया है और एक के बाद एक कई रिकॉर्ड टूट रहे हैं। मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स के मैच के दौरान इतिहास के एकल संस्करण में सबसे अधिक छक्के लगे।

दिल्ली और लखनऊ मैच के दौरान कुल 20 छक्के लगे। अंत में कैपिटल्स ने 19 रन से जीत हासिल की। इन 20 छक्कों के साथ मौजूदा सीजन में अधिकतम छक्कों की कुल संख्या 1,125 हो गई, जो किसी भी सीजन में सबसे अधिक है। हालांकि यह संख्या अभी और बढ़ेगी, क्योंकि टूर्नामेंट में अभी भी कुछ मैच बाकी हैं। पिछले सीजन में छक्कों की कुल संख्या 1,124 थी, जबकि 2022 में 1,062 छक्के लगे थे।

## मेदवेदेव इटालियन ओपन से बाहर टॉमी पॉल ने 1-6, 4-6 से हराया

**एजेंसी, रोम**



**गत** चैंपियन दूसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव अमेरिका के टॉमी पॉल से 1-6, 4-6 से हारकर इटालियन ओपन टेनिस से बाहर हो गए। इससे पहले दस बार के चैंपियन रफेल नडाल और शीर्ष रैंकिंग वाले नोवाक जोकोविच भी हारकर बाहर हो चुके हैं।

तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने नुनो बोर्गेस को 6-2, 7-5 से हराया और अब वह टेलर फ्रिट्स से खेलेंगे। फ्रिट्ज ने ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-2, 6- 7, 6-1 से मात दी। अलेजांद्रो ताबिलो ने कारेन खाचानोव को 7-6, 7-6 से हराया। अब वह झांग झिझेन से खेलेंगे, जिन्होंने थियागो मोंटेइरो को 7-6, 6-3 से मात दी।

### उम्मीद है कि लय कायम रखेंगे : साल्ट

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के आक्रामक सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट ने उम्मीद जताई है कि लीग चरण में शानदार प्रदर्शन करने वाली उनकी टीम इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेऑफ में भी यह लय कायम रखेगी। दो बार की चैंपियन केकेआर इस समय शीर्ष पर है। साल्ट ने केकेआर के नाइट्स डगआउट पॉडकास्ट में कहा कि यह मैच दर मैच रणनीति बनाने की बात है। हम इस समय लय में है। वहीं बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने कहा कि हमारे लिए यह सत्र काफी सफल रहा है।

## सलोल का अंकित करेगा इंडिया टीम की कप्तानी

**अनंत ज्ञान, गगल**



**युवा** खेल एवं शारीरिक फिटनेस फेडरेशन की ओर से 11 व 12 मई को हरियाणा के करनाल में आयोजित राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में हिमाचल की टीम ने प्रथम स्थान हासिल कर प्रदेश का नाम चमकाया है।

वहीं, अंकित ठाकुर की सिलेक्शन इंटरनेशनल कबड्डी खेलों में हुई है। कोच सौरभ सिंह ने बताया कि देश के 10 राज्यों की टीमों ने भाग लिया और फाइनल मुकाबले में हिमाचल की टीम ने हरियाणा को पराजित किया। कोच ने बताया कि 10 से 15 जून को नेपाल में होने वाले इंटरनेशनल टूर्नामेंट में कांगड़ा जिले के सलोल का रहने वाला अंकित ठाकुर भारतीय टीम की कप्तानी करेगा।

**सफलता** एशियाई खेलों के चैंपियन ने शॉर्ट पुट में चौथे वर्ष भी खिताब किया अपने नाम

## तजिंदर पाल ने राष्ट्रीय स्पर्धा में जीता स्वर्ण

**एजेंसी, ओडिशा**



**भारतीय** एथलीट तजिंदर पाल सिंह तूर ने ओडिशा के भुवनेश्वर में चल रहे नेशनल फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2024 में अपने पुरुष शॉट पुट खिताब का बचाव किया।

दो बार के एशियाई खेलों के चैंपियन ने अपने तीसरे प्रयास में 20.38 मीटर का सीजन का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया और लगातार चौथे वर्ष पुरुषों के शॉट पुट में स्वर्ण पदक जीता। उन्हें अभी भी 21.50 मीटर के ओलंपिक शॉट पुट क्वालिफिकेशन मानक को हासिल करना बाकी है। समरदीप सिंह गिल ने 18.93 मीटर का थ्रो करके रजत पदक जीता, जबकि आर्यन त्यागी ने 18.07 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। जेसविन एल्ड्रिन, जो एक अन्य राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक हैं, पुरुषों की लंबीकूद में एक्शन में थे। उन्होंने सीजन की सर्वश्रेष्ठ छलांग 7.99 मीटर दर्ज की, लेकिन इस साल एक बार फिर 8.0 मीटर का आंकड़ा छूने से चूक गए।

जेसविन, जिन्होंने 2023 में इंडियन ओपन जंप प्रतियोगिता में 8.42 मीटर के प्रयास के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था, पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए 8.27 मीटर के क्वालीफाइंग मानक से आगे बढ़ने में भी असफल रहे। आर्या एस ने 7.83 मीटर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। पिछले साल राष्ट्रीय खेलों के चैंपियन बने मोहम्मद अनीस याहिया ने 7.81 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक हासिल किया। भाला फेंक स्पर्धा में, बिबिन एंटनी, विकास यादव और विवेक कुमार सभी ने पुरुषों की भाला फेंक क्वालीफायर में 70 मीटर का आंकड़ा पार किया और शीर्ष तीन में रहे।

### रोजी मीना पॉलराज ने भी झटका गोल्ड

**महिलाओं** की पोल वॉल्ट में रोजी मीना पॉलराज ने 4.05 मीटर की दूरी तय कर स्वर्ण पदक जीता। वह कृष्णा राचन के 4.06 मीटर के मीट रिकॉर्ड से कुछ ही पीछे रह गई, जिन्होंने 2019 में इसे हासिल किया था।

## थाईलैंड ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे सात्विक और चिराग

**एजेंसी, बैंकॉक**




**भारत** के सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी थाईलैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में मलेशिया के नूर मोहम्मद अजरिन अयूब अजरिन और तान वी कियोंग को हराकर पुरुष युगल प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई।

शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने 34 मिनट में 21-13, 21-13 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना चीन के शि हाओ नान और जेंग वेइ हान से होगा। महिला एकल में अश्मिता चालिहा ने इंडोनेशिया की एस्टर नुरूमी त्रि वार्दोयो को 19-21, 21-15, 21-14 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की हान युइ से होगा। युइ ने भारत की मालविका बंसोड़ को 21-11, 21-10 से हराया।